दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 6 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, मंगलवार, 24 फरवरी 2026 | शुक्ल पक्ष-सप्तमी, | विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 306 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

विधानसभा का बजट सत्र : कवासी लखमा ने भाजपा नेताओं को गले लगाया, अजय चंद्राकर ने सदन में थपथपाई पीठ

नए भवन में राज्यपाल का अभिभाषण, आज पेश होगा बजट

ओपी चौधरी ने पेश किया आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट, कार्यवाही कल तक स्थगित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र की शुरुआत हो चुकी है। पहले दिन सदन में राज्यपाल का अभिभाषण हुआ, जिसमें उन्होंने अपनी सरकार के विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी। नए भवन में नई परंपरा के साथ राष्ट्रगीत वंदेमारत के सभी पदों का गायन हुआ। दसके बाद राज्यपाल का अभिभाषण शुरू हुआ। अपने अभिभाषण की शुरुआत में राज्यपाल रमेन डेका ने राज्य स्थापना दिवस की यात्रा को याद करते हुए प्रदेशवासियों को रजत जयंती वर्ष की बधाई दी।

उन्होंने कहा कि 25 वर्षों की उपलब्धियां प्रदेश को नई ऊंचाइयों की ओर ले जा रही हैं। उनके मुताबिक रायपुर में सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनेगा और पिछले दो सालों में 532 नक्सली न्यूट्रलाइज्ड किए जा चुके हैं। बजट सत्र में शामिल हुए कवासी लखमा सदन में पहुंचते ही सत्तापक्ष और विपक्ष के सभी विधायकों से मिले। लंबे समय तक जेल में रहने के बाद सदन पहुंचे पूर्व मंत्री कवासी लखमा ने भाजपा नेताओं से गले मिलकर मुलाकात की। उन्होंने अजय चंद्राकर, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

राज्यपाल ने की नए भवन की सराहना

राज्यपाल ने नए विधानसभा भवन को आधुनिकता, गरिमा और लोकतांत्रिक परंपराओं का प्रतीक बताते हुए इसकी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि, यह भवन आने वाले दशकों में छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा का साक्षी बनेगा।

विकसित छत्तीसगढ़ की ओर सफर शुरू

अभिभाषण में राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ ने विकसित राज्य बनने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा, 'हम 2047 तक विकसित राज्य का सपना पूरा करेंगे।' इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि राज्य में विकास की असीम संभावनाएँ हैं।

समावेशी विकास पर सरकार का फोकस

राज्यपाल ने कहा कि सरकार का ध्यान ऐसा छत्तीसगढ़ बनाने पर है जहाँ विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। सामाजिक, आर्थिक और ग्रामीण क्षेत्रों में संतुलित विकास को प्राथमिकता दी जा रही है ताकि प्रदेश हर क्षेत्र में मजबूत बन सके।

कृषि और किसानों के लिए बड़े कदम

राज्यपाल ने बताया कि सरकार ने 25 लाख से अधिक किसानों से धान खरीदी की है और उन्हें 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया है। इसके साथ ही कृषक उन्नति योजना के तहत होली से पूर्व 10 हजार करोड़ रुपये किसानों के खातों में दिए जाएंगे। किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराने की दिशा में 2 वर्षों में 21 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज वितरित किए गए हैं। राज्य में जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि किसानों की आय के साथ मिट्टी की गुणवत्ता भी मजबूत हो।

सिंचाई परियोजनाएं विकसित छत्तीसगढ़ की रीढ़

राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के कृषि विकास का आधार सिंचाई परियोजनाएँ हैं। उन्होंने बताया कि 'राज्य में 30 लाख 76 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हो रही है।' इससे कृषि उत्पादन में वृद्धि हो रही है और किसान अधिक आत्मनिर्भर बन रहे हैं।

वित्त मंत्री चौधरी ने पेश किया आर्थिक सर्वेक्षण

वित्तमंत्री ओ. पी. चौधरी ने आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश की। बजट, वित्तीय वर्ष 2026-27 का, कल यानी 24 फरवरी को पेश किया जाएगा। इसके साथ ही सदन की कार्यवाही कल सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

सर्वेक्षण में राज्य की वृद्धि को तीन प्रमुख क्षेत्रों में बांटा गया है

- कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र (कृषि, पशुपालन, वानिकी, मत्स्य): 7.49% वृद्धि
- उद्योग क्षेत्र (खनन, निर्माण, विनिर्माण, बिजली, गैस, जल आपूर्ति): 7.21% वृद्धि
- सेवा क्षेत्र: 9.11% वृद्धि
- चालू कीमतों पर प्रति व्यक्ति आय इस वित्तीय वर्ष में 1,79,244 रुपये तक पहुंचने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष 1,62,848 रुपये थी।

इसका मतलब है कि प्रति व्यक्ति आय में 10.07 प्रतिशत बढ़ोतरी होगी।

जिलों में नालंदा लाइब्रेरी, रिंग रोड बनेगी

सत्र से पहले स्पीकर रमन सिंह की अध्यक्षता में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक विधानसभा के समिति कक्ष में हुई। बैठक में सीएम साय, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत डिप्टी सीएम अरुण साव समेत मंत्री और समिति के सदस्य मौजूद रहे। इस बार का बजट गुड गवर्नेंस, इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी और उद्योग पर केंद्रित रहेगा, साथ ही युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए खास योजनाएं लाई जाएंगी। जिलों में नालंदा लाइब्रेरी, शहरों में स्टेडियम और रिंग रोड बनाए जाएंगे।

प्रति व्यक्ति आय 1,79,244 रुपए पहुंचने का अनुमान

वित्त मंत्री ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया है। आर्थिक सर्वेक्षण से पता चलता है कि राज्य की अर्थव्यवस्था 8 प्रतिशत से अधिक की रफ्तार से बढ़ सकती है। स्थिर कीमतों (आधार वर्ष 2011-12) पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद में 8.11 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है। वहीं, प्रति व्यक्ति आय 1,79,244 रुपये तक पहुंचने की संभावना है। आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट सोमवार को विधानसभा में योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के मंत्री ओ. पी. चौधरी ने पेश की। रिपोर्ट के अनुसार, 2025-26 में राज्य की GSDP स्थिर कीमतों पर बढ़कर 3,58,293 करोड़ रुपये और चालू कीमतों पर 6,31,291 करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है। चालू कीमतों पर वृद्धि दर 11.57 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

आर्थिक सर्वेक्षण राज्य के मजबूत और संतुलित अर्थव्यवस्था का प्रमाण : साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 को राज्य की मजबूत और संतुलित अर्थव्यवस्था का प्रमाण बताया है। समृद्ध किसान, मजबूत उद्योग और विस्तृत सेवा क्षेत्र को विकसित छत्तीसगढ़ की मजबूत नींव करार दिया है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आर्थिक सर्वेक्षण को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर किए एक के बाद एक छह पोस्ट में कहा कि वर्ष 2025-26 में प्रदेश का जीएसडीपी प्रचलित भावों पर बढ़कर 6,31,291 करोड़ अनुमानित है, जिसकी वृद्धि दर 11.57% है, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र में 12.53%, उद्योग में 10.26% और सेवा क्षेत्र में 13.15% वृद्धि का अनुमान यह दर्शाता है कि छत्तीसगढ़ आज किसानों की समृद्धि और औद्योगिक मजबूती के साथ तेज़ी से आगे बढ़ रहा है।

हमारे लिए गर्व का विषय है कि आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र में 12.53% वृद्धि अनुमानित है। कृषि क्षेत्र में मजबूत विकास दर दर्ज हुई है, जो किसानों की मेहनत और हमारी किसान-हितैषी नीतियों का परिणाम है. समृद्ध किसान ही विकसित छत्तीसगढ़ की नींव है. छत्तीसगढ़ आज देश की औद्योगिक ताकत के रूप में तेजी से उभर रहा है। आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार उद्योग क्षेत्र में 10.26% वृद्धि अनुमानित है और राज्य की अर्थव्यवस्था में उद्योग का योगदान लगभग 49% है – जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है. निवेश, रोजगार और अधोसंरचना विकास के नए अवसर लगातार बढ़ रहे हैं. सेवा क्षेत्र छत्तीसगढ़ की नई अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार बन रहा है. आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार सेवा क्षेत्र में 13.15% वृद्धि अनुमानित है. शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और डिजिटल सेवाओं में विस्तार से नए अवसर पैदा हो रहे हैं.

छत्तीसगढ़ आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 दर्शाता है कि प्रदेशवासियों की आय लगातार बढ़ रही है. वर्ष 2025-26 में प्रति व्यक्ति आय बढ़कर लगभग 1.79 लाख अनुमानित है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 10.07 प्रतिशत वृद्धि दर्शाता है. यह हमारी विकासोन्मुख नीतियों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

आज बेबाक

डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ बम की अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने हवा निकालकर हड़कंप मचा दिया है। फिर भी डोनाल्ड ट्रंप बाज नहीं आ रहे हैं। कहते हैं न कि चोर चोरी से जा सकता है लेकिन हेराफेरी से बाज नहीं आ सकता। अब ट्रंप टैरिफ को बतौर हथियार इस्तेमाल करने का नया रास्ता ढूंढ रहे हैं। वैसे भी वे खुद को सर्व शक्तिमान समझने का मुगालता पाले बैठे हैं। उनके सामने सुप्रीम कोर्ट आखिर किस खेत की मूली है? ऐसा लगता है कि शांति का नोबेल पुरस्कार न मिलने से क्षुब्ध ट्रंप दुनिया का सबसे बड़ा डान बनकर ही दम लेंगे।

नेपाल-बस हाईवे से नदी में गिरी, 18 की मौत, 25 घायल

काठमांडू/एजेंसी। नेपाल के धादिंग जिले में सोमवार देर रात एक बस हाईवे से नदी में गिर गई। नेपाली मीडिया के मुताबिक हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 घायल हैं। मृतकों में एक पुरुष और एक महिला विदेशी नागरिक शामिल हैं। हालांकि, यह किस देश से थे और इनके नाम अभी सामने नहीं आए हैं। आर्म्ड पुलिस फोर्स के मुताबिक, अब तक 17 शव बरामद किए जा चुके हैं। बाद में एक अन्य यात्री की मौत की पुष्टि हुई, जिससे मृतकों का आंकड़ा 18 हो गया। हादसे में घायल लोगों को रेस्क्यू कर अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। अब तक मृतकों और घायलों की पहचान नहीं हो सकी है।

मेक्सिको में सेना ने सबसे बड़े ड्रग माफिया को मारा

मेक्सिको सिटी/एजेंसी। मेक्सिको में सेना ने रविवार को एक ऑपरेशन चलाकर देश के सबसे बड़े ड्रग माफिया सरगना एल मेंचो को मार गिराया। इसके बाद देशभर में आगजनी और हिंसा शुरू हो गई है। मेंचो के समर्थकों ने बदला लेने के लिए हाईवे को जाम कर दिया है और गाड़ियों में तोड़फोड़ कर रहे हैं। तलपला शहर में सेना के ऑपरेशन के दौरान वह घायल हो गया था। उसे एयरलिफ्ट कर मेक्सिको सिटी ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। इस ऑपरेशन में मेंचो के अलावा कम से कम और 9 अपराधी भी मारे गए हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक एल मेंचो, जलिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल का लीडर था। जलिस्को कार्टेल ■ शेष पृष्ठ 8 पर

वनरक्षक की नौकरी दिलाने का झांसा देकर 2 लाख रुपए ठगे

सरगुजा/नवप्रदेश। वनमंत्री का मीडिया प्रभारी बनकर रायपुर के युवक ने सरगुजा के युवक की वन रक्षक की नौकरी लगाने का झांसा देकर 2 लाख रुपए की ठगी की गई है। नौकरी नहीं लगने पर पैसे वापस मांगी तो ठगी करने वाले ने टाल मटोल करना शुरू कर दिया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, अंबिकापुर के कैलाश गुप्ता निवासी बौरीपारा की पहचान करीब 4 साल पहले रायपुर के पारसनगर निवासी यासिर भाटी से पहचान हुई थी। यासिर ने खुद को वनमंत्री का मीडिया प्रभारी बताया और कहा कि ■ शेष पृष्ठ 8 पर

'जो भी साधन मिले, तुरंत देश छोड़ो', ईरान-अमेरिका के बीच छिड़ने वाली है जंग? भारत ने जारी की एडवाइजरी

■ अमेरिका के साथ जारी तनाव के बीच ईरान में भारतीय दूतावास ने भारतीयों के लिए जारी की एडवाइजरी

दिल्ली/एजेंसी। ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए भारत सरकार ने अपने नागरिकों के लिए सख्त चेतावनी जारी की है। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने सोमवार 23 फरवरी को एक नई एडवायजरी जारी करते हुए ईरान में मौजूद सभी भारतीयों को तुरंत देश छोड़ने की सलाह दी है। दूतावास ने कहा है कि जो भी साधन उपलब्ध हो, उसका उपयोग कर भारतीय नागरिक जल्द से जल्द ईरान से बाहर निकल जाएं।

ईरान के भीतर भी आंतरिक अशांति

बाहरी सैन्य खतरे के साथ-साथ ईरान अपने देश के भीतर भी गंभीर नागरिक अशांति का सामना कर रहा है। तेहरान और अन्य प्रमुख शहरों के विश्वविद्यालयों में छात्र सरकार विरोधी नारेबाजी कर रहे हैं। पिछले महीने हुए बड़े विरोध प्रदर्शनों पर सरकार की घातक कार्रवाई के बाद लोगों में गुस्सा और बढ़ गया है। कई जगहों पर प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़पें हो रही हैं। इसी दोहरे संकट को देखते हुए भारत सरकार ने अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर (+989128109115, +989128109109) भी जारी किए हैं।

गरमा-गरम

प्रदूषण : सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली से 300 किमी के दायरे में नए प्लांट खोलने पर केंद्र से मांगा जवाब

दिल्ली-एनसीआर में कोयले आधारित कारखानों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

नई दिल्ली/एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण पर सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार से पूछा कि क्या कोयले से चलने वाले उद्योगों को एनसीआर से बाहर शिफ्ट किया जा सकता है।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की बेंच ने दिल्ली से 300 किलोमीटर के अंदर नए कोयला आधारित पावर प्लांट खोलने पर रोक लगाने के प्रस्ताव पर सरकार से जवाब भी मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि निर्माण और तोड़-फोड़ (डिमोलिशन) के काम से उड़ने वाली धूल को कैसे रोका जाए, इस पर भी सभी पक्ष अपनी राय दें। इसके लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने कुछ उपाय सुझाए हैं। बेंच ने सभी पक्षों को 12 मार्च से पहले अपनी-अपनी रिपोर्ट और प्रस्ताव सुप्रीम कोर्ट में जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। कोर्ट ने कहा कि CAQM के सुझावों के आधार पर 12 मार्च को गाड़ियों से होने वाले एयर ■ शेष पृष्ठ 8 पर



कोर्ट के अन्य आदेश

- कोर्ट ने कहा कि इन नोटिसों को ही आधिकारिक सूचना माना जाएगा। राज्यों को मिले सुझावों के आधार पर आगे का एक्शन प्लान भी कोर्ट में जमा करना होगा।
- कोर्ट ने पर्यावरण, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस और ऊर्जा मंत्रालय से कहा कि वे मिलकर एक ऐसा प्रस्ताव तैयार करें, जिसमें एनसीआर के कोयला आधारित उद्योगों को धीरे-धीरे बंद करने की योजना हो।
- इस योजना में यह भी बताया जाए कि कौन-कौन से उद्योग प्रभावित होंगे, उन्हें कौन सा वैकल्पिक ईंधन दिया जा सकता है, और यह बदलाव किस तरह से और कितने समय में होगा।
- कोर्ट ने दिल्ली सरकार से भी कहा कि वह CAQM की लंबे समय वाली सिफारिशों को लागू करने के लिए अपनी डिटेल योजना पेश करे।

दिल्ली विधानसभा-सचिवालय को बम ब्लास्ट की धमकी, सर्चिंग तेज

■ खालिस्तानी ग्रुप ने ईमेल में लिखा- दिल्ली बनेगा खालिस्तान, आर्मी-एयरफोर्स स्कूल को थ्रेट मिली

नई दिल्ली/एजेंसी। दिल्ली विधानसभा भवन, दिल्ली सचिवालय और लाल किले को बम ब्लास्ट में उड़ाने की धमकी दी गई है। सोमवार को खालिस्तानी ग्रुप का धमकी वाला ईमेल भेजा गया।

जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हुईं, विधानसभा भवन की सर्चिंग की गई। बम स्क्वाड और डॉग स्क्वॉड सर्च में जुटीं लेकिन कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। वहीं, लाल किला की भी सुरक्षा बढ़ाई गई है। इससे पहले दिल्ली स्थित धौला कुआं के आर्मी पब्लिक स्कूल और लोधी रोड के एयरफोर्स बाल भारती स्कूल को ईमेल के जरिए धमकी दी गई थी। जानकारी मिलने पर दिल्ली पुलिस, बम स्क्वाड, डॉग स्क्वॉड और दिल्ली फायर सर्विस की टीमें स्कूल पहुंची थी। पूरा कैंपस खाली कराया ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सुकमा में संवेदना का संकल्प: 401 दिव्यांगों को मिला सहारा, आत्मनिर्भरता की नई राह

नवप्रदेश / सुकमा / दूरस्थ वनांचल में आयोजित एक विशेष पहल ने 401 दिव्यांगजनों के जीवन में नई ऊर्जा भर दी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप शबरी ऑडिटोरियम में तीन दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जरूरतमंदों को आधुनिक सहायक उपकरण प्रदान कर मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में ठोस कदम उठाया गया।

सहायतार्थ से स्वावलंबन की ओर-शिविर केवल उपकरण वितरण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि दिव्यांगजनों के प्रमाणीकरण और पुनर्वास की दिशा में भी पहल की गई। प्रशासन का उद्देश्य स्पष्ट है—दूरस्थ अंचलों में रहने वाले दिव्यांग अब केवल सहायता पाने वाले नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर नागरिक के रूप में पहचान बनाएंगे।

विशेषज्ञों की टीम ने बदली तस्वीर

जिला प्रशासन और समाज कल्याण विभाग के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस शिविर में भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, जयपुर की विशेषज्ञ टीम ने अपनी तकनीकी दक्षता से दिव्यांग हितग्राहियों को 'जयपुर फुट' सहित विभिन्न कृत्रिम उपकरण उपलब्ध कराए। वर्षों से बैसाखियों के सहारे जीवन बिता रहे लोगों को जब आधुनिक कृत्रिम पैर और हाथ लगाए गए तो परिसर में भावनात्मक दृश्य देखने को

प्रशासन की सक्रिय भूमिका

कलेक्टर अमित कुमार ने शिविर स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और लाभार्थियों से सीधा संवाद कर उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली। जिला पंचायत सीईओ मुकुंद ठाकुर के मार्गदर्शन में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पात्र व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें तत्काल लाभान्वित किया जाए।

तीन दिन में 401 हितग्राही लाभान्वित

20 से 22 फरवरी तक चले इस विशेष शिविर में सुकमा, कोंटा और छिंदगढ़ विकासखंड के कुल 401 दिव्यांगजनों को चिन्हित कर सहायता सामग्री वितरित की गई। ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, कृत्रिम हाथ-पैर, श्रवण यंत्र, छड़ी, स्टिक और बैसाखी मौके पर ही तैयार कर प्रदान की गईं। जिन हितग्राहियों को आर्टिफिशियल कैलिपर्स की आवश्यकता है, उनका माप लेकर शीघ्र वितरण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।

मिले।इसके साथ ही 213 दिव्यांगजनों के प्रमाण-पत्र के लिए आवेदन भी प्राप्त किए गए, ताकि वे भविष्य में शासन की अन्य योजनाओं का लाभ भी ले सकें।

न्यूज गैलरी

उपार्जन केंद्रों से 80 प्रतिशत धान का उठाव पूर्ण

बलौदाबाजार/ नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में खरीफ विपणन वर्ष 2025- 26 अंतर्गत समर्थन मूल्य में ख़रीदे गए धान का तेजी से उठाव किया जा रहा है।उपार्जन केंद्रों से अब तक 80.72 प्रतिशत धान का उठाव मिलरों के द्वारा किया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष जिले में 166 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर 791510 मिट्रिक टन धान खरीदी की गई है। उपार्जन केन्द्र से 460477 मेट्रिक टन धान मिलरों को प्रदाय किया गया है।

40 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान स्वीकृत

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग से प्राप्त दिशा-निर्देश के तहत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री जितेन्द्र यादव ने आरबीसी 6-4 अंतर्गत जिले के 10 पीड़ित परिजनों को कुल 40 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत प्रदान की गई है।

अनुपम बने भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक

भाटापारा/ नवप्रदेश। प्रदेश भाजपा द्वारा आर्थिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की सूची जारी की है जिसमें बलौदाबाजार जिले के आर्थिक प्रकोष्ठ संयोजक पद पर अनुपम अग्रवाल को पदस्थ किया गया है।जिससे क्षेत्र में भाजपा समर्थित लोगो में हर्ष व्याप्त है।

इस नियुक्ति पर अनुपम अग्रवाल ने प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, मंत्री टंकराम वर्मा पूर्व विधायक सनम जांगड़े, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, महामंत्री कृष्णा अवस्थी को नियुक्ति के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि वर्तमान में मोदी सरकार ने खर्च की जगह निवेश का बजट प्रस्तुत किया है जो 2047 भारत की आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने के अमृतकाल में विकसित भारत और सबसे बड़े अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाया है

सीईओ ने की बिहान योजना की समीक्षा

गरियाबंद। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रखर चंद्राकर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बिहान के जिला कार्यक्रम प्रबंधक, विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक, क्षेत्रीय समन्वयक, पीआरपी, एफपीओ-एफपीसी के सीईओ, आईएफसी एंकर, प्रदान व साधन संस्था के प्रतिनिधि आदि उपस्थित हुए। जिसमें विभिन्न एजेण्डों पर चर्चा किया गया। समाजिक समावेशन, वित्तीय समावेशन, आजीविका गतिविधियों व एफपीओ-एफपीसी के प्रगति पर चर्चा किया गया।

जनता के बीच विश्वास,संवाद और जवाबदेही का का प्रयास

सुशासन की नई दस्तक: 'मिशन कनेक्ट' से गांव-गांव तक जिला प्रशासन की पहुंच

सुकमा / नवप्रदेश। विष्णुदेव साय की अंत्योदय आधारित सुशासन परिकल्पना को जमीनी हकीकत में बदलने की दिशा में सुकमा जिला प्रशासन ने 'मिशन कनेक्ट' के रूप में एक सशक्त और परिणाममुखी पहल की शुरुआत की है। यह अभियान अब केवल एक औपचारिक निरीक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि शासन और जनता के बीच विश्वास,संवाद और जवाबदेही का सशक्त सेतु बनाने का प्रयास है।

विकास की कसौटी पर परखे जाएंगे जिम्मेदार

मैदानी दौरे के उपरांत तुंगल बांध परिसर में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित कर प्रत्येक पंचायत से प्राप्त प्रतिवेदनों का विश्लेषण किया गया। विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने अपनी-अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर आगामी कार्ययोजना तय की। इस पहल की विशेषता यह है कि यह अभियान एक बार की कवायद नहीं रहेगा, बल्कि प्रत्येक तीन माह में नियमित रूप से दोहराया जाएगा। इससे शासन की योजनाओं और कार्यों की दक्षता, पारदर्शिता और प्रभावशीलता का सतत मूल्यांकन संभव हो सकेगा।

सुकमा विकासखंड की 33 ग्राम पंचायतों से हुई शुरूआत

इस अभियान की शुरुवात हाल ही में सुकमा विकासखंड की 33 ग्राम पंचायतों में एक साथ विशेष अभियान चलाकर प्रशासनिक सक्रियता का परिचय दिया गया। कलेक्टर अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ मुकुंद ठाकुर व डीएफओ अक्षय भोसले के नेतृत्व में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने गांवों में पहुंचकर योजनाओं की वास्तविक स्थिति का सूक्ष्मता से परीक्षण किया। अभियान के शुरुवाती दिनों से ही लगातार प्रशासनिक अमला गांवों में सक्रिय रहा और तय समयसीमा में निरीक्षण की कार्यवाही पूर्ण की गई।

चौपाल से संस्थानों तक सघन पड़ताल

अभियान के दौरान स्कूलों,आंगनबाड़ी केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों का गहन निरीक्षण किया गया। मध्यान्ह भोजन और पूरक पोषण आहार की गुणवत्ता की मौके पर जांच की गई, वहीं स्वास्थ्य केंद्रों में दवाइयों की उपलब्धता, रजिस्टर संधारण एवं स्वच्छता व्यवस्था को परखा गया। पंचायत स्तर पर संचालित निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति और पारदर्शिता की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों से सीधे संवाद स्थापित कर समस्याएं सुनीं और आवश्यक निर्देश तत्काल जारी किए।

जन-जन तक पहुंच प्रशासन का लक्ष्य

प्रत्येक ग्राम पंचायत के हर गांव तक प्रत्यक्ष पहुंच सुनिश्चित कर हर जन तक विकास की बुनियादी सुविधा व शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को स्थानीयों को मुहैया करना प्राथमिकता है। ताकि धरातल की वास्तविक स्थिति को समझते हुए विकास कार्यों को गति दी जा सके। हर ब्लॉक में विस्तार, हर गांव तक दस्तक 'मिशन कनेक्ट' को अब जिला में 160 ग्राम पंचायतों के 398 गांव तक सभी विकासखंडों के जैसे कोंटा 67 ग्राम पंचायत, सुकमा 33 ग्राम पंचायत और छिंदगढ़ के 60 ग्राम पंचायतों में प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा।

ग्रामीणों का बढ़ता विश्वास

अभियान के दौरान ग्रामीणों से सकारात्मक फीडबैक सामने आ रहा है। ग्रामीण प्रशासन के समक्ष खुलकर अपनी समस्याएं और सुझाव रख पा रहे हैं। गांवों में अधिकारियों की प्रत्यक्ष मौजूदगी ने संवाद की दूरी को कम किया है और सहभागिता की भावना को सुदृढ़ किया है।

डिप्टी सीएम अरुण साव के हाथों समाजसेवी मोटवानी हुए सम्मानित

काँकेर / नवप्रदेश। विगत दिन न्यूज़ चैनल के कार्यक्रम विज़नरीज़ बस्तर के तहत एक समाजसेवी के रूप में अजय पप्पू मोटवानी का सम्मान मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा किया गया । कार्यक्रम स्थल एक निजी होटल में रखा गया था।अजय पप्पू मोटवानी जी को दो दशकों से चल रही उनकी विभिन्न समाज सेवाओं का सम्मान करते हुए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर बस्तर के विभूतियों का किया गया सम्मानित

नवप्रदेश/ सुकमा । बस्तर संभाग के उत्तर बस्तर कांकेर जिले के तिजू राम बघेल शोध कर्ता व साहित्यकार एवं अ. भा. साहित्यकार संघ प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा छ-ग तथा सुरेवाही परगना साहित्य प्रभारी , रणजीत सिंह धनेलिया सेवानिवृत्त शिक्षक,लोक गायक व समाज सेवक, राज्यपाल पुरुस्कृत डॉ. कृष्ण पाल राना शिक्षक, शोध कर्ता व साहित्यकार एवं अ. भा. आदिवासी हल्बा समाज 18 गढ़ महासभा बड़ेडोंगर महासचिव, डमरू राम धनेलिया शिक्षक तथा समाज सेवक को 21 फरवरी - 2026 को नेपाल की राजधानी काठमांडू में ÷मातृभाषा रत्न÷ मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।यह गारिमामयी सम्मान नेपाल की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल द्वारा प्रदान किया सामारोह का मुख्य उद्देश्य नेपाल- भारत मैत्री विकास देवनागरी लिपि के संरक्षण एवं संवर्धन, हिंदी - नेपाली जैसी मैत्री भाषाओं के वैश्विक प्रचार- प्रसार के साथ-साथ देश-विदेश के कवि लेखक, साहित्यकार एवं शिक्षकों को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहित करना रहा । भाषा , शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सभी को सम्मानित किया गया।2482 सहभागियों में से 583 महिला तथा 417 पुरुष प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।17 वर्ष के बाल कवि से लेकर 86 वर्षीय वयोवृद्ध रचनाकार की सहभागिता रही थी।

मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना : कोंडागांव जिले के 96 गांव बस सुविधा से जुड़े

■ अब दूरस्थ अंचलों के ग्रामीणों को मिलेगी नियमित बस सेवा

कोंडागांव / नवप्रदेश। ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के अंतर्गत जिले में सोमवार को जिला कार्यालय परिसर से नगरपालिका के अध्यक्ष श्री नरपति पटेल और कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने तीन बसों को हरी झंडी दिखाया। इस तरह से वर्तमान में अब जिले में मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के तहत सात बसों का संचालन किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत आमजन, किसान, मजदूर, छोटे व्यवसायी तथा छात्र-छात्राओं को जनपद एवं जिला मुख्यालय तक सुगम, नियमित एवं सुलभ परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है। पूर्व में जिले में क ो ं डा गा ं व दृ म र्दा पा ल, ब ही गा ं व दृ वि श्रा म पु री, कोंडागांवदृकमेला एवं छत्तोड़ीदृकोंडागांव मार्ग पर बस सेवा प्रारंभ की जा चुकी है। अब 23 फरवरी से तीन नवीन मार्ग क ो न गु ड़ दृ फ र स गा ं व, भैंसाबेड़ादृकेशकाल तथा कनपुरदृकोंडागांव पर भी संचालन प्रारंभ किया गया । इस प्रकार कुल सात बसों के माध्यम से जिले के 96 गांवों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में ग्रामीण अधोसंरचना और जनसुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उनका स्पष्ट विजन है कि दूरस्थ अंचलों में रहने वाले नागरिकों को भी शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और प्रशासनिक सेवाओं तक समान रूप से पहुंच मिले। मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना इसी सोच का परिणाम है, जो ग्रामीण जीवन को सुगम बनाने और विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर श्री जितेन्द्र सुराना एवं विभागीय अधिकारियों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

नगरी में संपन्न हुआ युवा संगम समारोह

नगरी / नवप्रदेश। वर्त्तमान समय में युवाओं में व्यक्तित्व विकास, समय प्रबंधन एवं लक्ष्य निर्धारण, हिंदुत्व की समग्र एवं सांस्कृतिक दृष्टि, राष्ट्र भाव जागरण एवं राष्ट्रीय चरित्र निर्माण पर विमर्श, राष्ट्र के लिए कार्य करने की प्रेरणा, आदर्श व्यक्तित्व के उदाहरण तथा अनुभवी कार्यकर्ताओं से मार्गदर्शन विषय को लेकर यह युवा संगम का आयोजन किया गया।खंड संपर्क प्रमुख महेन्द्र नेताम ने बताया कि - संघ शताब्दी वर्ष में सात कार्य नियत किये गये हैं इनमें से एक कार्य 'युवा संगम' है। युवाओं को 'युवा संगम' में सामूहिकता में कार्य करने की कला विकसित करने हेतु समूह गत गतिविधियाँ व प्रायोगिक सत्र रखा गया। विभिन्न प्रकार के खेल, बौद्धिक एवं शारीरिक प्रतियोगिताएं हुई। चर्चा परिचर्चा, प्रश्नोत्तर एवं मुक्त संवाद के माध्यम से गहन विचार मंथन हुआ। संगम में नगरी खंड से लगभग 60 युवाओं ने उपस्थिति दी, जिसमें 50 युवक व 15 युवतियों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

अप्रैल माह में होने वाले 18 गढ़ महासभा की तैयारियों को लेकर हल्बा समाज की हुई बैठक

अंतागढ़ / नवप्रदेश। आदिवासी हल्बा समाज द्वारा अंतागढ़ के हल्बा समाज भवन मे 18 गढ़ महासभा मुख्यालय बड़ेडोगर के तत्वधान में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया तथा कार्यकारणी गठित कि गई सबसे पहले मा दंतेश्वरी कि पूजा अर्चना कर बैठक कि शुरुवात कि गई बैठक कि अध्यक्षता महासभा के अध्यक्ष लतेल राम नाईक ने की।

बैठक की शुरुआत समाज की एकता एवं संगठन की मजबूती के संकल्प के साथ की गई। इसके पश्चात समाज के शैक्षणिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। विशेष रूप से समाज के युवाओं को संगठन से जोड़ने, शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति लाने, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन तथा समाज में आपसी समन्वय और भाईचारे को मजबूत करने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही आगामी अप्रैल माह में प्रस्तावित 18 गढ़ महासभा के भव्य आयोजन को लेकर विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। आयोजन स्थल, तिथि निर्धारण, व्यवस्थाओं, अतिथि आमंत्रण, प्रचार-प्रसार एवं विभिन्न समितियों के गठन पर गंभीरतापूर्वक विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अलग-अलग पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं तथा सभी ने सामूहिक रूप से इसे ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। बैठक में सभी पदाधिकारियों ने समाज के हित में निरंतर कार्य करने, संगठन को सशक्त बनाने तथा आगामी महासभा को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। यह बैठक समाज की एकजुटता एवं सक्रियता का प्रतीक रही। बैठक में उपस्थित पदाधिकारी। के अंतर्गत आने वाले सभी संभागों के अध्यक्ष एवं सचिव, विभिन्न गढ़ों के अध्यक्ष सचिव, युवा प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर महासचिव डा. कृष्ण पाल राणा, कोषाध्यक्ष इंद्रप्रसाद बघेल, संरक्षक बलराम गौर, पूर्व महासचिव हिरालाल मांझी, एल. एन. नाग, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष रूपेंद्र माझी, लोकनाथ बाकड़ा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष वेदवती पात्र, सचिव संध्या पवार, हेमलता सहित सभी संभाग एवं गढ़ों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जिले में धान उठाव ने पकड़ी रफ्तार, 25 उपार्जन केंद्रों में हुई है धान की खरीदी

अब तक 4.82 लाख क्विंटल धान का हुआ सफल परिवहन

एमसीबी/ नवप्रदेश। जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के पश्चात अब उठाव कार्य ने उल्लेखनीय गति पकड़ ली है। प्रशासन की सक्रिय कार्यशैली, सतत मॉनिटरिंग, मिलर्स एवं परिवहन एजेंसियों के साथ सुदृढ़ समन्वय तथा चरणबद्ध रणनीति के परिणामस्वरूप 25 उपार्जन केंद्रों में खरीदे गए धान का सुव्यवस्थित परिवहन लगातार जारी है। अब तक जिले में कुल 8 लाख 79 हजार 848.6 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, जिनमें से 4 लाख 82 हजार 860 क्विंटल धान का सफलतापूर्वक उठाव कर लिया गया है। यह उपलब्धि न केवल प्रशासनिक दक्षता को दर्शाती है, बल्कि यह भी प्रमाणित करती है कि जिले में धान प्रबंधन की व्यवस्था पूरी तरह संगठित और परिणामोन्मुखी है।

धान उठाव में आई तेजी से उपार्जन केंद्रों एवं सोसायटी परिसरों में भंडारण का दबाव लगातार कम हो रहा है। इससे केंद्रों पर व्यवस्था सुचारु बनी हुई है और नए आगमन के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो पा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण एवं समीक्षा बैठकें लेकर प्रगति की निगरानी की जा रही है, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या विलंब की स्थिति उत्पन्न न हो

। परिवहन एजेंसियों को समयबद्ध लक्ष्य निर्धारित कर दिए गए हैं और मिलर्स के साथ समन्वय स्थापित कर चरणवार धान उठाव सुनिश्चित किया जा रहा है। इसका सकारात्मक प्रभाव यह है कि किसानों को भुगतान प्रक्रिया में तेजी मिली है और उन्हें अपनी उपज का लाभ समय पर प्राप्त हो रहा है। जिले के प्रमुख उपार्जन केंद्रों से उल्लेखनीय मात्रा में धान का उठाव दर्ज किया गया है। केल्हारी केंद्र से 39,380 क्विंटल, कौड़ीमार से 38,260 क्विंटल, बरबसपुर से 31,290 क्विंटल, चैनपुर से 30,860 क्विंटल, डोडकी से 30,530 क्विंटल, बरदर से 30,210 क्विंटल, कोड़ा से 27,810 क्विंटल, नागपुर से 24,040 क्विंटल, घुटरा से 23,620 क्विंटल, कठौतिया से 23,600 क्विंटल, कुवांरपुर से 23,160 क्विंटल, बंजी से 23,120 क्विंटल तथा खड़गवां से 20,930 क्विंटल धान का सफल उठाव किया जा चुका है।

युवा सम्मेलन में 150 युवाओं ने लिया भाग

अंतागढ़ / नवप्रदेश।नगर के प्रशिक्षण भवन में रविवार को स्वामी विवेकानंद प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत एक दिवसीय युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें ब्लाक के विभिन्न ग्रामों से 18 से 35 वर्ष के लगभग 150 युवक-युवतियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान योगासन, खेलकूद और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई साथ ही एलईडी प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण भी किया गया। मुख्य वक्ता कौशलेन्द्र प्रताप सिंह ने युवाओं को सामाजिक समरसता और नशा मुक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर नूतन बाई नाग, दुर्गा सोलंकी, बिहान बीपीएम अनिल मिश्रा, गजेन्द्र साहू और विश्वनाथ सापे सहित क्षेत्र के नागरिक और मातृशक्ति उपस्थित थे।

बंगाल की खाड़ी में सिस्टम सक्रिय, गरज-चमक के साथ पड़ी रिमझिम बौछारें, तेज हवा भी चली

बिलासपुर/नवप्रदेश। बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर एरिया के कारण छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में आज हल्की बारिश हो रही है। बिलासपुर में सुबह से बदली छाई रही फिर दोपहर में रिमझिम बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक अलग-अलग जगहों पर बिजली गिरने की भी चेतावनी जारी की गई है। अगले दो दिनों तक यही स्थिति बने रहने की संभावना है। कहीं-कहीं बारिश के साथ आंधी-तूफान की स्थिति बन सकती है। इसके अलावा अगले सात दिनों के दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

ठंड लौटने का माह

शहर की बात करें तो जनवरी की तरह फरवरी महीने में भी आसमान आमतौर पर साफ बना रहता है और सतही हवाएं हल्की रहती हैं। हालांकि उत्तर भारत से गुजरने वाले वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से कभी-कभार मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। इस दौरान बादल छाने के साथ गरज-चमक और बारिश की स्थिति बनती हैं। कुछ मौकों पर आंधी, ओलावृष्टि और तेज हवाएं भी चलती हैं। सर्दियों का असर कम होते ही न्यूनतम तापमान धीरे-धीरे बढ़ने लगता है। कुछ स्थितियों में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस से नीचे भी चला जाता है। इसके साथ ही कुछ वर्षों में फरवरी महीने में अच्छी बारिश भी रिकॉर्ड की गई है।

मौसम बदलने की संभावना

यह सिस्टम छत्तीसगढ़ के बहुत पास नहीं है, इसलिए तेज बारिश या तूफान की संभावना नहीं है। लेकिन वातावरण में नमी बढ़ेगी। कुछ इलाकों में आंशिक बादल छा सकते हैं दिन का तापमान थोड़ा गिर सकता है। रात में हल्की ठंड या उमस महसूस हो सकती है। दक्षिण छत्तीसगढ़ (बस्तर संभाग) में बादल ज्यादा छाए रह सकते हैं।

बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का मजबूत क्षेत्र

बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम हिस्से में कम दबाव का मजबूत क्षेत्र बना हुआ है। इसका मतलब यह है कि वहां हवा तेजी से उस क्षेत्र की ओर खींच रही है और ऊपर तक (लगभग 6 किमी ऊंचाई तक) बादल बनने की स्थिति मजबूत है। यह सिस्टम पहले पश्चिम-उत्तर दिशा में थोड़ा बढ़ेगा और फिर उत्तर-पूर्व की ओर मुड़ सकता है। अगले 48 घंटों तक यह सक्रिय बना रहेगा।

लो प्रेशर से जुड़ी नमी की पट्टी

इस लो प्रेशर से एक ट्रफ (हवा और नमी की लंबी पट्टी) निकलकर तमिलनाडु, कर्नाटक और दक्षिण महाराष्ट्र तक फैली हुई है। यह ट्रफ जमीन से करीब 1 किमी की ऊंचाई पर बनी हुई है। इसका काम है नमी को दूर-दूर तक फैलाना। ये ट्रफ एक तरह की नमी की पाइपलाइन है, जिससे समुद्र की नमी अंदरूनी इलाकों तक जा रही है। इसके अलावा करीब 5-6 किमी ऊंचाई पर हवा की एक और लंबी हलचल बनी हुई है, जो 93ए पूर्वी देशांतर के आसपास और 24ए उत्तरी अक्षांश के उत्तर में स्थित है। यह सिस्टम ऊपरी वायुमंडल में है और बादलों को ऊंचाई पर फैलने में मदद करता है।

न्यूज गैलरी

कोटा में रामायण समिति का महासम्मेलन आयोजित

करगीरोड (कोटा)/नवप्रदेश। ग्राम विकास गतिविधि के सामाजिक आयाम के तहत ग्राम बानाबेल केंदा रोड विकासखंड कोटा मे 40 ग्रामो की रामायण समिति के राम भक्तों का महासम्मेलन हुआ।उक्त सम्मेलन के बाद सह भोज का कार्यक्रम भी संपन्न हुआ।यह कार्यक्रम अत्यंत भक्तिपूर्ण एवं गरिमामयी राम भजन के साथ संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विभाग संयोजक ग्राम विकास रोहित भांगे ने बताया कि इस महा सम्मेलन में अज्ञात दानदाता के द्वारा 101 की संख्या मे राम चरित्र मानस की बड़ी वाली प्रतियों का दान दिया गया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से ग्राम विकास प्रांतीय प्रमुख आचार्य देवेंद्र जी, प्रथम हॉस्पिटल के संचालक डॉ रजनीश पांडे, पंचराम यादव गुरूजी यश मनहर, रतनपुर के नगर पालिका अध्यक्ष लवकुश कश्यप एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

आम फलों की नीलामी 27 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। शासकीय उद्यान रोपणी सरकंडा, बिलासपुर में स्थित आम के मातृ वृक्षों में लगे फलों की नीलामी 27 फरवरी को आयोजित की जाएगी। उद्यान अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार नीलामी प्रक्रिया बंद लिफाफा पद्धति से संपन्न होगी। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति 27 फरवरी तक दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आम पौधों में लगे फलों का निरीक्षण कर सकते हैं। नीलामी शर्तों की विस्तृत जानकारी उद्यान अधीक्षक कार्यालय, सरकंडा से प्राप्त की जा सकती है।

वाराणसी में इंटर रेलवे प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महिला हैंडबॉल टीम बनी चैम्पियन

बिलासपुर/नवप्रदेश। 18वीं अखिल भारतीय अंतर रेलवे हैंडबॉल प्रतियोगिता में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में दक्षिण मध्य रेलवे को 32-29 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सेमीफाइनल में टीम ने उत्तर पूर्व रेलवे को 28-26 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। लगातार चार कांस्य पदकों के बाद इस वर्ष टीम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। रेलवे प्रबंधन और अधिकारियों ने टीम को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए इसे महिला खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक बताया।

लखनऊ रेल मंडल में ऑटोमेटिक सिगनलिंग का कार्य, कुछ ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास हेतु उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल में ऑटोमेटिक सिगनलिंग का कार्य किया जाएगा । यह कार्य 26 फरवरी को ब्लॉक लेकर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जाएगा । इस ब्लॉक के फलस्वरूप केवल एक दिन के लिए निम्नलिखित ट्रेनों का परिचालन रद्द रहेगी ।

परिवर्तित मार्ग से चालने वाली गाडियाँ:-

25 फरवरी को गाड़ी संख्या 15232 गोंदिया-बरोनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग चुनार-प्रयागराज-फाफा मऊ-जंघई- जौनपुर होकर चलेगी। 25 फरवरी को गाड़ी संख्या 18201 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग प्रयागराज-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-सुलतानपुर-अयोध्या होकर चलेगी ।

हाईकोर्ट अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सीजेआई से की मुलाकात

बिलासपुर/नवप्रदेश। हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के एक कार्यक्रम में शामिल होने रायपुर पहुंचे भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत से छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की। अपने व्यस्ततम समय में से बहुमूल्य क्षण निकालते हुए, मुख्य न्यायाधीश ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से व्यक्तिगत रूप से भेंट की। इस दौरान उन्होंनेः उच्च न्यायालय की कार्य पद्धति पर विस्तार से चर्चा की। अधिवक्ताओं से जुड़े गंभीर विषयों और उनकी समस्याओं पर विमर्श किया। न्यायिक प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु सुझाव साझा किए। इस गरिमामय अवसर पर उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा एवं न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रजनीश सिंह बघेल के नेतृत्व में उनके साथ उपाध्यक्ष मांडवी भारद्वाज,सचिव अनिल त्रिपाठी, सह-सचिवः आस्था शुक्ला, पुस्तकालय सचिव राहुल मिश्रा, कोषाध्यक्ष हर्ष पूरन सिंह भाटिया, क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक सचिव अमन पांडे,कार्यकारिणी सदस्यः त्रिवेणी शंकर साहू, श्री शरद मिश्रा, एवं उज्ज्वल चौबे ने न्यायाधीशों का छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर आत्मीय स्वागत किया और उन्हें भविष्य में पुनः छत्तीसगढ़ आने का निमंत्रण दिया।

1008 श्रद्धालु नि:शुल्क अयोध्या जाएंगे

बिलासपुर/नवप्रदेश। श्रीराम लला दर्शन यात्रा समिति और समाजसेवी प्रवीण झा लगातार तीसरे वर्ष 1008 श्रद्धालुओं को नि:शुल्क अयोध्या राम जन्मभूमि मंदिर के दर्शन कराने ले जाएंगे। इसको लेकर बिलासपुर प्रेस क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर मीडिया को जानकारी दी गई।

एयू के कुलसचिव को राज्य सरकार ने किया निलंबित

- आबंटित की गई राशि में गड़बड़ी का आरोप

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग ने अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के तत्कालीन कुल सचिव शैलेन्द्र दुबे को निलंबित कर दिया है। जारी निलंबन आदेश में लिखा है, विश्वविद्यालय मद आबंटित की गई राशि में गड़बड़ी, जैम पोर्टल के माध्यम से सामग्री क्रय किये जाने में आर्थिक अनियमितता में संलिप्तता प्रथम दृष्टया पायी गई है। उनके द्वारा छत्तीसगढ़ भंडार क्रय नियम 2002 यथा संशोधित 2025 के संगत नियमों का पालन नहीं किया गया है। उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत है।

प्रशासनिक, शैक्षणिक और वित्तीय कार्यों में अनियमितता का आरोप

छात्रों ने आरोप लगाते हुए कहा था, प्रभारी कुलसचिव डॉ. शैलेंद्र दुबे और कुलपति प्रो. एडीएन वाजपेई की मिलीभगत से विश्वविद्यालय के प्रशासनिक, शैक्षणिक और वित्तीय कार्यों में अनियमितताएं हो रही हैं। विवाद का एक प्रमुख मुद्दा कुलपति के निज सहायक उपेन चंद्राकर की नियुक्ति है। उनकी भर्ती 2024 में हुई। छात्रों का कहना है कि उनका प्रमाण पत्र राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षा परिषद से अनुमोदित नहीं है। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने भी इस प्रमाण पत्र को अमान्य घोषित किया है।

स्काउट गाइड ने दिया एकता और भाईचारे का संदेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत स्काउट एवं गाइड्स जिला संघ बिलासपुर द्वारा विश्व चिंतन दिवस के 100 वर्ष पूर्ण होने पर एक गरिमामय एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ओल्ड कंपोजिट बिल्डिंग, डीईओ कार्यालय स्थित स्काउट विभाग कक्ष क्रमांक-16 के प्रांगण में संपन्न हुआ, जिसमें राज्य एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों सहित जिले भर के स्काउट-गाइड, रोवर्स और रेंजर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वधर्म प्रार्थना के साथ हुआ। प्रार्थना के माध्यम से सर्वधर्म समभाव, अनुशासन, सेवा और भाईचारे का संदेश दिया गया, जो स्काउट-गाइड आंदोलन की मूल भावना को दर्शाता है। इसके बाद कक्ष क्रमांक-6 स्थित सभा हॉल में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां सभी सदस्य एकत्रित हुए। विश्व चिंतन दिवस के उपलक्ष्य में स्काउट, गाइड, रोवर्स एवं रेंजर्स द्वारा तैयार स्लोगन, पोस्टर और बैनरों का प्रदर्शन एवं मूल्यांकन किया गया। प्रतिभागियों ने विश्व शांति, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, सेवा और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर रचनात्मक प्रस्तुतियाँ दीं। उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

10 माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

मल्हार/नवप्रदेश। पिछले 10 महीनों से फरार चल रहे मारपीट के एक गंभीर मामले के आरोपी को मल्हार चौकी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी मेले में अपनी बाइक का साइलेंसर निकालकर तेज रफ्तार में दौड़ाते हुए लोगों के बीच दहशत फैला रहा था, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे धर दबोचा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार करीब 10 माह पूर्व थेम्हापार निवासी सुभाष टंडन के साथ ग्राम चकरबेढ़ा के 4 नामजद सहित आधा दर्जन लोगों ने मिलकर मारपीट की थी, जिसमें पीड़ित को गंभीर चोटें आई थीं। इस मामले में पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका था, जबकि एक नाबालिग सहित दो आरोपी फरार चल रहे थे। इसी बीच शुक्रवार शाम पुलिस को सूचना मिली कि फरार आरोपी प्रत्यूष बंजारे पिता सचिन बंजारे, मल्हार मेले में अपनी बाइक का साइलेंसर निकालकर भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में तेज आवाज करते हुए लापरवाही से वाहन चला रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर मल्हार गेट के पास से आरोपी को पकड़ लिया।

प्रयागराज की फ्लाइट को सिर्फ एक दिन किए जाने की निंदा

बिलासपुर/नवप्रदेश। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने बिलासपुर एयरपोर्ट के 4 सी श्रेणी में विस्तार हेतु एक समयबद्ध कार्यक्रम बनाने की आवश्यकता पर बल दिया है। समिति ने कहा कि बिना टारगेट डेट के काम करने पर बिलासपुर एयरपोर्ट कब 4 सी बनेगा इसपर कुछ नहीं कहा जा सहता। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने बिलासपुर से प्रयागराज के बीच चल रही उड़ान के दिनों में कटौती कर सप्ताह में मात्र एक दिन करने की निर्णय की कड़ी निंदा की है। समिति ने कहा कि बिलासपुर प्रयागराज मार्ग पर उड़ान हमेशा से सफल रही है और लगभग 80% ऑक्युपेंसी से यह उड़ान चला करती थी। इसके बाद भी इसे सप्ताह में केवल एक दिन करने का निर्णय जनहित के विपरीत है। समिति ने इस निर्णय के बदलाव कर बिलासपुर प्रयागराज उड़ान को सप्ताह में काम से कम तीन दिन चलने की मांग की है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का महा धरना आज भी जारी रहा।

जरूरतमंद को मिली नई ज़िंदगी की राह, 60 वर्षीय बुजुर्ग को मिला व्हीलचेयर

नगर पंचायत नगरी के जनप्रतिनिधियों की सराहनी पहल

नगरी / नवप्रदेश। मानवता और संवेदनशील प्रशासन का परिचय देते हुए नगरी नगर पंचायत ने वार्ड क्रमांक 6 निवासी 60 वर्षीय इंदु बाई निशाद को व्हीलचेयर उपलब्ध कराकर उनकी दैनिक जीवन की बड़ी समस्या का समाधान किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, इंदु बाई निशाद कुछ दिन पूर्व अपने घर की सीढ़ियों से गिर गए थे, जिससे उन्हें चलने-फिरने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। उम्र अधिक होने के कारण वे स्वयं से शौचालय तक जाने में भी असमर्थ हो रहे थे। अपनी पीड़ा को उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा के समक्ष रखा तथा आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर आवेदन प्रस्तुत किया।नगर पंचायत प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मात्र दो दिनों के भीतर ही धमतरी समाज कल्याण विभाग से समन्वय स्थापित कर हितग्राही को व्हीलचेयर उपलब्ध कराई। इस त्वरित कार्रवाई से न केवल एक बुजुर्ग को सहारा मिला, बल्कि प्रशासन की कार्यशैली पर भी विश्वास और मजबूत हुआ। समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक डॉक्टर मनीष पांडे एवं सहायक कौशल कुमार साहू एवं तोस कुमार जयसवाल का नगरी नगर पंचायत की समस्त जनपद निधियां ने भी आभार व्यक्त किया हैइसी क्रम में नगर पंचायत नगरी द्वारा क्षेत्र के 13 अन्य जरूरतमंद नागरिकों को उनकी आवश्यकता अनुसार छड़ी भी प्रदान की गई, ताकि वे अपनी दैनिक दिनचर्या सुगमता से पूर्ण कर सकें।व्हीलचेयर प्राप्त कर निशाद ने भावुक होकर नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, सभापति अश्वनी निषाद, विनिता कोठारी, शंकर देव, चेलेश्वरी साहू, राजा पवार, जयंती तुकेश्वरी साहू, मिक्की गुप्ता, अंबिका ध्रुव, नरेश, पटेल देवचरण ध्रुव सहित समस्त जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। नगर पंचायत नगरी की यह पहल सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता एवं जनसेवा की भावना का सशक्त उदाहरण है, जो प्रशासन और जनता के बीच विश्वास की नई मिसाल कायम करती है।

न्यूज गैलरी

चिटफंड कंपनी के खिलाफ टेड़ेसरा चौक में प्रदर्शन

राजनांदगांव / नव प्रदेश । राजनांदगांव जिले में लंबे समय से जिम फंड कंपनी को लेकर कुछ वर्षों तक काफी लंबे समय से हो हल्ला किया जा रहा था। इसी बीच अब चिप फंड कंपनी एबीएम रियल स्टेट एंड एलाइड लिमिटेड़ के चेयरमैन टेड़ेसरा निवासी आर. पी .द्विवेदी, अनिल साहू, महेंद्र साहू एवं राजेश देशमुख, आशुतोष द्विवेदी के द्वारा चिप फंड कंपनी चलाने का काम किया जा रहा था। जिसमें ग्रामीण किसान लोगों से लाखों रुपए दोगुना पैसा देने की बात कह कर जमा किया जाता था । धरना प्रदर्शन करने आए हुए। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 5 वर्षों से लगातार पैसा वापसी का गुहार लगाया जा रहा है।

फसलों की खरीदी के लिए पंजीयन 28 फरवरी तक

बलौदाबाजार / नव प्रदेश । जिले में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना (पी.एम. आशा) योजना अंतर्गत प्राईस सपोर्ट स्कीम के तहत किसानों का पंजीयन समितियों के माध्यम से ई समयुक्ति पोर्टल में किया जा रहा है। किसान 28 फ़रवरी 2026 तक पंजीयन करा सकते हैं। योजनान्तर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में क्रमशः अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन तथा रबी एवं विपणन वर्ष 2026-27 में क्रमशः चना, मसूर एवं सरसों फसलों की बुआई करने वाले कृषक अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के माध्यम से सेवा सहकारी समितियों में आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड में रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर साथ लेकर अपना पंजीयन करा सकते है।

स्काउट-गाइड आंदोलन के संस्थापक का जन्मदिवस मनाया

धमतरी / नवप्रदेश। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, धमतरी द्वारा 22 फरवरी को स्काउट-गाइड आंदोलन के संस्थापक लॉर्ड बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन पावेल के जन्मदिवस को चिंतन दिवस के रूप में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बौद्धिक परिचर्चा एवं सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला संघ धमतरी के अध्यक्ष गणेश प्रसाद साहू उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कृष्णा राम साहू एवं गजानंद साहू (उपाध्यक्ष, जिला संघ धमतरी) तथा डॉ. मंजूषा साहू (उपाध्यक्ष, स्थानीय संघ) ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय संघ के अध्यक्ष नेतूराम यादव ने की कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वधर्म प्रार्थना सभा से हुआ, जिसमें विभिन्न धर्मों की प्रार्थनाएं प्रस्तुत की गईं। स्काउट्स एवं गाइड्स ने विश्व शांति, सामाजिक समरसता एवं मानव कल्याण की कामना करते हुए एकता और भाईचारे का संदेश दिया।

बाजार में छोटे नोटों की भारी किल्लत, सिक्के कोई पूछ नहीं रहा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। लगातार डिजिटल लेनदेन के चलते बाजार में छोटे नोट की कमी हो गई है। छोटे नोट की समस्या होने के चलते व्यापारी परेशान है। व्यापारियों की माने तो छोटे लेनदेन में भी आम लोग पांच सौ रूपए के नोट दे रहे है । इधर बाजार में सिक्को की भरमार है। लेकिन सिक्का लेने से लोग बच रहे है। बाजार में पड़ताल में पाया गया कि ज्यादातर दस बीस, पचास और सौ रूपए के नोटो की किल्लत अधिक है। जबकि पांच सौ नोटो की अधिकता के चलते व्यापारी और उपभोक्ताओं को लेन देन में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों की माने तो बैंक द्वारा भी छोटे नोटो की किल्लत दूर करने प्रयास करना चाहिए। सबसे ज्यादा छोटे छोटे लेनदेन में ग्राहक और विक्रेताओं को परेशानी हो रही हैं।

सोनाक्षी की कमजोर सेहत सपनों की राह में बन रही थी बाधा

सोनाक्षी के साहस और चिरायु योजना ने बदल दी जिंदगी, चेहरे पर लौटी मुस्कान

महासमुंद /नवप्रदेश। महासमुंद जिले के ग्राम कुल्हरिया में रहने वाली 12 वर्षीय सोनाक्षी एक साधारण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से है। उनके पिता श्री किशन लाल दीवान मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। सोनाक्षी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पथर्री में कक्षा सातवीं की छात्रा है और अन्य बच्चों की तरह वह भी अपने भविष्य को लेकर बड़े सपने देखती थी। लेकिन बचपन से ही उसकी कमजोर सेहत उसके सपनों की राह में बाधा बन रही थी।

जब सोनाक्षी कक्षा पाँचवीं में पढ़ती थी, तब स्कूल में हुए चिरायु स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान उसमें हृदय रोग के लक्षण पाए गए। उसे अक्सर सांस फूलने, जल्दी थक जाने, पैरों में सूजन, अनियमित दिल की धड़कन और बार-बार सर्दी-खांसी की समस्या रहती थी। चिरायु टीम के आयुष चिकित्सकों द्वारा परिजनों को इसकी जानकारी दी गई और निःशुल्क इलाज के बारे में समझाया गया। हालांकि सोनाक्षी देखने में स्वस्थ लगती थी, इसलिए शुरुआत में परिवार ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। विद्यालय के प्रधान पाठक श्री मोहन लाल साहू और चिरायु टीम के सदस्यों ने लगातार परिवार को जागरूक किया। फार्मासिस्ट धनेश्वर दीवान और एएनएम श्रीमती विशाखा साहू समय-समय पर सोनाक्षी की स्थिति पर नज़र रखते रहे और उसके माता-पिता को इलाज के लिए प्रेरित करते रहे। धीरे-धीरे सोनाक्षी ने स्वयं हिम्मत दिखाई और अपने माता-पिता को हृदय जांच के लिए तैयार किया।

चिरायु टीम के सहयोग से सोनाक्षी को रायपुर स्थित एम एम आई नारायणा अस्पताल, रायपुर ले जाया गया, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा उसकी विस्तृत जांच की गई। जांच में यह पाया गया कि उसके दिल में 24 म 19 मिमी का छेद है, जो उसके स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक था। डॉक्टरों ने परिजनों को इसकी गंभीरता समझाते हुए जल्द सर्जरी कराने की सलाह दी। परिवार के लिए यह समय बहुत कठिन था, लेकिन चिरायु योजना ने उन्हें उम्मीद दी। योजना के अंतर्गत सोनाक्षी की सर्जरी पूरी तरह निःशुल्क की गई। अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर उसके दिल के छेद को ठीक किया। यह सर्जरी सोनाक्षी के लिए एक नया जीवन लेकर आई।

आज सोनाक्षी पूरी तरह स्वस्थ है। उसके चेहरे पर फिर से रौनक लौट आई है और वह पहले से अधिक आत्मविश्वास के साथ स्कूल जाती है। समय पर लिया गया सही निर्णय और सरकारी योजनाओं का लाभ किसी की भी ज़िंदगी बदल सकता है। स्कूल में हुए चिरायु स्वास्थ्य परीक्षण ने एक गंभीर बीमारी को समय रहते पकड़ लिया, जिससे सोनाक्षी को नया जीवन मिलने के साथ ही अन्य बच्चों और अभिभावकों में भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी। सोनाक्षी और उसका परिवार आज पूरे दिल से चिरायु योजना और उससे जुड़े सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का आभार व्यक्त करता है, जिन्होंने एक मासूम बच्ची को फिर से मुस्कुराने का मौका दिया।

पार्षद निधि से विकास कार्यों का भूमिपूजन संपन्न

नगरी / नवप्रदेश। नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 3 रामनगर एवं वार्ड क्रमांक 4 महात्मा गांधी वार्ड में पार्षद निधि अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गया। एक सादगीपूर्ण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं वार्डवासियों की उपस्थिति में दोनों महत्वाकांक्षी निर्माण कार्यों की शुरुआत की गई। जिसमे

वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद नरेश पटेल द्वारा अपनी पार्षद निधि से महात्मा गांधी चौक में मिनी उद्यान निर्माण हेतु 3 लाख की लागत से कार्य प्रस्तावित किया गया था। टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात विधिवत भूमिपूजन कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया।वहीं वार्ड क्रमांक 3 की पार्षद मिकी गुप्ता द्वारा रामनगर चौक स्थित राम मंदिर के समीप चबूतरा निर्माण एवं टीन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, पूर्व अध्यक्ष नगेन्द्र शुक्ला, नंदकुमार यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता कमल डागा, मोहन नाटा, पार्षद अश्वनी निषाद, शंकरदेव, मिकी गुप्ता, देवचरण ध्रुव, नरेश पटेल हेमलता यादव, हरीश यादव लक्ष्मी गुप्ता गौरव उपस्थित रहे।

दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को किया गया प्रशिक्षित

कांकेर/ नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देशानुसार समावेशी शिक्षा अंतर्गत शालाओं में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन बी.आर.सी. भवन कांकेर में किया गया।

उक्त कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर्स श्री दीपक सोनवानी एवं श्रीमती सरोज पाण्डेय द्वारा दिव्यांग बच्चों के पालक एवं अभिभावकों को समावेशी शिक्षा के महत्व और दिव्यांग बच्चों के अधिकारों के बारे में बताया गया। साथ ही उन्हें संवेदनशील बनाने और उनका मार्गदर्शन करने, पाठ्यक्रम अनुकूलन, कक्षा रणनीतियों, सहायक उपकरणों के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया।

जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों का चिन्हांकन आसानी से करना व दिव्यांग बच्चों के बीच संवेदनशीलता का विकास करना था, जिससे पालक दिव्यांग बच्चों के भावनाओं और आवश्यकताओं को समझ सकें।

सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

नगरी / नवप्रदेश। विकासखण्ड स्रोत समन्वयक एवं संकुल समन्वयकों के सम्मान में बी.आर.सी. प्रशिक्षण हॉल, नगरी में गरिमामय विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में शिक्षा क्षेत्र से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं समन्वयकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के.एल. कौशिक, एच.एल. नाग एवं बी.एम. साहू रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नगरी श्रीमती महेश्वरी ध्रुव ने की।

पैराडाइज स्कूल के बच्चों को मॉकड्रिल कर फायर सेफ्टी की दी गई जानकारी

कांकेर / नवप्रदेश। पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल में कांकेर नगर सेना से फायर ब्रिगेड के टीम के द्वारा, स्कूल के फायर एक्टिवेशन सिस्टम का मॉकड्रिल कर फायर सेफ्टी की जानकारी दी गई। टीम लिडर शत्रुघन सिन्हा द्वारा आग से जीवन की सुरक्षा के बारे छात्र-छात्राओं को दी गई जानकारी। फायर ब्रिगेड आग लगने पर उसे कैसे बुझाई जाती है, मॉकड्रिल कर अग्निशमन के बारे में बताया गया इस टीम के द्वारा ईधन गैस में लगने वाली आग, डीजल पेट्रोल एवं अन्य प्रकार के आग से किस प्रकार से बचा जा सकता है मॉकड्रिल के द्वारा प्रदर्शन किया गया, फायर ब्रिगेड टीम ने अपने कार्यों के विषय में बच्चों को जानकारी देते हुये बताया कि फायर ब्रिगेड की भूमिका आग बुझाना, जब किसी स्थान पर आग लग जाती है, तो फायर ब्रिगेड के कर्मचारी तुरंत पहुंचकर उसे बुझाने का काम करते है। फायर ब्रिगेड की टीम लोगों को आग से सुरक्षा सुनिश्चित करती है, खासकर जब आग किसी घर, संस्थान या अन्य जगहों पर लग जाती है। आग के अलावा भी ये टीम अन्य आपातकालीन परिस्थियों में अगर आग लगे तो घबराना नहीं चाहिए, सबसे पहले तुरंत फायर ब्रिगेड को फोन करें, घर के आस-पास लगे तारों का ध्यान रखना और कभी भी जलते हुए पदार्थों को अकेला छोड़ना नहीं आदि अन्य सावधानियों के बारे में बच्चों को विस्तार से बताया।पैराडाइज स्कूल में लगे फायर एक्टिवेशन, वाटर स्पलाई सेफ्टी सिस्टम सायरन सिस्टम एवं अन्य सभी अग्निशमक यंत्रों का मॉकड्रिल कर आग से जीवन की सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम को फायर ब्रिगेड के जवान शत्रुघन सिन्हा स्टेशन प्रभारी, किशोर पटेल फायरमॅन, गोविन्दराम जैन फायर वाहन चालक, फरसराम कवाची, लुकेश कुमार दरों फायर ब्रिगेड कर्मचारी द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

इस विस्तृत फायर सेफ्टी जागरूकता कार्यक्रम को संपन्न कराने मे प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य डॉ. श्रेष्ठिता चंदा, कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार पंडा, कोऑर्डिनेटर अनिल कुमार ढाके, कोऑर्डिनेटर एम भुबनेश्वरी, कोऑर्डिनेटर ऐश्वर्या साहू, के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा, रूबी खान, दीपांजली गोगोई, वर्षा रामानी, मेघा सेवा, एस. मर्सी, कृष्णापद कुंभकार, तीरथ साहू, सरिता मिश्रा, संगीता भारती, आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सिंघोला में उदित मुनि नाम साहब के आगमन को लेकर बैठक

राजनांदगांव /नव प्रदेश जिले के ग्राम सिंघोला में सदगुरु कबीर धनी धर्मदास वंशावली प्रतिनिधि सभा दामाखेड़ा से परम पूज्य पंथ हुजूर प्रकाश मुनि नाम साहब की दया से हमारे सोलहवें वंश प्रतापाचार्य परम पूज्य पंथ हुजूर उदित मुनि नाम साहब का चादर तिलक के बाद राजनांदगांव जिले के ग्राम सिंघोला में प्रथम आगमन होने जा रहा है। यह आयोजन सिंघोला के भुवनेश्वरी माता धरा धाम मिनी स्टेडियम में 10 एवं 11 मार्च को नियत किया गया है। जिसकी तैयारी को लेकर सुरगी एवं सिंघोला परी क्षेत्रीय व राजनांदगांव जिले भर के कबीर पंथी समाज हुजूर साहब के आगमन को लेकर हर्ष उल्लास के साथ तैयारी शुरू कर दिया गया है। जिसकी बैठक मैं तैयारी की रूपरेखा तैयार किया जा रहा है। जिसमें बालोद एवं राजनांदगांव जिले से कबीर पंथी समाज बड़ी संख्यां में हुजूर साहब के कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारी में लगे हुए हैं।

समाजसेवी संस्था ने कराई पुल में खराब रेलिंग की मरम्मत, नगर के लोगों ने सराहा

कांकेर / नवप्रदेश। शहर के नामचीन समाजसेवी संस्था जन सहयोग द्वारा आज लीक से हटकर जनहित का एक बहुत बड़ा काम किया गया, जिसकी नागरिकों द्वारा प्रशंसा की जा रही है। अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के संज्ञान में यह बात लाई गई कि नेशनल हाईवे पर दूधनदी के पुराने पुल के किनारे लगी हुई रेलिंग जर्जर हो गई है टूट फूट गई है, जिसके कारण नेशनल हाईवे पर दौड़ते वाहनों को सीधे नदी में गिरने का खतरा हो गया है। इसके अलावा जान बचाने के चक्कर में कोई पैदल अथवा छोटे वाहन वाला व्यक्ति भी दुर्घटनाग्रस्त हो सकता है। जन सहयोग के सदस्यों ने अध्यक्ष के नेतृत्व में स्थल निरीक्षण कर वास्तव में टूटी रेलिंग को ख़तरनाक पाया और फिर सारे सदस्य उसकी मरम्मत कर मज़बूत बनाने में जुट गए। बाँसबल्ली आदि की सहायता से रेलिंग के सभी टूटे भागों को जोड़ दिया गया।अपने वक्तव्य में जन सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी कहा कि पुल के किनारे इस प्रकार की टूटी-फूटी रेलिंग होना निश्चित रूप से भयावह है और कभी भी कोई भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है इसे ध्यान में रखकर हम लोगों ने हमसे जितना बना उतना मज़बूत काम कर दिया है आगे आम लोगों को भी चाहिए कि रेलिंग से छेड़छाड़ ना करें ताकि भविष्य में कोई दुर्घटना न हो सके। यहां नदी का तल काफी गहरा है और उतनी ऊंचाई से गिरकर किसी का भी बचना मुश्किल है इसलिए रेलिंग का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। आज के इस पुण्य कार्य में अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के अलावा धर्मेंद्र देव डॉक्टर श्याम देव करण नेताम शैलेंद्र देहारी अजय पांडे, अखिलेश साहू आदि समाजसेवियों ने कसकर श्रमदान किया।

कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजन की समस्याएं

कोरबा / कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में दूरस्थ ग्रामीण अंचलों एवं शहरी क्षेत्रों से अपनी समस्याओं के समाधान की के लिए पहुंचे नागरिकों की आवेदनों को गम्भीरता से सुना।

कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को सवेंदनशीलता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय पर पहुंचे, यह प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

खम्हरिया सहित अन्य पंचायतो में खाद्यान्न वितरण में आ रही परेशानियों को लेकर पहुंचे ग्रामीणों को राहत पहुंचाते हुए कलेक्टर ने जिला खाद्य अधिकारी को संबंधित पंचायतों में स्वयं जाकर शिकायतों की जांच करने तथा पात्र हितग्राहियों को शीघ्र राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली सुचारु रूप से संचालित हो और किसी भी पात्र परिवार को खाद्यान्न से वंचित न रहना पड़े।

जनदर्शन में खाद्यान्न वितरण, फौती नामांतरण, सीमांकन, पीएम आवास, रोजगार, मुआवजा, पेंशन, नए आंगनबाड़ी भवन की मांग, दिव्यांगता कार्ड, ट्राई सायकिल एवं वनाधिकार पट्टा सहित कुल 119 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी आवेदनो का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री दिनेश नाग, अपर कलेक्टर श्री देवेंद्र पटेल, श्री ओंकार यादव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

सेक्टर बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा

महासमुंद / नवप्रदेश। जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा के उद्देश्य से आयोजित सेक्टर बैठक में जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों का विजिट कर कार्यक्रमों की स्थिति का जायजा लिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव के मार्गदर्शन में आयोजित इस बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई।सेक्टर बैठक के अंतर्गत सरायपाली, बसना, पिथौरा, खल्लारी एवं गड़फुलझर सेक्टर के स्वास्थ्य संस्थानों में विजिट किया गया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली, बसना, पिथौरा तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बलौदा, तोषगांव, लम्बर, भंवरपुर, बहमनी, सलडीह, खल्लारी, खमरिया, खट्टी, बरौली एवं सेक्टर गड़फुलझर में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान एमडीए कार्यक्रम की प्रगति, मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) में कमी, एनसीडी स्क्रीनिंग, आयुष्मान कार्ड निर्माण, टीबी केस खोज एवं उपचार तथा अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव ने कहा कि जिले में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से लागू करना विभाग की प्राथमिकता है। नियमित सेक्टर बैठक एवं फील्ड विजिट के माध्यम से स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दाब का क्षेत्र, छाए रहेंगे बादल, तापमान में आएगी गिरावट

❒ **रायपुर में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना**

रायपुर/नवप्रदेश। दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बने सुस्पष्ट निम्न दबाव क्षेत्र और उससे जुड़े चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से प्रदेश के मौसम में हल्का बदलाव देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के अनुसार 23 फरवरी को प्रदेश के एक-दो स्थानों पर अति हल्की वर्षा होने की संभावना है, जबकि वर्षा का मुख्य असर बस्तर संभाग के जिलों में रहने के आसार हैं। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक निम्न दबाव क्षेत्र समुद्र तल से करीब 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक सक्रिय है और इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने के बाद पुनः उत्तर-पूर्व दिशा की ओर मुड़ने की संभावना है।

इसके साथ ही दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी से दक्षिण मध्य महाराष्ट्र तक द्रोणिका भी सक्रिय बनी हुई है, जिससे प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में नमी पहुंच रही है। रायपुर में सोमवार को आसमान आंशिक मेघमय रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान करीब 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। वर्तमान में शहर का अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से लगभग 2.5 डिग्री अधिक है।

तापमान में अभी स्थिरता फिर शुरू होगी गिरावट

प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में फिलहाल कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने की संभावना है। 24 फरवरी से न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर शुरू हो सकता है, जो अगले दो दिनों में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक नीचे जा सकता है। इससे रात में हल्की ठंड फिर महसूस होने लगेगी।

गरज-चमक के साथ वज्रपात की चेतावनी

मौसम विभाग ने 23 फरवरी के लिए एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात की संभावना जताई है। अगले दो दिनों में भी कहीं-कहीं अति हल्की बारिश की स्थिति बन सकती है। हालांकि व्यापक बारिश के संकेत फिलहाल नहीं हैं।

न्यूज गैलरी

मंत्री राजवाड़े के प्रयासों से अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी एवं विकासोन्मुखी नीति के अनुरूप क्षेत्र में आधारभूत अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई है। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री एवं भटगांव विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के विशेष प्रयासों से जिला सूरजपुर अंतर्गत कल्याणपुर-लटोरी-दतिमा- सलका (मुख्य जिला मार्ग) के विभिन्न खंडों में सड़क सुदृढ़ीकरण एवं निर्माण कार्य के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। लगभग 29 किलोमीटर लंबाई में प्रस्तावित इस कार्य के लिए 40.93 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। यह मार्ग क्षेत्र के अनेक ग्रामों को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है, जिसके उन्नयन से आवागमन अधिक सुगम, सुरक्षित एवं तीव्र होगा। इससे ग्रामीण अंचलों का जिला मुख्यालय एवं अन्य प्रमुख स्थलों से बेहतर संपर्क स्थापित होगा। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि सड़क केवल परिवहन का माध्यम नहीं, बल्कि विकास की जीवनरेखा है। सुदृढ़ सड़क संपर्क से किसानों को अपनी उपज समय पर बाजार तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी, विद्यार्थियों को शिक्षा संस्थानों तक सुगमता से पहुंच सुनिश्चित होगी तथा आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं तक त्वरित पहुंच संभव हो सकेगी। साथ ही व्यापार, लघु उद्योग एवं स्थानीय रोजगार के अवसरों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सुशासन, पारदर्शिता एवं समावेशी विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। अधोसंरचना विकास के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों को सशक्त बनाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से चरणबद्ध रूप से सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

नीट की तैयारी कर रहे छात्र ने की आत्महत्या

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के भांठागांव स्थित अवधपुरी कालोनी में रविवार को नीट की तैयारी कर रहे एक छात्र ने आत्महत्या कर ली। छात्र ने मकान की दूसरी मंजिल से गले में जीआइ तार (लोहे का तार) बांधकर छलांग लगा दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान रायगढ़ जिले के रहने वाले पुष्पेंद्र पटेल के रूप में हुई है। घटना पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र की है। प्रारंभिक जांच में छात्र के मानसिक दबाव में होने की बात सामने आई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुष्पेंद्र पिछले तीन वर्षों से रायपुर में किराए के मकान में रहकर मेडिकल प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रहा था। उसका परिवार पहले रायगढ़ में रहता था, जबकि वर्तमान में सारंगगढ़ क्षेत्र के बरसकोल मालदा गांव में निवास कर रहा है। छात्र के पिता करुणा सागर पटेल किसान हैं। जानकारी के मुताबिक छात्र ने कमरे में जीआइ तार गले में बांधा और मकान की दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी। मौके पर पहुंची पुरानी बस्ती थाना पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मृतक के स्वजन को दी गई। पुलिस आसपास के लोगों और मकान मालिक से पूछताछ कर रही है, जिससे घटना के कारणों का पता लगाया जा सके। शुरुआती जांच में सामने आया है कि छात्र प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी को लेकर पिछले कुछ समय से मानसिक दबाव में था। हालांकि आत्महत्या के पीछे की वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी। मामले में मर्ग कायम कर जांच जारी है।

वीबी-जी रामजी को लेकर भाजपा किसान मोर्चा ने लगाई चौपाल

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा रायपुर के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू के नेतृत्व में वीबी- जी राम जी अधिनियम को लेकर किसान चौपाल का आयोजन रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत धरमपुरा में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विधायक श्री मोतीलाल साहू और मुख्य वक्ता किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर ने किसानो को वीबी-जी राम जी के बारे में जानकारी दी उक्त कार्यक्रम में किसान मोर्चा की उपाध्यक्ष मनीषा चंद्राकर, महामंत्री ओपी देवांगन, मंत्री प्रशांत ठाकुर, देवेन्द्र ठाकुर, कार्यालय मंत्री रवीश गुप्ता, तरुण वैद्य, योगेश्वरानंद नेताम, विनय साहू, विलास सुतार, संदीप सांडे, अर्चना शुक्ला, जनपद सदस्य शिखा निर्मलकर, माना मंडल अध्यक्ष भीमवंत निषाद सहित किसान मोर्चा के कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं धरमपुरा के किसान ग्रामीण उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर में इक्लेक्टिका-2026 का समापन

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर की सांस्कृतिक समिति द्वारा आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव 'इक्लेक्टिका 2026' का रविवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में समापन हुआ। तीन दिवसीय महोत्सव के अंतिम दिन संगीत, नाट्य और नृत्य की प्रभावशाली प्रस्तुतियों ने परिसर को जीवंत बना दिया, जहाँ विद्यार्थियों और प्राध्यापकों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। समापन दिवस का प्रमुख आकर्षण अविर्भाव म्यूजिकल बैंड प्रतियोगिता रही, जिसने पूरे परिसर को सुरों और ताल की ऊर्जा से सराबोर कर दिया। विभिन्न टीमों ने हिंदी और अंग्रेज़ी गीतों के संतुलित संगम के साथ मंच पर अपनी विशिष्ट शैली और संगीत कौशल का सशक्त प्रदर्शन किया। लाइव म्यूज़िक और युवा ऊर्जा से भरे माहौल में दर्शक देर तक झूमते रहे। प्रतियोगिता में ताजगी बैंड, इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़, ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अलौकिक बैंड, आई टी एम यूनिवर्सिटी, द्वितीय स्थान पर रहा। इसके पश्चात आयोजित गूंज नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता ने सामाजिक सरोकारों को प्रभावी ढंग से मंच पर प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर की राजभाषा समिति और भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी, दुर्ग, की टीम ने भाग लिया।

सशक्त समाज के निर्माण में शिक्षा और संगठन की भूमिका अहम: सीएम साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज बलौदा बाजार जिले के ग्राम चांपा में आयोजित छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के दो दिवसीय 80वें महाअधिवेशन में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी एवं समाज सुधारक डॉ. खूबचंद बघेल की पुण्य तिथि पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा समाज की विभूतियों को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री का गजमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री साय ने मनवा कुर्मी समाज को परिश्रमी, संगठित और उन्नत कृषक परंपरा वाला समाज बताते हुए कहा कि समाज का योगदान राज्य की प्रगति में महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने 80वें महाअधिवेशन की बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में मेल-मिलाप, समन्वय और सकारात्मक निर्णयों को बढ़ावा देते हैं, जिसका लाभ पूरे प्रदेश और देश को मिलता है। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा के गृह ग्राम चांपा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होना उनके लिए सौभाग्य की बात है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि शिक्षा सशक्त समाज निर्माण का सबसे मजबूत आधार है। उन्होंने समाज द्वारा बेटा-बेटी दोनों को शिक्षा से जोड़ने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षित समाज ही आत्मनिर्भर और प्रगतिशील समाज बनता है। उन्होंने महिला स्वरोजगार को बढ़ावा देने, युवाओं में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता और सामाजिक सुधार के प्रयासों को भी सराहनीय बताया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री के संकल्प के अनुरूप मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने की दिशा में सरकार दृढ़ता से काम कर रही है। नियद नेल्लार योजना के माध्यम से लगभग 400 गांवों में विकास कार्यों को गति दी गई है।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ग्राम नरदहा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 50 लाख रुपये तथा बलौदा बाजार में सामुदायिक भवन के लिए 25 लाख रुपये की राशि प्रदान करने की घोषणा की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में पिछले दो वर्षों में उल्लेखनीय विकास हुआ है और किसानों, महिलाओं तथा युवाओं के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं प्रभावी रूप से लागू की गई हैं।अधिवेशन में समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम वर्मा ने समाज द्वारा लिए गए सामाजिक सुधार के महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी दी। कार्यक्रम में राजिम विधायक श्री रोहित साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी, महिलाएं, युवा और स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

मोदी की गारंटी: राज्य सरकार की प्रतिबद्धता

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करने में पूरी प्रतिबद्धता से कार्य किया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास पूर्ण किए गए हैं। इस वर्ष समर्थन मूल्य पर 25 लाख 24 हजार किसानों से 141 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीदा गया है तथा होली से पूर्व किसानों को लगभग 10 हजार करोड़ रुपये की अंतर राशि प्रदान की जाएगी। महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख महिलाओं को अब तक 15 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि दी जा चुकी है।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बस्तर क्षेत्र में अब विकास की नई तस्वीर दिखाई दे रही है।

मीटर लगाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी, 1.56 लाख रुपए किए पार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के थाना मुजगहन क्षेत्र में ऑनलाइन ठगी हुई है। मीटर लगाने के नाम पर खुद को छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) का कर्मचारी बताकर ठगों ने एक व्यक्ति के तीन अलग-अलग बैंक खातों से कुल एक लाख 56 हजार 200 रुपये पार कर दिए।

पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, ग्राम भटगांव (माना बस्ती) निवासी रोशन देव रात्रे ने 22 फरवरी को थाना मुजगहन में ऑनलाइन फ्राड की लिखित शिकायत दर्ज कराई। प्रार्थी ने बताया कि 30 जनवरी की शाम करीब 5:30 बजे उसके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने स्वयं को सीएसपीडीसीएल का अधिकारी बताते हुए कहा कि नए विद्युत मीटर के लिए उनके द्वारा आवेदन किया गया है और मीटर जारी करने से पहले ऑनलाइन फार्मेलिटी पूरी करनी होगी। इसके बाद वाट्सएप के जरिए दो एप्लीकेशन 'सीएसपीडीसीएल मीटर रिलीज अपडेट एप' और 'इलेक्ट्रीसिटी बिल अपडेट एपीके' भेजे गए। भेजने वाले नंबर पर सीएसपीडीसीएल का लोगो और नाम प्रदर्शित हो रहा था। आरोपित ने वाट्सएप काल कर फाइल ओपन करने को कहा। एप खोलने पर 13 रुपये का प्रोसेस चार्ज भुगतान का विकल्प दिखाई दिया।

तीन खातों से उड़ाई रकम

प्रार्थी ने पहले अपने इलाहाबाद बैंक खाते से 13 रुपये भुगतान करने का प्रयास किया, लेकिन पेमेंट फेल बताया गया। इसके बाद स्टेट बैंक आफ इंडिया (एमजी रोड शाखा) के सैलरी अकाउंट से भी भुगतान की कोशिश की गई, जो असफल दिखाया गया। आरोपित ने बातों में उलझाकर पत्नी के पंजाब नेशनल बैंक खाते से भी भुगतान कराने को कहा। तीनों बार पेमेंट फेल दिखने पर प्रार्थी को शक हुआ और उसने काल काट दी। बाद में फोन-पे की हिस्ट्री चेक करने पर खातों से बड़ी रकम कटने का पता चला।

आईएएस अफसरों ने की सीएम साय से मुलाकात

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज विधानसभा स्थित उनके कार्यालय कक्ष में राज्य प्रशासनिक सेवा तथा एलाइड सर्विस से भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में नियुक्त अधिकारियों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने सभी अधिकारियों को नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं. उन्होंने कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा में नियुक्ति न केवल गौरव का विषय है, बल्कि यह जनसेवा के व्यापक अवसरों और जिम्मेदारियों का भी प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अपने दायित्वों का निष्ठा, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करें. उन्होंने कहा कि शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए. अधिकारियों की सक्रिय भूमिका से प्रदेश के विकास को नई गति मिलेगी। इस दौरान भारतीय प्रशासनिक सेवा में नियुक्त तीर्थराज अग्रवाल, सुलीना कोसम, बीरेंद्र बहादुर पंचभाई, सुमित अग्रवाल, संदीप कुमार अग्रवाल, आशीष कुमार टिकरिहा, ऋषभ पाराशर एवं तरुण किरण उपस्थित थे।

श्याम रंग में रंगी चुनरिया: रायपुर कल भजन संध्या

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में 24 फरवरी को एक भव्य धार्मिक आयोजन "श्याम रंग में रंगी चुनरिया" का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शाम 7 बजे से जैन दादाबाड़ी प्रांगण, एम.जी. रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित होगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है और तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। आयोजन श्याम संकीर्तन प्रचार समिति द्वारा किया जा रहा है। समिति के सदस्यों ने बताया कि इस भजन संध्या का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक जागरूकता, भक्ति भाव और सांस्कृतिक मूल्यों को सशक्त करना है। समिति का यह प्रथम वर्ष है और आने वाले समय में ÷सेवा, सत्संग और संस्कृति÷ के ध्येय वाक्य को आगे बढ़ाते हुए विभिन्न सेवा कार्य भी संचालित किए जाएंगे। कार्यक्रम में देश के ख्यातनाम भजन प्रवाहक अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर करेंगे। ग्वालियर से मनोज शर्मा, जयपुर से सुरभि चतुर्वेदी तथा रायपुर से पलाश शर्मा भजनों की प्रस्तुति देंगे।

रायपुर के मौदहापारा संडे बाजार पर प्रशासन की सख्ती

रायपुर। मौदहापारा में लगने वाले संडे बाजार में रविवार को जिला प्रशासन, पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। सड़क पर दुकान लगाने वाले फेरीवालों को मुख्य मार्ग से खाली कराया गया। दुकानदारों के 20 ठेले हटवाए गए और 10 टेबल-पलंग जब्त किए गए। वहीं मौदहापारा के लिए कड़े नियम लागू किए गए हैं, जिसके तहत बाजार अब केवल सुबह 10 बजे तक लगेगा और दुकानदारों को सफेद लाइन के भीतर ही रहना होगा। मौदहापारा का संडे बाजार दशकों पुराना है। शुरुआत में यहां केवल कुछ स्थानीय फेरीवाले ही बैठते थे, लेकिन समय के साथ ग्राहकों की संख्या और ठेलों का विस्तार बढ़ता गया।

केके मार्ग के संकरा होने के बावजूद दुकानें सड़क के बीच तक फैलने लगीं, जिससे पैदल यात्रियों और वाहन चालकों का निकलना दूभर हो गया।

पिछली कार्रवाई और नियमों की अनदेखी

संडे बाजार की अव्यवस्था को दूर करने के लिए पिछले वर्षों में भी कई अभियान चलाए गए। ठेले हटाए गए और सफेद लाइन के भीतर बैठने की लक्ष्मण रेखा भी खींची गई, लेकिन सख्ती कम होते ही दुकानदार फिर से सड़क पर काबिज हो जाते थे। गंदगी और ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रही। इसी ढीले रवैये को देखते हुए इस बार प्रशासन ने न केवल जब्ती की कार्रवाई की, बल्कि पहचान पत्र अनिवार्य करने और समय सीमा तय करने जैसे कड़े फैसले लिए हैं।

विस परिसर में मिलेट कैफे का शुभारंभ

रायपुर/नवप्रेदश। छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मिलेट कैफेटेरिया का उद्घाटन किया। डॉ. रमन सिंह ने मिलेट्स के व्यंजनों का स्वाद लिया और इसकी सराहना की। इस कैफे में मुख्यतः मिलेट्स से निर्मित व्यंजन एवं उत्पाद उपलब्ध है। यह देश में किसी भी विधानसभा परिसर में प्रारंभ होने वाला पहला मिलेट कैफे है। इस मिलेट कैफे का संचालन साथी परियोजना के अंतर्गत किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में साथी परियोजना के क्रियान्वयन हेतु राज्य शासन द्वारा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालयए रायपुर को लीड नोडल एजेंसी तथा राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम को सहायक एजेंट नियुक्त किया गया है।

बैठक का उद्देश्य राज्य की फिल्म नीति के विभिन्न प्रावधानों की विस्तृत जानकारी देना

मोना सेन की अध्यक्षता में फिल्म पॉलिसी' पर छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड में बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष सुश्री मोना सेन की अध्यक्षता में आज फिल्म पॉलिसी को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य राज्य की फिल्म नीति के विभिन्न प्रावधानों की विस्तृत जानकारी देना तथा फिल्म उद्योग से जुड़े हितधारकों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना था।

बैठक में हिंदी फिल्मों, क्षेत्रीय भाषा की फिल्मों एवं ओटीटी फिल्मों सहित सभी श्रेणियों के लिए उपलब्ध सब्सिडी योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही सिनेमा घरों के निर्माण पर मिलने वाली सब्सिडी, फिल्म शूटिंग उपकरणों की खरीदी पर अनुदान तथा सिनेमा घरों के मरम्मत कार्यों पर उपलब्ध वित्तीय सहायता के विषय में भी विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया।

संस्कृति विभाग के निदेशक एवं टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक श्री विवेक आचार्य ने सब्सिडी प्राप्त करने की प्रक्रिया, पात्रता मानदंड, आवेदन की समय-सीमा तथा आवश्यक औपचारिकताओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को निर्धारित शर्तों के अनुसार लाभ प्रदान किया जाएगा। बैठक के दौरान उपस्थित निर्माताओं एवं फिल्मकारों ने जमीनी स्तर पर आ रही व्यावहारिक समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। इन मुद्दों पर सार्थक और सकारात्मक चर्चा हुई। प्रतिभागियों ने कहा कि पहली बार फिल्म पॉलिसी पर इस प्रकार विस्तृत और पारदर्शी संवाद आयोजित किया गया है, जिससे फिल्म उद्योग जगत में विश्वास और उत्साह का वातावरण बना है। श्री

विवेक आचार्य ने राज्य में विकसित की जा रही फिल्म सिटी की जानकारी देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में फिल्म टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में राज्य फिल्म निर्माण और फिल्म पर्यटन का एक प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा। बैठक में प्रेमचंद्राकर, भूपेंद्र साहू, मोहित साहू, अनुज शर्मा, मोहन सुंदरानी, लखी सुंदरानी, मनोज वर्मा, राज वर्मा, सतीश जैन, रॉकी दसवानी, अनुपम वर्मा, श्रीमती गायत्री केशरवानी, संतोष जैन, अनुमोद राजवैद्य, प्रकाश अवस्थी, अरिहंत फिल्म्स, गजेंद्र श्रीवास्तव, चकोर फिल्म्स, राजन दादा, अलख राय, मनीष मानिकपुरी एवं अशोक तिवारी सहित अनेक फिल्म निर्माता एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक का समापन सकारात्मक वातावरण में हुआ। सभी हितधारकों ने राज्य में फिल्म उद्योग के समग्र विकास के लिए निरंतर सहयोग और समन्वय के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

बांगो परियोजना के लिए 8.34 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा जांजगीर-चांपा जिले के अंतर्गत हसदेव बांगो परियोजना की वितरक नहरों के कार्यों के लिए 8 करोड़ 34 लाख 54 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। जांजगीर-चांपा जिले के विकासखण्ड-पामगढ़ के अंतर्गत हसदेव बांगो परियोजना के अंतर्गत अकलतरा शाखा नहर के डुमरपाली वितरक नहर, हेड़सपुर वितरक नहर एवं डुड़गा वितरक नहर तथा उनके माईनरों के क्षतिग्रस्त लाईनिंग तथा अन्य कार्यों के लिए चार करोड़ 11 लाख 25 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के प्रस्तावित कार्यों को होने पर रूपांकित सिंचाई क्षेत्र 2493 हेक्टेयर में 280 हेक्टेयर की हो रही कमी की पूर्ति सहित पूर्ण रूपांकित क्षेत्र में सिंचाई सुविधा हो जाएगी।

सुविचार

बेहतरीन इंसान अपने आचार और व्यवहार से पहचाना जाता है वरना अच्छी बातें तो दीवारों पर भी लिखी होती हैं।

श्रीलंका के संसद साधुवाद के पात्र

जनभावनाओं का सम्मान करना जनप्रतिनिधियों का परम पूनित कर्त्व्य होता है। श्रीलंका के संसद साधुवाद के पात्र हैं जिन्होंने जनभावनाओं का सम्मान करते हुए सरकार द्वारा संसद में लाये गये पूर्व सांसदों की पेंशन को बंद करने के प्रस्ताव का समथर्न किया। श्रीलंका के न्याय मंत्री ने यह प्रस्ताव पेश करते हुए कहा था कि श्रीलंका की संसद में सांसदों का आचरण देखकर जनता चाहती है कि पूर्व संसदों का पेंशन बंद किया जाये। इसके बाद यह प्रस्ताव पारित हो गया। निश्चित रूप से श्रीलंका सरकार का यह निर्णय सराहनीय ही नहीं बल्कि अनुकरणीय पहल है। भारत में सोशल मीडिया पर इसे लेकर बहस छिढ गई है। यहां भी लोग चाहते हैं कि पूर्व सांसदो का पेंशन बंद किया जाये। यदि जनमत संग्रह कराया जाएगा तो अधिकांश लोग पूर्व सांसदों के पेशन को बंद करने के समर्थन में ही अपना मत देंगे। हालांकि भारत में सांसदों और विधायकों को पेंशन देना कानून सम्मत है किन्तु इसमें भी कई विशंगतियां हैं। कम से कम उन्हें तो दूर किया जाना चाहिए। सांसदों का वेतन और पेंशन तो तय है लेकिन अलग अलग राज्यों में विधायकों की पेंशन और वेतन दोनों में जमीन आसमान का अंतर है। सांसदों को तो पहले पच्चीस हजार रूपये मासिक पेंशन मिलती थी जिसे 24 मार्च 2025 को बढ़ाकर 31 हजार रूपये किया गया था। वहीं विधायकों की पेंशन 25 हजार से लेकर 50 हजार रूपये तक है। सांसदों और विधायकों की पेंशन की उनकी वरिष्ठता के आधार पर की जाती है। यदि कोई विधायक बाद में लोकसभा का सांसद बनता है और फिर राज्यसभा का भी सांसद बन जाता है तो उसे तीहरा पेंशन मिलता है। इसी तरह चार पांच बार के विधायकों को भी अधिक पेंशन मिलती है। ऐसे कई जनप्रतिनिधि हैं जिन्हें प्रतिमाह 3-4 लाख रूपये तक की पेंशन मिल रही है। इस विरोधाभाष को तो समाप्त किया जाना चाहिए। देश में पंजाब एकमात्र ऐसा राज्य है जहां आम आदमी पार्टी की सरकार ने एक विधायक एक पेंशन का नियम लागू किया है। वहां के विधायक चाहे कितनी भी बार विधायक बन चुके हों पूर्व विधायक के रूप में उन्हें एक ही पेंशन दी जाती है। पंजाब सरकार के इस फैसले का अन्य राज्यों को भी अनुकरण करना चाहिए। वर्तमान में पूर्व सांसदों और पूर्व विधायकों को पेंशन के रूप में हर माह करोड़ो का भुगतान किया जाता है साथ ही उन्हें अन्य सुविधाएं भी मुहैया कराई जाती है जिससे सरकारी खजाने पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। सरकारी कर्मचारियों को तो 30 साल की सेवा के बाद नाममात्र के पेंशन की पात्रता मिलती है जबकि सांसद और विधायक पांच साल के बाद ही पेंशन के रूप में हजारों रूपये पाने के अधिकारी बन जाते हैं। इस बारे में सरकार को श्रीलंका की सरकार से सीख लेकर कारगर पहल करनी चाहिए।

टीम इंडिया को इस हार से सबक लेने की जरूरत

टी-20 वर्ल्ड के सुपर 8 के पहले ही मैच में भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के हाथों 76 रनों से पराजित हो गई। पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने डेविड मिलर के तूफानी अर्धशतक की बदौलत 187 रन बनाए जिसके जवाब में टीम इंडिया सिर्फ 111 रनों पर ढेर हो गई। अहमदाबाद की इस पिच पर 187 रनों का लक्ष्य प्राप्त करना कोई मुश्किल काम नहीं था लेकिन भारतीय बल्लेबाजों ने तू चल मैं आया वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए अपने विकेट गवां दिये। टीम इंडिया के ओपनिंग बल्लेबाज चल पाये न मध्यम क्रम चल पाया और न ही पूच्छल्ले बल्लेबाजों ने रन बनाए। नतीजतन टीम इंडिया को शर्मनाक पराजय का सामना करना पड़ा। यह ठीक है कि इस मैच में दक्षिण अफ्रीका की टीम ने बेहतर खेल दिखाया और वह जीत की अधिकारी थी लेकिन भारतीय बल्लेबाजों से ऐसे शर्मनाक प्रदर्शन की किसी को उम्मीद नहीं थी। भारतीय गेंदबाजों ने तो फिर भी बेहतर काम किया और दक्षिण अफ्रीका को 225 रनों तक जाने से रोक कर 187 रनों पर ही समेट दिया। किन्तु भारतीय बल्लेबाजों का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। बहरहाल इस हार के बाद अब टीम इंडिया के सेमीफाइनल में पहुंचने की राह बेहद कठिन हो गई है। उसे अपने दोनों मैच जीतने होंगे और वह भी भारी अंतर से अन्यथा दोनों मैच जीतकर भी यदि उसका रन रेट कम हो जाता है तो वह सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो सकती है। टीम इंडिया को बीती ताही बिसार कर अब आगे की सुध लेना चाहिए और अपनी इस हार से सबक लेकर बाकी बचे दोनें मैचों में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करनी चाहिए तभी वह एक बार फिर वर्ल्ड कप जीतने में सफल होगी।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू ऋतेश्वर

◆ आज का ये दिन कल बन जाएगा। कल को तुम पीछे मुड़ के न देख प्यारे !! आगे बढ़ते चलकृ आगे बढ़ते चल।

◆ जिसने जीते जी एक बार इस शरीर को मिटा दिया, जिसने खुद ही को मिटा दिया; उस मिट जाने का नाम ही जिंदा होना है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 1894 - निकारागुआ ने होंडुरास की राजधानी तेगुसिगालपा पर क़ब्ज़ा किया। 1895 - क्यूबा में स्वतंत्रता प्राप्ति के लिये लड़ाई शुरु हुई। 1942 - नाजी नेताओं के दुष्प्रचार का जवाब देने के लिए वॉयस ऑफअमेरिका ने जर्मन में अपना पहला प्रसारण किया। 1961 - मद्रास की सरकार ने राज्य का नाम बदलकर तमिलनाडु करने का फैसला किया। 1976 - अर्जेन्टीना में सेना प्रमुखों द्वारा बलात् सत्ता ग्रहण, राष्ट्रपति श्रीमती पैरों गिरफ्तार एवं संसद भंग। 1983 - असम में तीन सप्ताह की जातीय और राजनीतिक हिंसा में 1300 से ज्यादा लोगों की मौत। 2001 - पाकिस्तान भारत से परमाणु निवारण के लिए वार्ता को तैयार। 2002 - कनाडा ने पुरुषों की आइस हॉकी स्पर्धा में 50 वर्ष बाद पहला स्वर्ण पदक जीता। कनाडा को आइस हॉकी का जनक माना जाता है। देश की महिला टीम ने इससे तीन दिन पहले ही स्वर्ण पदक जीता था। 2003 - चीन के जिजियांग प्रान्त में भीषण भूकम्प से 257 मरे।

अमेरिकी करों का बदलता स्वरूप और भारत की रणनीति

महेन्द्र तिवारी

जी-20 और क्वाड जैसे समूह भी इस दिशा में कूटनीतिक दबाव बनाने के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। जवाबी कर लगाना एक अंतिम विकल्प होना चाहिए, क्योंकि इससे व्यापार युद्ध की स्थिति उत्पन्न हो सकती है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए हानिकारक होगी, जैसा कि हमने 2018 में देखा था। डिजिटल सेवाओं और सॉफ्टवेयर निर्यात के क्षेत्र में भारत की स्थिति अधिक सुरक्षित है क्योंकि ये क्षेत्र भौतिक वस्तुओं पर लगने वाले सीमा शुल्कों से कम प्रभावित होते हैं। भारत को अपनी इस शक्ति का लाभ उठाना चाहिए। साथ ही, निर्यातकों के लिए बीमा योजनाओं और धन वापसी की प्रक्रियाओं को सरल बनाना होगा ताकि उनकी कार्यशील पूंजी अवरुद्ध न हो।

ट्रंप प्रशासन द्वारा वैश्विक आयात पर लगाए गए नए करों ने अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक जगत में एक अभूतपूर्व हलचल पैदा कर दी है। वर्ष 2026 के शुरुआती महीनों में अमेरिकी शासन और न्यायपालिका के बीच जो खींचतान देखने को मिली है, उसने भारत जैसे बड़े व्यापारिक साझेदारों के लिए अनिश्चितता और अवसर दोनों की स्थिति उत्पन्न की है। 20 फरवरी 2026 को अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रपति द्वारा पूर्व में लगाए गए कुछ विशेष शुल्कों को अवैध ठहराते हुए यह स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम के तहत दी गई शक्तियों का असीमित उपयोग नहीं किया जा सकता। इस न्यायिक निर्णय ने भारत के लिए कुछ समय के लिए राहत की स्थिति उत्पन्न की थी क्योंकि इससे पारस्परिक करों की दर जो अठारह से पच्चीस प्रतिशत तक जा सकती थी, वह घटकर न्यूनतम व्यापारिक दरों पर आने की संभावना बन गई थी। किंतु इसके तुरंत बाद अमेरिकी नेतृत्व ने व्यापार अधिनियम 1974 की धारा 122 का प्रयोग करते हुए वैश्विक स्तर पर पहले दस प्रतिशत और फिर पंद्रह प्रतिशत के नए शुल्कों की घोषणा कर दी। यह नए शुल्क 150 दिनों की अवधि के लिए लागू किए गए हैं, जिसका मुख्य आधार भुगतान संतुलन की समस्या को बताया गया है। भारत के दृष्टिकोण से देखें तो अमेरिका उसका सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है, जहाँ वह प्रतिवर्ष लगभग अठारह प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ अठहत्तर अरब डॉलर से अधिक का माल भेजता है। अमेरिकी प्रशासन का यह तर्क कि अन्य देश दशकों से उनका शोषण कर रहे हैं और व्यापार घाटे को कम करना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक है, भारत के लिए एक बड़ी चुनौती पेश करता है। भारतीय वाणिज्य मंत्रालय ने इन परिस्थितियों का सूक्ष्मता से आकलन करना आरंभ कर दिया है। 25 फरवरी 2026 से प्रभावी होने वाले इन पंद्रह प्रतिशत के शुल्कों का सीधा प्रहार भारत के औषधीय निर्माण, वस्त्र उद्योग और अभियांत्रिकी वस्तुओं पर पड़ेगा। भारतीय औषधीय क्षेत्र का लगभग बीस प्रतिशत निर्यात केवल अमेरिका को होता है, जो अब महंगा हो जाएगा। इसी प्रकार वस्त्र उद्योग में दस प्रतिशत की हिस्सेदारी और अभियांत्रिकी वस्तुओं की व्यापक पहुंच पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। अमेरिकी वित्त विभाग ने यह भी संकेत दिया है कि यद्यपि यह कदम

वर्तमान में अस्थायी हैं, परंतु आने वाले समय में राष्ट्रीय सुरक्षा और अनुचित व्यापार प्रथाओं से संबंधित अन्य धाराओं के अंतर्गत इन्हें स्थायी रूप से भी लागू किया जा सकता है।

भारत की प्रतिक्रिया इस पूरे विवाद में बहुत ही संतुलित और परिपक्व रही है। भारत सरकार ने नियम-आधारित व्यापार व्यवस्था पर जोर देते हुए यह स्पष्ट किया है कि वह बातचीत के माध्यम से समाधान निकालने की पक्षधर है। 7 फरवरी 2026 को जारी किए गए संयुक्त वक्तव्य में भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में एक बड़ा बदलाव करते हुए रूस से कच्चा तेल खरीदने की मात्रा कम करने और उसके बदले अमेरिका से ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी और कोयले की खरीद बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई है। यह अनुमान लगाया गया है कि भारत आने वाले समय में अमेरिका से लगभग पांच सौ अरब डॉलर की खरीद कर सकता है, जो दोनों देशों के बीच व्यापारिक संतुलन को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगा। भारत का मानना है कि यदि द्विपक्षीय व्यापार समझौता सफलतापूर्वक संपन्न होता है, तो वह इन अतिरिक्त शुल्कों से मुक्ति पा सकता है। भारतीय संघ बजट 2026 में भी इस दिशा में दूरदर्शिता दिखाई गई है, जहाँ निर्यातकों को राहत देने के लिए सीमा शुल्क में कटौती की गई है। व्यक्तिगत आयात पर करों को बीस प्रतिशत से घटाकर दस प्रतिशत करना इसी रणनीति का हिस्सा है ताकि घरेलू विनिर्माण को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया जा सके।

भारत की आगामी रणनीति बहुआयामी होनी चाहिए ताकि अमेरिकी बाजार पर उसकी निर्भरता कम हो और वह एक स्वावलंबी आर्थिक शक्ति के रूप में उभर सके। सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ निर्यात का विविधीकरण है। भारत को अब केवल अमेरिका पर केंद्रित न रहकर यूरोपीय संघ, दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों के संगठन और अफ्रीकी महाद्वीप के उभरते बाजारों की ओर देखना होगा। उन देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर पुनः विचार करना आवश्यक है जहाँ भारतीय वस्तुओं की मांग बढ़ सकती है। दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष घरेलू विनिर्माण क्षमता को सुदृढ़ करना है। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाओं के माध्यम से भारत ने पहले ही स्मार्टफोन और विद्युत चालित वाहनों के क्षेत्र में सफलता प्राप्त की है, जिसे अब अन्य क्षेत्रों में भी दोहराने की आवश्यकता है। मूल्य संवर्धन की श्रृंखला में ऊपर की ओर बढ़ना भारत के लिए अनिवार्य है ताकि वह केवल कच्चे माल का निर्यातक न रहकर उच्च तकनीक वाली वस्तुओं का निर्माता बने। इस व्यापारिक विवाद ने 'मित्र-तटीयकरण' की अवधारणा को भी जन्म दिया है, जिसका अर्थ है कि अमेरिकी कंपनियां चीन जैसे देशों से अपना उत्पादन हटाकर भारत जैसे मित्र राष्ट्रों में स्थानांतरित करें। यह लंबी अवधि में भारत के लिए वरदान सिद्ध हो सकता है। यदि अमेरिकी कंपनियां भारत में निवेश करती हैं और यहाँ से वैश्विक आपूर्ति सुनिश्चित करती हैं, तो टैरिफके प्रभाव को कम किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, भारत को विश्व व्यापार संगठन जैसे बहुपक्षीय मंचों पर भी अपनी आवाज बुलंद रखनी होगी। यदि अमेरिकी प्रशासन धारा 122 का दुरुपयोग करता है, तो भारत को अन्य प्रभावित राष्ट्रों के साथ मिलकर एक सामूहिक मोर्चा बनाना चाहिए।

बुनियादी ढांचे के लिए भारत की संस्थागत संरचना

अरिहन्तक कुमार

मीटिंग के एजेंडा, मिनट्स और समीक्षा दस्तावेज सीधे डेटा से जेनरेट होते हैं, जिससे रूटीन रिपोर्टिंग का काम कम होता है और फैसले लेने पर फोकस बढ़ता है। नतीजतन, ज़्यादातर मुद्दे इस टेक्नोलॉजी-सक्षम समन्वयय के ज़रिए चुपचाप हल हो जाते हैं, जबकि ज़्यादा जटिल, अंतर-मंत्रालयी रुकावटों को एक कैलिब्रेटेड फ्रेमवर्क के ज़रिए टॉप प्लेटफॉर्म तक पहुंचाया जाता है। यह वृद्धि नाटकीय नहीं होती; यह सोच समझकर की जाती है। इस तरह, पीएमजी को केंद्र में रखकर बनाया गया यह प्रगति इकोसिस्टम, टेक्नोलॉजी और गवर्नेंस को जोड़ता है, डेटा को फैसलों में और फैसलों को डिलीवरी में बदलता है। इस सिस्टम में, काम पूरा होना सिर्फएक उम्मीद नहीं है, बल्कि एक अपेक्षा है। मैंने देखा है कि मंत्रालयों और राज्यों में व्यवहार कैसे बदला है। जब हर कोई एक ही सच देखता है, तो बिखराव असहज हो जाता है।

आज़ादी के बाद से, बुनियादी ढांचे ने भारत की प्रगति की सोच को आकार दिया है। कल्पना साफ़ थीः रेलवे दूर-दराज के इलाकों को जोड़ेगी, राजमार्ग राज्यों के बीच व्यापार करेंगे, बांध ऊर्जा और सिंचाई का आधार बनेंगे, और बिजली की लाइनें सबसे दूर के गांवों तक रोशनी पहुंचाएंगी। जैसे-जैसे प्रोजेक्ट बड़े होते गए, वे और भी उलझते गए। ज़मीन मंज़ूरी का इंतज़ार करती रही, मंज़ूरी डिज़ाइनों का इंतज़ार करती रहीं, डिज़ाइन उपयोग बदलने का इंतज़ार करते रहे, और इसके लाभ दूसरे कार्यालय, दूसरे अधिकार क्षेत्र, दूसरी फ़ाइल में दबी मंज़ूरियों का इंतज़ार करती रहीं। हर देरी का एक कारण था, हर कारण का कोई जिम्मेदार था, और फिर भी कोई भी असल में नतीजे की ज़िम्मेदारी नहीं लेता था। सालों तक, अनेक परियोजनाएं टुकड़ों-टुकड़ों में चलती रही, जिनकी समीक्षा अलग-अलग की गई, बाद में सफाई दी गई, और हमेशा के लिए देरी होती रही। जब तरक्की रुकी, तो ज़िम्मेदारी प्रक्रिया में घुल गई। हर जगह हलचल थी, लेकिन कहीं भी गति नहीं थी। जिस चीज़ की कमी थी, वह इरादा या निवेश नहीं था, बल्कि एक ऐसा फोरम था जहाँ आपस में जुड़ी हुई रुकावटों को एक साथ देखा जा सके, एक साथ सुलझाया जा सके और उन्हें खत्म किया जा सके। प्रोजेक्ट गवर्नेंस में इसी शांत लेकिन महत्वपूर्ण कमी को प्रगति के नेतृत्वझ वाले इकोसिस्टम ने भरने का बीड़ा उठाया। प्रगति, समीक्षा की एक नई परत के रूप में नहीं आई, बल्कि एक ऐसे जंक्शन के रूप में आई जहाँ समानांतर ट्रैक आखिरकार मिले। इसकी कल्पना 2015 में की गई, यह देखने में एक आसान सा विचार थाः कि निगरानी से फैसले होने चाहिए, और फैसलों का नतीजा डिलीवरी होना चाहिए। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में, यह केन्द्रीय सचिवों और राज्य के मुख्य सचिवों को एक साथ लाया, और उन लोगों को एक साथ जोड़ा जिनके पास राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं और उनकी रुकावटों के बारे में एक ही, साझा नज़रिए के साथ काम करने की शक्ति थी। उस कमरे में, देरी अब भाषा के पीछे छिप नहीं सकती थी। विशेष उपलब्धियों की जांच की गई, मुद्दों को सामने लाया गया, और

सीधे सवाल पूछे गए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ज़िम्मेदारी का एक नाम, एक निर्धारित समय और वापस आने की तारीख तय की गई। फिर भी, प्रगति की असली कहानी सिर्फ़ इन उच्चमस्ततरीय समीक्षाओं के दौरान सामने नहीं आती। यह उस शांत, लगातार चल रहे काम में ज़िंदा रहती है जो इनसे पहले और बाद में होता है। यह तैयारी का अनुशासन, संस्थागत स्मृति और फॉलो-थ्रू प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप (पीएमजी) द्वारा प्रदान किया जाता है, जो इस ईकोसिस्टम परिचालन की रीढ़ है। मैंने पीएमजी को उस तरह से बढ़ते देखा है जैसे संस्थाएं शायद ही कभी बढ़ती हैं, धैर्य और उद्देश्य के साथ। जो एक साधारण डिजिटल इंटरफ़ेस के रूप में शुरू हुआ था, वह एक परिपक्व, टेक्नोलॉजी-संचालित, उपलब्धियों पर आधारित निगरानी प्लेटफ़ॉर्म में विकसित हो गया है जिसने भारत में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर नजर रखने और समाधान का तरीका बदल दिया है। इस वास्तुथकला के भीतर, पीएमजी समेकन और विश्लेषण के पहले बिंदु के रूप में कार्य करता है, जो प्रहरी और संचारक दोनों के रूप में काम करता है। टीम परियोजनाओं पर बारीकी से नजर रखती है, ज़मीनी हकीकत सुनती है, दावों को प्रमाणित करती है, और जटिल इनपुट को प्रगति के तहत उच्च-स्तरीय समीक्षाओं के लिए संरचित जानकारियों में बदलती है। जो जानकारी पहले फ़ाइलों, पत्राचार और समय-समय पर होने वाली समीक्षाओं में बिखरी रहती थी, वह अब एक ही डिजिटल सिस्टम में समेकित हो गई है, जिसमें प्रगति, लागत, समय-सीमा, उपलब्धि और ज़मीन से मिली तस्वीरों के सबूतों पर वास्ततविक समय के आंकड़े शामिल है। आज, कैबिनेट द्वारा स्वीकृत प्रोजेक्ट मंज़ूरी के कुछ ही दिनों के भीतर सिस्टम में आ जाते हैं, उनकी यात्रा लगातार डेटा प्रवाह के माध्यम से मैप की जाती है जिससे पिछली रिपोर्टिंग के बजाय मौजूदा वास्तविकताओं के आधार पर निर्णय लिए जाते हैं। इस प्लेटफ़ॉर्म की सबसे खास बात इसकी ढांचागत परियोजना और इश्यू ट्रैकिंग फ्रेमवर्क है। कार्यान्वहयन में आने वाली रुकावटें अब चिट्ठियों या अटैचमेंट में छिपी नहीं रहतीं; उन्हें औपचारिक तौर पर लॉग किया जाता है, टाइम-स्टैम्प किया जाता है, और संबंधित साझेदार को समाधान के लिए तय टाइमलाइन के साथ साफ तौर पर जिम्मेदारी सौंपी जाती है। इसमें शुरू से ही पारदर्शिता शामिल है। केन्द्री य मंत्रालय, राज्य सरकारें, जिला प्रशासन और परियोजना चलाने वाले सभी एक ही जानकारी एक साथ देखते हैं, टिप्पणियां दे सकते हैं, अपडेट अपलोड कर सकते हैं और काम पूरा होने तक प्रगति पर निगरानी रख कर सकते हैं। यह साझा विजिबिलिटी जवाबदेही को पूरी तरह से बदल देती है। रोल-बेस्ड डैशबोर्ड पर्सनलाइज्ड व्यू देते हैं, जिससे सीनियर लीडरशिप से लेकर जिला प्रशासन तक के अधिकारी यह देख पाते हैं कि उनके अधिकार क्षेत्र में किस चीज़ पर ध्यान देने की ज़रूरत है। ऑटोमेटेड अलर्ट, रिमाइंडर और कम्प्लायंस ट्रैकिंग यह पक्का करते हैं कि मुद्दे समय के साथ खत्म न हों, बल्कि समाधान होने तक बार-बार सामने आते रहें।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

सुबह सुबह अपने ग्रहों को ठीक करने वाले गौ माँ और कुत्तो को ब्रेड खिलाने वाले आप का एक ग्रह कभी ठीक नहीं होगा वो है पृथ्वी ग्रह क्यो की आप सारे पोलीथिन पैकेट वही फेक रहे है । गंदगी फैला रहे है जब आप बड़ी मात्रा में ले रहे तो बोर में या थैले में लाए ,या अपना पोलीथिन वापस ले के जाए ।जब धरा ही नहीं रहेगी तो कौन सा ग्रह ठीक करोगे।

– ऋतु दुबे

सितम का ब्याज इतना चढ़ा आँखों में देखने की ताकत न रही अपाहिज मन लिये जैसी न थी,वैसी हूँ मैं वक्त का एक एक कर्ज़ उतार दिया जब मैंने तो अब सोच रहे हो ,कैसी हूँ मैं मेरे ज़ख़्मी दिल से आकर पूछ तो लो कितना दर्द लिए बैठी हूँ मैं – निधि मानवी

वो बोल कर गये , रुको कुछ पल , मैं अभी लौट आता हूँ , तब से खडा हूँ ,उसी दर पर , निगाहों को रास्ते से लगा कर , कि अब लौटेंगे वो। वो भूल गये रास्ता या , पल ही नही बढ़ते , मैं कही बेताब तो नही , या निगाहे यु ही बेकरार तो नही , मुझे भरोसा तो है उनकी बातो पर , पर इस जालिम दुनिया पे ऐतबार नही।। – नमन कुमार मिश्रा 'नमन'

कह दिया किसने निगाहों को झुका रक्खा है ख्वाब तेरा ही तो पलकों पे सजा रक्खा है बस सलामत रहे तू और तेरी दुनिया ये मैंने हर शह का तभी नाम दुआ रक्खा है।

– वंदना मोदी गोयल

ये ज़िंदगी भी कितना दौड़ाएगी नहीं पता मुझे ये ज़िंदगी और कितना रुलाएगी नहीं पता मुझे ये ज़िंदगी कितना संघर्ष करवाएगी नहीं पता मुझे ये ज़िंदगी कितना ठोकर लगाएगी नहीं पता मुझे ये ज़िंदगी कितनी दफ़ा गिराएगी नहीं पता मुझे पता बस इतना है हालात मेरे चाहे जैसे भी हों; बात चाहे जो भी हो मैं हार नहीं मानूँगी।

– पूजा बहार

छोड़ दू या तो मैं सारा हिसाब लिखूं। कमल तेरे सितम पर या किताब लिखूं।। जिसे पढ़ते ही सब तेरे खिलाफहो जाएं। सोचता हूं इश्क मे वो इंकलाब लिखू।। तेरे चेहरे से उठे अगर सवाल कभी। तेरे चेहरे को पढ़कर ही मैं जवाब लिखू।। कोई पूछे तो आकर के एक बार मुझे। तुझसे ज्यादा मैं अपना इश्क कामयाब लिखू।। आपका दिन शुभ और मंगलमय हो

– कमलकांत डोंगरे

भारत माँ को दे रहा, बार बार ये कष्ट। सुधरेगा कब क्या पता, बुद्धिहीन निकृष्ट।। ऐसा कैसा आपका, देश विरोधी राग। लोकतंत्र पर देश के,लगा दिया फिर दाग।। बैठे थे जिस डाल पर, वही काटते डाल। इज्जत पर फिर देश की, कीचड़ दिया उछाल ।। बारे में जिसके नहीं,जिसे तनिक भी बोध। ए आई का कर रहा, वो भी मुआ विरोध।।

– रमेश शर्मा वशिष्ट

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज के दिन आपके व्यक्तित्त्व में निखार रहेगा लेकिन स्वभाव का जिद्दीपन अन्यलोगों विशेषकर परिजनों के लिये भारी पड़ेगा। जाने अनजाने में कोई अनैतिक कर्म करेंगे जिसे बाद में परिजनों को भुगतना पड़ेगा।

वृषः आज आप जिस भी कार्य को करना आरंभ करेंगे या करने का विचार करेंगे उसमे कोई ना कोई बिना मांगे अपनी राय देगा जिससे कुछ समय के लिये दुविधा में पड़ेंगे।

मिथुनः आज के दिन आपको बैठे बिठाये आकस्मिक लाभ की प्राप्ति होगी चाहे किसी भी रूप में हो। दिन का पहला भाग धीमी दिनचार्य के कारण खराब होगा।

कर्कः आज के दिन आप कोई नापसंद कार्य करने पर गुस्से में रहेंगे लेकिन कार्य क्षेत्र पर अनुकूल वातावरण भी मिलते रहेंगे। सेहत आज ठीक रहेगी वर्जित कार्यो से बचे।

सिंहः आज का दिन आपके लिये आरामदायक रहेगा लेकिन आज बेतुकी बयानबाजी से बचना होगा अन्यथा बैठे बिठाये अपमानित हो सकते है।

कन्याः आज परिस्थिति में थोड़ा सुधार अनुभव करेंगे लेकिन कामना पूर्ति में आज भी कोई न कोई अड़चन बनी रहेगी। मध्यान से पहले कोई भी महत्तवपूर्ण निर्णय ना ले अन्यथा अधूरा रह सकता है।

तुलाः आज के दिन आपका व्यवहार ढुलमुल रहेगा मध्यान तक आप प्रत्येक कार्य मे आलस्य दिखाएंगे लेकिन बेमन से घरेलू कार्य करने ही पड़ेंगे।

वृश्चिकः आज के दिन परिजनों का व्यवहार आपके स्वभाव पर निर्भर रहेगा इसलिये सनकी मिजाज त्याग मिलनसार बने अन्यथा आज सुख चैन से नही बैठ पाएंगे। स्वास्थ्य आज सामान्य रहेगा।

धनुः आज आप बीते कल की तुलना में कुछ संतोषि रहेंगे लेकिन महिला वर्ग इसके विपरीत अन्य लोगो से स्वयं एवं परिवार की तुलना करने पर कुछ समय के लिये उदास रहेंगी।

मकरः आज के दिन भी आप अपने ही स्वभाव के कारण घर मे अशांति का कारण बनेंगे। घर मे स्त्री वर्ग से सावधान रहें आपकी छोटी-छोटी बातों को भी बक्सने वाली नही।

कुंभः आज का दिन कुछ कार्यो को छोड़ व्यर्थ की भागदौड़ में बीतेगा घरेलू कार्यो को लेकर किसी से बहस होकर दिन का आरंभ होगा मध्यान तक इसका प्रभाव मस्तिष्क पर रहेगा इसके बाद ही स्थिति सामान्य हो पायेगी।

मीनः आज आप किसी भी कार्य को लेकर गंभीर नही रहेंगे दिन के आरंभ से ही आलस्य और सुस्ती बनी रहेगी मध्यान बाद किसी आवश्यक कार्य को लेकर पिता अथवा घर के अन्य सदस्य से कहासुनी हो सकती है।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) गुजरात के किस जिले को जारोसाइट जमा होने के कारण मंगल ग्रह जैसा स्थल माना गया है?

2) बीजक लेख किस राजा से सम्बंधित है?

3) जाड़े के दिनों में तमिलनाडु के तटों पर होने वाली वर्षा का मुख्य कारण क्या है?

4) लोक संवर्धन पर्व के 5वें संस्करण का आयोजन कहाँ किया गया था?

5) हाल ही में, विजयनगर काल के 103 छापयुक्त स्वर्ण सिक्के किस राज्य में खोजे गए हैं?

उत्तरमाला- (1) कच्छ (2) अशोक (3) लौटता मानसून (4) केरल (5) तमिलनाडु

पहेली

शब्द सामर्थ्य -325

डॉ. अम्बेडकर विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 'विश्व चिंतन दिवस'

मुंगेली/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अम्बेडकर उच्चतर माध्यमिक आवासीय विद्यालय में विश्व स्काउट चीफलार्ड बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन पावेल के जन्मदिन को संस्था के व्यवस्थापक एच.आर.भास्कर एवं जिला स्काउट संघ के कोषाध्यक्ष संतोषकुमार यादव के विशिष्ट आतिथ्य में चिंतन दिवस के रूप में मनाया गया।

सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा लार्ड बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन पावेल तथा डॉ.भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन कर पुष्प अर्पित किया गया। तत्पश्चात सर्वधर्म प्रार्थना की गई। प्रार्थना पश्चात ध्वज शिष्टाचार कर एक दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में लार्ड बेडेन पावेल के जीवनगाथा पर प्रकाश डाला गया तथा बच्चों को टोलीवार विभाजन कर विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई। संस्था की प्राचार्य आशा दिवाकर ने कहा कि मैं भी दो-दो बार राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र पचमढ़ी जाकर प्रशिक्षण प्राप्त की हूं मैंने पाया है कि यह संस्था लड़कियों को लैंगिक समानता, शिक्षा और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए प्रेरित करता है। विश्व की ऐसी कोई भी संस्था नहीं है जो लड़कों एवं लड़कियों को बराबरी का अवसर दे। विशिष्ट अतिथि संतोषकुमार यादव ने कहा कि 118 वर्ष पहले बेडेन पावेल ने 20 बच्चों को लेकर पहला शिविर लगाया होगा तो उन्होंने आज की स्थिति के बारे में कल्पना भी नहीं कर पाया होगा। तात्कालिक समय में उसके इस योजना का कई देशों ने घोर विरोध किया पर आज उन देशों के साथ ही साथ विश्व

स्तर पर उसकी इस योजना को जो मान्यता मिली है वह आज विश्वभर में विभिन्न आयु वर्ग के बच्चे से लेकर युनिट लीडर ही नहीं वरन समाज पर व्यापक अनुकूल प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। जिला प्रशिक्षण आयुक्त राजेन्द्र दिवाकर ने कहा कि आज स्काउटिंग से जुड़े सदस्यों की जीवनशैली ही बदल गई है मानों वे जीवन जीने की कला सिख गये हों।

स्काउटिंग: जीवन जीने की कला और नेतृत्व क्षमता का विकास

विद्यालय की प्राचार्य आशा दिवाकर ने अपने पचमढ़ी प्रशिक्षण के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि स्काउटिंग संस्था लड़कियों में लैंगिक समानता और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का विश्व का सबसे सशक्त माध्यम है। जिला प्रशिक्षण आयुक्त राजेन्द्र दिवाकर ने जोर देते हुए कहा कि आज स्काउटिंग से जुड़े सदस्यों की जीवनशैली बदल गई है और वे समाज के लिए कुशल नागरिक के रूप में उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। उन्होंने 'मेंबरशिप ग्रोथ' और आपसी कमजोरियों को दूर कर संगठन को मजबूत करने पर चिंतन करने की बात कही।

न्यूज गैलरी

शादी का झांसा देकर युवती से यौन शोषण: आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

लखनपुर/नवप्रदेश। थाना लखनपुर क्षेत्र के ग्राम पुहपुटरा में शादी का झांसा देकर एक युवती के साथ यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी दिनेश राजवाड़े (पिता- दीपक राजवाड़े, निवासी पुहपुटरा) ने एक युवती को शादी करने का झूठा वादा किया और उसे पत्नी बनाकर रखने का प्रलोभन दिया। आरोप है कि इस झांसे में आकर युवती लंबे समय तक आरोपी के साथ शारीरिक संबंध बनाती रही। जब युवती ने युवक पर शादी करने का दबाव बनाया, तो वह अपने वादे से मुकर गया। खुद को ठगा हुआ महसूस करने पर पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। हालांकि, शुरुआती जांच में यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है। लखनपुर पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी युवक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 के तहत मामला दर्ज कर लिया है और मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

मजगांव में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी का भूमिपूजन

मुंगेली/नवप्रदेश। जनपद सदस्य तरूण पाटले फंदवानी ने ग्राम पंचायत भरूहागुड़ा के आश्रित ग्राम मजगांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पानी टंकी निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच संगम गर्ग, उपसरपंच धनु बंजारा, भूतपूर्व सरपंच अशोक यादव, प्रमोद पाटले एवं मालिक राम सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यह निर्माण कार्य जनहित में किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी।

भारतीय थल सेना अग्निवीर भर्ती एक अप्रैल तक कर सकते हैं आवेदन

अंबिकापुर/नवप्रदेश। उपसंचालक रोजगार ने बताया कि भारतीय थल सेना (अग्निवीर) भर्ती के लिये ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। इच्छुक अभ्यर्थी 01 अप्रैल 2026 तक अधिकारिक वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती के अंतर्गत अग्निवीर (पुरुष), जनरल तकनीकी, लिपिक/स्टोरकीपर, ट्रेडमैन ड्युटी अग्निवीर, टेक्निकल, अग्निवीर क्लर्क, स्टोर कीपर एवं अग्निवीर ट्रेड के पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जावेगी। इस भर्ती रैली में सम्मिलित होने के लिए आवेदकों की अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता पदवार 8वी, 10वीं उत्तीर्ण तथा अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) सहित स्थायी कैडर नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट (वेट) एवं सिपाही फार्मा के पदों पर भर्ती की जाएगी। ऑनलाईन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) 1 जून से 10 जून 2026 के मध्य आयोजित किए जाने की संभावना है। परीक्षा से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश समय-समय पर आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए जाएंगे। अभ्यर्थी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के समीप स्थित सेना भर्ती कार्यालय नया रायपुर के दूरभाष क्रमांक 0771-2965214 पर संपर्क कर सकते हैं।

जनगणना कार्य में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए जारी निविदा निरस्त

अंबिकापुर/नवप्रदेश। अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी ने बताया कि भारत की जनगणना 2027 कार्य हेतु जिला कार्यालय एवं जिले के अंतर्गत समस्त तहसीलों एवं नगरीय निकायों में तकनीकी सहायकों एवं बहु कार्य कर्मचारियों हेतु 16 कार्मिक की कुल 18 माह की अवधि हेतु नियुक्ति के लिए निविदा जारी किया गया था। यह निविदा अपरिहार्य कार्यों से निरस्त की जाती है। नवीन निविदा आहूत किये जाने की सूचना पृथक से प्रकाशित की जाएगी।

सारड़ा एनर्जी एंड मिनरल्स की स्पर्धा में ब्लैक डायमंड अव्वल

रायगढ़/नवप्रदेश। जिले के सारड़ा एनर्जी एंड मिनरल्स में क्रीड़ा सप्ताह के तहत अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। शुक्रवार को क्रिकेट प्रतियोगिता दो टीमों के बीच खेली गई। अलग-अलग विभागों से बनी टीमों के मुकाबले में ब्लैक डायमंड टीम विजेता रही। विजेता टीम को प्लांट हेड अरूप पाल और प्लांट के अन्य अधिकारियों ने पुरस्कार प्रदान किया। खिलाड़ियों में उत्साह देखने को मिला और आयोजन सफल रहा।

नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले रिश्तेदार को 20 वर्ष की सजा

मुंगेली/नवप्रदेश। अतिरिक्त सत्र न्यायालय ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में रिश्तेदार को 20 वर्ष का कठोर कारावास तथा 1000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय ने पीड़िता के पुनर्वास और सहायता के लिए 5 लाख रुपये क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करने का भी आदेश दिया है।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सोम एफ्टीसी न्यायालय मुंगेली ने नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के गंभीर मामले में पीड़िता के रिश्तेदार मौसा को दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास तथा 1000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय ने पीड़िता के पुनर्वास और सहायता के लिए 5 लाख रुपये क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करने का भी आदेश दिया है। न्यायालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मामला थाना जरहागांव से संबंधित है, जिसमें आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 65(1)(इ) तथा पॉक्सो अधिनियम की धारा 4(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। घटना 31 जनवरी 2025 की है। पीड़िता अपने रिश्तेदारों के साथ एक कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। इसी दौरान आरोपी रिश्तेदार ने उसे बहला-फुसलाकर मोटरसाइकिल से सुनसान स्थान पर ले जाकर जबरन दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता ने अपने परिजनों को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद मामला थाना जरहागांव में दर्ज कराया गया। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया।

सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों, पीड़िता के बयान तथा चिकित्सकीय रिपोर्ट के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाया। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि आरोपी का कृत्य अत्यंत गंभीर एवं निंदनीय है, जिससे नाबालिग की शारीरिक एवं मानसिक स्थिति पर गहरा प्रभाव पड़ा है। इसी को ध्यान में रखते हुए कठोर सजा सुनाई गई है। इसके अतिरिक्त न्यायालय ने राज्य शासन को निर्देश दिया है कि पीड़िता को 5 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की जाए।

साक्ष्यों के आधार पर सुनाया फैसला

मामले की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सोम की अदालत में हुई। अभियोजन पक्ष ने पीड़िता के बयान, चिकित्सकीय रिपोर्ट और ठोस साक्ष्य न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए। इन साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने आरोपी को भारतीय न्याय संहिता की धारा 65(1)(इ) तथा पॉक्सो अधिनियम की धारा 4(2) के तहत दोषी ठहराया।

सीजीपीएससी परीक्षा: 12 केंद्रों में कुल 8973 परीक्षार्थी हुए शामिल

दो पालियों में शांतिपूर्ण संपन्न हुई प्रारंभिक पीएससी परीक्षा

अंबिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रारंभिक पीएससी परीक्षा जिले के 12 परीक्षा केन्द्रों में आज शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में दो पालियों में संपन्न हुई। परीक्षा के सफल एवं निष्पक्ष संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर सुरक्षा, गोपनीयता तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं।

प्रथम पाली में कुल 5601 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 4515 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 1088 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में भी 5601 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 4460 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए तथा 1141 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों को मिलाकर कुल 8973 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा केन्द्रों में अभ्यर्थियों के प्रवेश से पूर्व सघन जांच की गई तथा आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन कराया गया। जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक दलों एवं उड़नदस्ता टीमों ने परीक्षा केन्द्रों का निरंतर निरीक्षण किया। संपूर्ण परीक्षा अवधि के दौरान कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य एवं नियंत्रण में रही। प्रशासन की सतर्कता एवं समन्वय से परीक्षा शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

सांसद ने कॉलेज को 5 लाख देने की घोषणा की

रायगढ़/नवप्रदेश। किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान कॉलेज के सत्र 2025-26 के वार्षिक स्नेह सम्मेलन का शुभारंभ 20 फरवरी को उत्साह और गरिमा के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राधेश्याम राठिया थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुमित शर्मा (जिलाध्यक्ष भाजयुमो) और पूर्व महामंत्री प्रशांत सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि ने कॉलेज को पांच लाख रुपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना से हुई। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ और बैज लगाकर किया गया। मुख्य अतिथि का सम्मान शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। स्नेह सम्मेलन के अंतर्गत 16 फरवरी से निबंध, युवा संसद, भाषण, प्रश्न मंच, रंगोली, अल्पना, मेहंदी, अपशिष्ट से विशिष्ट, पाककला, सलाद सज्जा, आनंद मेला, रस्सा-कस्सी, क्रिकेट और वॉलीबॉल सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मकता और खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्टाफ के बीच भी क्रिकेट प्रतियोगिता कर सहभागिता की भावना को प्रोत्साहित किया गया।

मुंगेली रेडक्रास के प्रतिनिधियों ने राज्यपाल से की भेंट

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला मुंगेली से रेडक्रास सोसाइटी के राज्य प्रबंध समिति के सदस्यों ने राज्यपाल रमेन डेका से लोकभवन में सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर छत्तीसगढ प्रदेश में रेडक्रास की वर्तमान गतिविधियों तथा भावी योजनाओं पर सदस्यों चर्चा कर राय ली।

रेडक्रास सोसाइटी के राज्य प्रबंध समिति के सदस्य डॉ. गिरीश कुर्रे द्वारा मुंगेली जिले में कलेक्टर कुन्दन कुमार के दिशा-निर्देश में चल रहे सदस्यता अभियान, रक्तदान शिविर, प्राथमिक स्वास्थ्य शिविरों की जानकारी दी। उन्होने टीबी मरीजों को निक्षय मित्रों के माध्यम से प्रदाय किये जा रहे पौष्टिक आहार तथा सिकल सेल बिमारी की जांच और उपचार के लिये किये जा रहे कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी तथा जूनियर रेडक्रास के माध्यम से युवा विद्यार्थियों में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जन जागरण गतिविधियों तथा जिले में रेडक्रास के माध्यम से आयोजित होने वाले भविष्य की योजनाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उल्लेखनीय है कि रेडक्रास के माध्यम से टीबी मरीजों के लिये निक्षय मित्र बनाकर पौष्टिक आहार प्रदान किये जाने हेतु मुंगेली जिले को पूर्व में राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत भी किया जा चुका है।

स्काई पॉवर प्लांट के बाहर ट्रक और माजदा से 29 टन कबाड़ जब्त

रायगढ़/नवप्रदेश। खरसिया के स्काई पॉवर प्लांट के बाहर खड़े ट्रक और माजदा वाहन में लोड 29 टन कबाड़ पुलिस ने जब्त किया है। कबाड़ से संबंधित वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर वाहनों को जब्त कर आगे की कार्रवाई की गई है। शनिवार शाम पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम टेमटेमा स्थित स्काई पॉवर प्लांट गेट के बाहर तीन संदिग्ध वाहनों में अवैध कबाड़ लोड कर खड़ा किया गया है। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और वाहनों की जांच की। वाहन क्रमांक सीजी 13 एन 7028 में चालक कुंभकरण सिदार मिला। उसके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों की जांच में वाहन और उसमें लदा सामान नियमानुसार परिवहन के लिए पाया गया, जिस पर वाहन को जाने दिया गया। वहीं ट्रक ओआर 06 एच 7626 और माजदा वाहन सीजी 13 एजेड 0819 में भारी मात्रा में कबाड़ लदा मिला, लेकिन मौके पर कोई चालक या संबंधित व्यक्ति मौजूद नहीं था।

डीआईजी व एसएसपी सरगुजा ने जनरल परेड की ली सलामी

लखनपुर/नवप्रदेश। रक्षित केंद्र अम्बिकापुर में आज दिनांक 20/फरवरी 26 को आयोजित जनरल परेड की सलामी डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा राजेश कुमार अग्रवाल (भा.पु.से.) ने ली परेड निरीक्षण के दौरान डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा ने पुलिस अधिकारियो/कर्मचारियों के टर्न आउट का निरीक्षण कर बेहतर वेशभूषा धारण करने वाले पुलिस अधिकारियो कर्मचारियों को ईनाम देकर प्रोत्साहित किया। जनरल परेड के दौरान पुलिस अधिकारियो/कर्मचारियों की टोली बनाकर परेड कराया गया। परेड के मधुर धुन के लिए सुसज्जित पुलिस बैंड टीम का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

जनरल परेड के निरीक्षण पश्चात वरिष्ठ डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा द्वारा वाहन शाखा का निरीक्षण करते हुए सभी शासकीय वाहनों की बारीकी से जांच कर वाहनों के रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए , तत्पश्चात पुलिस लाईन के शस्त्रागार व स्टोर शाखा का निरीक्षण कर आर्म्स एम्युनेशन के रख-रखाव एवं रिकार्ड का बेहतर तरीके से संधारण करने के निर्देश दिए गए। अधिकारी व जवानों की सुविधा के लिए खोले गए पुलिस कल्याण कैन्टीन एवं पुलिस बैंक का लाभ लेने अधिकारी/कर्मचारियों कों प्रोत्साहित किया गया। जनरल परेड के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लों, नगर पुलिस अधीक्षक राहुल बंसल (भा.पु.से.), रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत सहित थाना/चौकी एवं कार्यालय से कुल 146 पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थिति रहे।

बैठक: बिना सूचना के लंबे समय से अनुपस्थित शिक्षकों के विरुद्ध विभागीय जांच कर कार्रवाई के निर्देश

शिक्षकों की आधार आधारित उपस्थिति एवं पंजीयन शत-प्रतिशत करने के निर्देश

अंबिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिले के समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी (बीईओ), संबंधित अधिकारी एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने जिले के सभी शासकीय स्कूलों की पदवार एवं विषयवार रिक्तियों की जानकारी ली। उन्होंने आगामी शिक्षा सत्र प्रारंभ होने से पूर्व अतिथि शिक्षक एवं अतिथि व्याख्याताओं की भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नए सत्र में किसी भी विद्यालय में शिक्षक की कमी के कारण शिक्षण कार्य बाधित नहीं होना चाहिए।

एमडीएम और बुनियादी सुविधाएं

कलेक्टर ने आगामी सत्र प्रारंभ होने से पहले सभी जर्जर एवं मरम्मत योग्य स्कूल भवनों की सूची तैयार कर चिन्हांकन करने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबे समय से बिना सूचना के अनुपस्थित शिक्षकों के विरुद्ध विभागीय जांच कर नियमानुसार बर्खास्तगी की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। मध्याह्न भोजन (एमडीएम) के संबंध में कलेक्टर ने सभी विद्यालयों में गैस सिलेंडर का उपयोग सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन विद्यालयों में 50 से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, उन्हें प्राथमिकता से चिन्हांकित कर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए। साथ ही एमडीएम की नियमित मॉनिटरिंग कर गुणवत्ता एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। बैठक में अनुकंपा नियुक्ति एवं लंबित पेंशन प्रकरणों का गंभीरता से निराकरण के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि बिना पूर्व अनुमति के अनुपस्थित कर्मचारियों को जिला कार्यालय की स्वीकृति के बिना पुनः उपस्थिति की अनुमति न दी जाए। उन्होंने सभी शिक्षकों की आधार आधारित उपस्थिति (बायोमेट्रिक/आधार लिंक) पंजीयन प्रक्रिया शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पेयजल विहीन स्कूलों की जानकारी लेते हुए प्रत्येक विद्यालय परिसर में आवश्यकतानुसार एक बोरवेल खनन कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बच्चों के अपार आईडी निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। सभी बीईओ को निर्देशित किया गया कि विद्यार्थियों के जन्म प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर प्रकरण एसडीएम कार्यालय को प्रेषित करें। विभागों के समन्वय से प्रमाण पत्र निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

बौद्धिक विकास के न्यूज़ डेस्क और बेसिक नॉलेज

बैठक में विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास पर विशेष जोर देते हुए कलेक्टर ने सभी हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में 'न्यूज डेस्क' के रूप में दैनिक समाचार पत्र उपलब्ध कराना अनिवार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे विद्यार्थियों में समसामयिक ज्ञान एवं अभिव्यक्ति क्षमता का विकास होगा। साथ ही प्राइमरी एवं मिडिल स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए सामान्य ज्ञान के 25 से 30 प्रश्न-उत्तर तैयार कर नियमित अभ्यास कराने के निर्देश भी दिए।

प्रशिक्षण कार्यक्रम की स्थानीय उद्यमिता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका : कलेक्टर

सक्ती/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा संचालित आरएएमपी (रेज़िंग एंड एक्सेलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस) योजना के अंतर्गत कार्यान्वयन एजेंसी भावसर फाउंडेशन द्वारा विगत दिवस होटल रैन बसेरा, सक्ती में दो दिवसीय उन्नत कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देने तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने युवाओं को प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान एवं कौशल का उपयोग कर सफल उद्यम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा एवं उभरते उद्यमियों को शासकीय प्रोत्साहन योजनाओं, औद्योगिक नीतियों, वित्तीय प्रबंधन, विधिक प्रावधानों तथा विपणन रणनीतियों से संबंधित व्यवहारिक जानकारी प्रदान कर उनकी उद्यम क्षमता को सशक्त बनाना था। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए उद्यमियों एवं संभावित व्यवसायियों ने प्रशिक्षण में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। दो दिवसीय प्रशिक्षण में प्रमुख प्रशिक्षक सीए अरिहंत जैन द्वारा व्यवसायिक इकाइयों के प्रकार, अनुबंध एवं कानूनी दस्तावेजीकरण, नवीन औद्योगिक नीति, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के महत्वपूर्ण प्रावधानों, वित्तीय अनुशासन तथा व्यवसाय योजना निर्माण जैसे विषयों पर सरल एवं व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रतिभागियों ने सत्रों को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी बताया। कार्यक्रम के समापन के दौरान अभिषेक सिंह, जोनल हेड, भावसर फाउंडेशन ने सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों एवं जिला उद्योग केंद्र के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के कौशल उन्नयन कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

न्यूज गैलरी

जनता यूनियन मड़वा इकाई के राहुल बने अध्यक्ष

जांजगीर/नवप्रदेश। जनता यूनियन मड़वा इकाई की नई कार्यकारिणी समिति का गठन प्रांतीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में हुआ। सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी में राहुल धुरंधर को अध्यक्ष, हितेश सूर्यवंशी को सचिव और बलराम साहू को कोषाध्यक्ष चुना गया। पदाधिकारियों ने नवगठित टीम को संगठन की नीतियों और उद्देश्यों को सक्रिय रूप से लागू करने, सदस्यता विस्तार और क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय सचिव रवि साइमन ने किया। शुभारंभ संगठन के वरिष्ठ संरक्षक, कोरबा से आए प्रदीप पाठक ने मां भारती की पूजा-अर्चना के साथ किया। कर्मचारी साथियों को संगठनात्मक उद्बोधन वरिष्ठ पदाधिकारियों ने दिया। इनमें वरिष्ठ संरक्षक एस ए सईद, बिलासपुर से प्रांतीय सचिव प्रदीप शर्मा, रायपुर से प्रांतीय कार्यकाल सचिव कान्हा कौशिक, प्रांतीय उपाध्यक्ष यतीश वर्मा, प्रांतीय संगठन सचिव अवधेश साहू, कोरबा से प्रांतीय उपाध्यक्ष सम्मे लाल श्रीवास, डिस्ट्रीब्यूशन चांपा वृत्त से वरिष्ठ संरक्षक सी के राठौर, कोरबा वितरण शाखा अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद यादव और भीसम सूर्यवंशी शामिल रहे।

प्राकृतिक खेती से अधिक लाभ पा सकते हैं : राजेन्द्र

जांजगीर/नवप्रदेश। भारतीय कुष्ठ निवारक संघ द्वारा संचालित गौशाला, कात्रेनगर चांपा में गौ उत्पाद एवं जैविक कृषि प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन सत्र हुआ। पांच दिवसीय यह प्रशिक्षण 25 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पंडित राजेन्द्र प्रसाद शर्मा ने किया। उद्घाटन अवसर पर वर्ग प्रमुख हेमलाल सिंह सहित अन्य पदाधिकारी और प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि पंडित राजेन्द्र प्रसाद शर्मा ने कहा कि प्राकृतिक खेती अपनाकर किसान कम लागत में अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं और भूमि की उर्वरता लंबे समय तक सुरक्षित रखी जा सकती है। अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण सोनी ने कहा कि यह प्रशिक्षण ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को व्यवहार में लाकर वे स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ें। कार्यक्रम में सचिव सुधीर देव, गौ उत्पाद प्रशिक्षक लालिमा जायसवाल, जैविक कृषि प्रशिक्षक जितेन्द्र साहू, घनश्याम तिवारी, बबलू यादव और लोमस राम साहू उपस्थित रहे।

विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के युवाओं को मिला रोजगार का अवसर

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने एवं रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत वार्ड ब्वाय एवं वार्ड आया के पदों पर अस्थायी रूप से सेवा लिए जाने हेतु अनुमति प्रदान की गई। जिला खनिज संस्थान न्यास मद अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग में रिक्त स्वीकृत पदों के विरुद्ध भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की गई। कुल 30 पदों के लिए 97 आवेदन प्राप्त हुए, जिससे युवाओं में रोजगार के प्रति उत्साह स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ। प्राप्त आवेदनों के परीक्षण एवं वरीयता क्रम के अनुसार काउंसलिंग आयोजित की गई, जिसके उपरांत वार्ड ब्वाय के 09 एवं वार्ड आया के 13 अभ्यर्थियों द्वारा चयनित स्वास्थ्य संस्थानों हेतु आदेश जारी कर दिए गए हैं। इस पहल से विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के पात्र एवं योग्य युवाओं को रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है, साथ ही उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनने की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर भी मिला है। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि जिले की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अत्यावश्यक एवं सेवा से सीधे जुड़े पदों की पूर्ति प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाए, ताकि स्वास्थ्य सेवाएं अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बन सकें।

सूने मकान से 96 हजार के गहने चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

अंबिकापुर/नवप्रदेश। राजिम पुलिस ने सूने मकान में हुई चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 96 हजार रुपए मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए हैं। कार्रवाई थाना राजिम पुलिस द्वारा की गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सेवकराम साहू निवासी ग्राम रॉवड भाठापारा थाना राजिम ने 22 फरवरी 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई कि 20 फरवरी को वे परिवार सहित रिश्तेदार की बेटी की शादी में शामिल होने ग्राम चम्पारण गए थे। रात करीब 12 बजे जब वे वापस घर लौटे तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था।

शिक्षा मंत्री गजेंद्र को आत्मानंद स्कूल के शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

अंबिकापुर/नवप्रदेश। कोरिया जिले के एक दिवसीय प्रवास पर आए प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय कर्मचारी संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। संगठन के जिला अध्यक्ष गोपाल दत्त उरमलिया के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने शिक्षा मंत्री को 12 मांगों का ज्ञापन सौंपकर भविष्य को सुरक्षित करने की गुहार लगाई।

संगठन ने ज्ञापन के माध्यम से कर्मचारियों के भविष्य से जुड़े गंभीर मुद्दों को मंत्री के समक्ष रखा। इसमें संविदा पर कार्यरत शैक्षणिक स्टाफ को सरकारी सेवा में शामिल करने, कर्मचारियों को सेवा समाप्ति के डर से मुक्त कर स्थायित्व प्रदान करने महंगाई के दौर में एकमुश्त वेतन के बजाय भत्तों को जोड़ने की मांग, शामिल है।

प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री को अवगत कराया कि पूर्ववर्ती सरकार के समय इन विद्यालयों में शिक्षकों और अन्य स्टाफ की भर्ती एकमुश्त संविदा वेतन पर की गई थी। कई वर्षों से कार्यरत होने के बावजूद उनके वेतन में किसी प्रकार का महंगाई भत्ता या अन्य लाभ नहीं जोड़ा गया है। कर्मचारियों का कहना है कि वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों में केवल नियत वेतन पर परिवार का भरण-पोषण करना कठिन होता जा रहा है। जिलाध्यक्ष गोपाल दत्त उरमलिया ने जोर देकर कहा कि यदि शासन उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेता है, तो इससे शिक्षकों का मनोबल बढ़ेगा।

भविष्य सुरक्षित करने की लगाई गुहार

एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय कर्मचारी संगठन के एक प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। संगठन के जिला अध्यक्ष गोपाल दत्त उरमलिया के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने शिक्षा मंत्री को अपनी 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा और संविदा कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को अवगत कराया कि पूर्ववर्ती सरकार के समय इन विद्यालयों में शिक्षकों और अन्य स्टाफ की भर्ती एकमुश्त संविदा वेतन पर की गई थी। कई वर्षों की सेवा के बाद भी उनके वेतन में कोई वृद्धि या भत्ता नहीं जोड़ा गया है।

पुलिस की डॉयल-112 सेवा को प्रभावी बनाने बैठक ली

अंबिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पुलिस की डॉयल-112 सेवा को प्रभावी बनाने रक्षित केंद्र में बैठक आयोजित की गई।

डीआईजी व एसएसपी राजेश कुमार अग्रवाल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने ईआरयू/ईआरव्ही स्टाफ को त्वरित रिस्पांस, विशेषकर महिला व बाल मामलों में कार्रवाई के निर्देश दिए।

अंबिकापुर 7 दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में 16 मार्च को सुबह 11 बजे प्रथम त्रैमासिक पेंशन अदालत आयोजित होगी। इसका उद्देश्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों व पारिवारिक पेंशनभोगियों की पेंशन संबंधी शिकायतों का त्वरित निपटारा करना है। पेंशन निर्धारण, पारिवारिक पेंशन, डीसीआरजी आदि मामलों पर ही सुनवाई होगी। अंबिकापुर 7 लंबे समय से एक ही स्थान पर पदस्थ 83 हल्का पटवारियों को नई पदस्थापना दी गई है।

21 को स्थानांतरण आदेश जारी किया है। यह कार्रवाई भू-राजस्व संहिता व छत्तीसगढ़ भू-अभिलेख नियमावली (भाग-1) के नियम 7(2) और राजस्व व आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय नवा रायपुर के निर्देशों के तहत की गई है।

मवेशी से टकराकर सड़क पर गिरा बाइक सवार, मौत

अंबिकापुर/नवप्रदेश। 7 सड़क पर घूमने वाले मवेशियों के कारण एक बाइक सवार की जान चली गई। घटना कोरिया जिले के पटना थाना अंतर्गत ग्राम शिवपुर की है। ग्राम शिवपुर निवासी 50 वर्षीय अमृत सिंह शनिवार को दोपहर में बाइक से कहीं जा रहे थे। इस दौरान गांव के पास ही सड़क पर अचानक बैल आ गया और बाइक से टकरा गया। टक्कर से बाइक सहित अमृत सड़क पर गिरा और गंभीर रुप से घायल हो गया। पता चलने पर परिजनों द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद उसे अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, लेकिन इससे पहले ही उसकी मौत हो गई थी।

14 स्वयंसेवकों ने दी एनएसएस बी प्रमाण पत्र परीक्षा

जांजगीर/नवप्रदेश। शासकीय वेदराम कॉलेज मालखरौदा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने बी प्रमाण पत्र परीक्षा का सफल आयोजन 20 फरवरी को किया। परीक्षा शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय के निर्देश पर हुई। कुल 14 शिविरार्थियों ने इसमें भाग लिया। परीक्षा को व्यवस्थित और पारदर्शी ढंग से कराने के लिए कॉलेज प्रशासन और एनएसएस इकाई ने विशेष तैयारी की थी। परीक्षा शुरू होने से पहले कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बी. डी. जांगड़े ने शिविरार्थियों को नैतिकता और अनुशासन से

जुड़े निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उनका मनोबल बढ़ाया और तैयारी का आकलन किया। परीक्षा का संचालन बाह्य परीक्षक के रूप में शासकीय स्नातक कॉलेज डभरा के रासेयो कार्यक्रम प्रभारी विनोद जांगड़े (सहायक प्राध्यापक) ने किया। उन्होंने सात दिवसीय विशेष शिविर की दिनचर्या, कॉलेज की नियमित गतिविधियां, वार्षिक थीम, नशामुक्ति अभियान, स्वच्छता कार्यक्रम, जल और पर्यावरण संरक्षण, रासेयो बैच, विभिन्न राष्ट्रीय और वार्षिक दिवस, रासेयो डायरी तथा प्रेरक नारों से जुड़े प्रश्न पूछे।

विधिक जागरुकता परिचर्चा का आयोजन

जांजगीर/नवप्रदेश। विश्व सामाजिक न्याय दिवस (20 फरवरी) के अवसर पर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल धुरकोट में शासकीय टीसीएल महाविद्यालय जांजगीर द्वारा आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के तहत बौद्धिक परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर चांपा के सचिव मनोज कुमार कुशवाहा उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि सामाजिक न्याय का अर्थ समाज के प्रत्येक वर्ग को

समान अवसर और अधिकार प्रदान करना है। कार्यक्रम में भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार व मौलिक कर्तव्यों, अपराधों के प्रकार, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण अधिनियम, नशा मुक्ति से संबंधित एनडीपीएस और आबकारी अधिनियम, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम और महिलाओं से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। विधिक सेवा अधिनियम 1987 के गठन और उद्देश्य, नालसा की योजनाओं व हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में भी जागरूक किया।

कलेक्टर ने सुनीं समस्याएं, 21 आवेदन मिले

सक्ती/नवप्रदेश। जिला कार्यालय में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने दूरदराज क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं को सुना। इस दौरान विभिन्न मुद्दों पर 21 आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हें संबंधित अधिकारियों को तत्काल सौंपकर निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में जिला पंचायत सीईओ वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा समेत सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील डभरा के ग्राम कोटमी निवासी श्यामलाल सौमित्र ने शासकीय भूमि अतिक्रमण हटाने की मांग की। तहसील मालखरौदा के ग्राम पोता सरपंच महेश सारथी ने पीएचई बोर खनन व तालाबों से बबूल हटाने की अनुमति मांगी। तहसील सक्ती के राधेलाल पटेल ने मुआवजा दिलाने की अपील की। अन्य आवेदकों में मरघटी के भानुप्रताप यादव ने पट्टे पर मकान निर्माण रोक हटाने, कचंन्दा के मोहन लाल साहू ने किसान सम्मान निधि राशि, तथा रनपोटा के शरमू लाल व निरंजन प्रसाद बरेठ ने पीएम आवास स्वीकृति की मांग रखी।

आयोजन : नन्हे सितारे प्रतियोगिता में करिश्मा अव्वल

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जिला स्तरीय 'नन्हे सितारे' प्रतियोगिता में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोमा की छात्राओं ने अपने प्रदर्शन से सबका दिल जीत लिया। समग्र शिक्षा गरियाबंद एवं ओपन लिंक फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 18 फरवरी को पीएम श्री आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय नन्हे सितारे प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विकासखंड स्तर पर प्रथम,

द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को जिला स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। यह आयोजन दो वर्गों कक्षा 4-5 तथा कक्षा 6-8 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया। 'नन्हे सितारे' जैसा सशक्त मंच टीम विनोबा द्वारा बच्चों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। प्रतियोगिता में कहानी लेखन, वाचन, कविता पाठ और स्पोकन इंग्लिश जैसी विधाओं के माध्यम से विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति क्षमता और आत्मविश्वास का मूल्यांकन किया गया।

प्रथम पेज का शेष

नए भवन में राज्यपाल का ...

रामविचार नेताम और धर्मजीत सिंह को गले लगाया। इस दौरान चंद्राकर ने लखमा की पीठ थप-थपाई। 25 फरवरी को इस अभिभाषण पर चर्चा होगी।

एक साल बाद सदन में वापसी: शराब घोटाले से जुड़े मामले में पूर्व मंत्री कवासी लखमा करीब एक साल तक जेल में रहे। इस दौरान वे विधानसभा की कार्यवाही में हिस्सा नहीं ले सके। अब उच्च न्यायालय की ओर से 3 फरवरी को उन्हें अंतरिम जमानत दी गई है। इसके बाद विधानसभा की ओर से 7 फरवरी को उनका अभिमत मांगा गया और 2026 में उन्होंने अपनी सहमति व्यक्त की। अब उन्हें तय शर्तों के आधार पर सत्र में शामिल होने की अनुमति दी गई। विधानसभा की ओर से स्पष्ट किया गया है कि कवासी लखमा को जब भी सदन में आना या जाना होगा, इसकी जानकारी पहले से विधानसभा सचिव को देनी होगी। उनकी आवाजाही पर नजर रहेगी और पूरा कार्यक्रम औपचारिक रूप से दर्ज किया जाएगा। उन्हें अपने निवास क्षेत्र का दौरा करने की अनुमति नहीं होगी। यानी वे सत्र के दौरान किसी भी तरह की राजनीतिक गतिविधि या क्षेत्रीय कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सकेंगे। उनकी मौजूदगी केवल विधानसभा परिसर और सत्र की कार्यवाही तक सीमित रहेगी। सबसे महत्वपूर्ण शर्त 'नो स्पीच' से जुड़ी है। उन्हें अपने ऊपर चल रहे मामले के संबंध में किसी भी प्रकार का बयान देने या चर्चा करने की अनुमति नहीं होगी। वे बजट या अन्य सामान्य विषयों पर चर्चा में भाग ले सकते हैं, लेकिन अपने केस से जुड़े किसी भी मुद्दे पर न तो बोलेंगे और न ही टिप्पणी करेंगे। यदि उन्होंने इन शर्तों का उल्लंघन किया तो उनकी अनुमति तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी जाएगी। यह भी स्पष्ट किया गया है कि मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण सदन में भी इस विषय पर कोई चर्चा नहीं की जाएगी।

आर्थिक सर्वेक्षण राज्य के...

और बढ़ती आर्थिक गतिविधियों का परिणाम है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारा लक्ष्य है - प्रदेश के हर परिवार की आय बढ़े, जीवन स्तर बेहतर हो और समृद्धि हर घर तक पहुंचे। हमारा संकल्प है- छत्तीसगढ़ के हर परिवार को आर्थिक रूप से सशक्त और समृद्ध बनाना..। हमारी सोच है - प्रदेश का विकास तभी सार्थक है, जब हर परिवार समृद्ध हो. हमारा उद्देश्य स्पष्ट है - विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और हर परिवार खुशहाल बने. हमारा लक्ष्य है - बढ़ती आय, बेहतर अवसर और समृद्ध जीवन के साथ हर परिवार सशक्त छत्तीसगढ़ का हिस्सा बने।

मेक्सिको में सेना...

मेक्सिको में ड्रग्स बनाने और बेचने, स्थानीय कारोबारियों से वसूली करने और कई इलाकों में लोगों को डराकर रखने के लिए कुख्यात रहा है। इस कार्टेल की मौजूदगी अमेरिका के 50 राज्यों में है। अमेरिकी सरकार ने अल मेंचो के ऊपर 136 करोड़ रुपए का इनाम रखा था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प काफी समय से मेक्सिको पर एल मेंचो पर एक्शन लेने का दबाव बना रहे थे।

वनरक्षक की नौकरी दिलाने...

कोई भी काम हो तो बताना। बाद में उसने कैलाश को वन विभाग में वनरक्षक का पद रिक्त होने का झांसा दिया और नौकरी लगवाने के लिए 2 लाख रुपए मांगे।

झांसे में आकर दिए पैसे, नहीं लगी नौकरी : कैलाश गुप्ता ने यासिर भाटी के झांसे में आकर 3 दिसंबर 2024 को फोन-पे से 50 हजार, 40 हजार, 30 हजार रुपए ट्रांसफर किए और 80 हजार कैश दिया। पैसे देने के लंबे समय बाद भी नौकरी नहीं लगने पर कैलाश गुप्ता ने अपने दिए हुए पैसे वापस मांगे तो यासिर टालमटोल करने लगा।

दिल्ली-एनसीआर में ...

पॉल्यूशन के मुद्दे की जांच करेगा।

सुप्रीम कोर्ट में पिछली सुनवाई की खबरें

17 दिसंबर 2025: सरकार लॉन्ग टर्म प्लान बनाए: स्टेट बॉर्डर के 9 टोल प्लाजा बंद करें, पुराने वाहनों पर बैन को मंजूरी दी

सुप्रीम कोर्ट ने NHAI और MCD को आदेश दिए कि दिल्ली बॉर्डर पर बने 9 टोल प्लाजा थोड़े समय के लिए बंद किए जाएं या किसी दूसरी जगह शिफ्ट किए जाएं। कोर्ट ने कहा कि इससे ट्रैफिक जाम कम होगा और पॉल्यूशन पर कंट्रोल होगा। कोर्ट ने MCD को एक हफ्ते में अपना फैसला लेने का समय दिया।

दिल्ली विधानसभा-सचिवालय को...

गया। जांच में कुछ भी नहीं मिला था।

ईमेल में लिखा था- दिल्ली बनेगा खालिस्तान

पुलिस अधिकारी ने बताया कि ईमेल में दिल्ली बनेगा खालिस्तान की धमकी दी गई थी। लिखा था कि अगले 3 दिनों के भीतर आर्मी स्कूल, लाल किला और मेट्रो स्टेशनों पर विस्फोट हो सकते हैं। ईमेल में विधानसभा, आर्मी स्कूल और लाल किले के लिए अलग-अलग समय भी लिखा था। धमकी के बाद दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के सभी स्टेशनों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं।

इंस्टाग्राम-फेसबुक पर हथियार लहराने वाले 27 युवकों पर कार्रवाई, 2 के खिलाफ आर्म्स एक्ट में केस दर्ज

■ नाबालिगों की पोस्ट डिलीट, होली से पहले दुर्ग जिले की पुलिस का एक्शन

भिलाई/नवप्रदेश। होली से पहले सोशल मीडिया पर तलवार, चाकू और कई धारदार हथियारों के साथ फोटो-वीडियो अपलोड कर दहशत फैलाने वालों पर पुलिस ने सख्ती से कार्रवाई की है। विशेष अभियान के दौरान इंस्टाग्राम और फेसबुक पर हथियारों का प्रदर्शन करने वाले 27 युवकों की पहचान की गई। 2 आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत छावनी थाने में अपराध दर्ज किया गया है। अन्य लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। तकनीकी सेल और एसीसीयू की मदद से सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान पुलिस को ऐसे अकाउंट मिले, जिनमें युवक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से धारदार हथियार मंगाकर उनके साथ फोटो और रील्स बनाकर अपलोड कर रहे थे। इन पोस्ट में हथियारों का खुलेआम प्रदर्शन किये जाने से आम लोगों में भय

का माहौल था। कुछ युवकों ने होली के पहले 'स्टेटस सिंबल' और 'रुतबा' दिखाने के लिए हथियारों के साथ तस्वीरें पोस्ट की थी। पुलिस ने इन्हें ट्रेस कर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में तस्दीक की कार्रवाई की। छावनी क्षेत्र में 2 आरोपियों के पास से धारदार हथियार जब्त किए गए। इनके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने करीब 300 युवकों और उनके परिजनों को बुलाकर समझाइश दी है। नाबालिगों के अभिभावकों को बुलाकर ऐसी सभी आपत्तिजनक पोस्ट हटवाई गई। पुलिस ने सोशल मीडिया पर हथियार के साथ वीडियो अपलोड करने के मामले में सबसे ज्यादा छावनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत 6 लोगों पर कार्रवाई की है। इसके अलावा मोहन नगर 4, जामुल 3, कोतवाली दुर्ग और मोहन नगर में 2-2 और सुपेला, भिलाई नगर, नेवई, पुरानी भिलाई, उतई, नंदिनी नगर, धमधा थाने में एक-एक आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई है। एएसपी ग्रामीण मणिशकंर चंद्रा ने कहा कि जिले में अवैध धारदार हथियार रखने, ऑनलाइन मंगाने या सोशल मीडिया पर प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखें। त्योहार की आड़ में दहशत फैलाने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

शराब भट्टी से चोरी एक्टिवा बरामद, आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग के पुलगांव थाना क्षेत्र में देसी शराब भट्टी के बाहर से एक्टिवा चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। यह घटना 17 फरवरी 2026 की है। मीनाक्षी नगर निवासी 32 वर्षीय सोनू श्रीवास ने पुलगांव थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि दोपहर करीब 4 से 4:30 बजे के बीच उन्होंने अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 07 बीक्यू 0204 पुलगांव स्थित देशी शराब भट्टी गेट के पास खड़ी की थी और शराब लेने गए थे। कुछ ही मिनटों बाद जब वह वापस लौटे, तो उनकी गाड़ी वहां से गायब थी। आसपास तलाश करने के बाद भी वाहन का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

न्यूज गैलरी

सांसद विजय बघेल ने किया चेंजिंग रूम निर्माण कार्य का भूमिपूजन

भिलाई। सांसद विजय बघेल ने सांसद निधि से सेक्टर 9 हॉस्पिटल मैदान में महिला चेंजिंग रूम निर्माण हेतु 5 लाख की राशि मंजूर की है। आज महिला चेंजिंग रूम निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, नगर निगम के पूर्व प्रतिपक्ष नेता संजय दानी, जिला ओलंपिक संघ के सह सचिव पोखन साहू, विकासखंड पाटन के क्रीड़ा अधिकारी संतोष यादव सहित समिति के सदस्य अल्प राव, जयंत वर्मा, सुनील गोसाई, शशांक झोलदेव, मुकेश गोसाई, राम मोहन राव, अजीत सिंह, जागेश्वर वैष्णव, बंगारू मोहन, मोहन तांडी, फारुख बेग, श्याम मालेकर, संतोष सोनी, अमित हरपाल, आशीष कुमार, प्रदेश व्यायाम शिक्षक संघ से यतेश साहू, राघवेंद्र सिंह, निखिल जांबुलकर, यूथ खेल एवं सांस्कृतिक समिति के कोच सुमन दादा, राष्ट्रीय खिलाड़ी बालिकाएं और समिति की फुटबॉल टीम के खिलाड़ी मौजूद रहे। महिला खिलाडियों की सुविधा के लिये राशि स्वीकृत करने पर स्थानीय खिलाडियों ने सांसद विजय बघेल के प्रति आभार व्यक्त किया है।

जय बालाजी में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

दुर्ग। प्रदेश के श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के निर्देश पर श्रमिकों के स्वास्थ्य सुरक्षा के लिये औद्योगिक क्षेत्र/कंपनी में शिविर लगाए जा रहे हैं। कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें (ईएसआई) रसमड़ा केंद्र द्वारा जय बालाजी इंडस्ट्रीज लिमिटेड में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. मनप्रीत सिंह भाटिया, डीके रत्रश नंद, सुभाष साहू, श्रद्धा, जागेश्वर, योगेश सहित ईएसआई के अन्य कर्मचारियों ने सेवाएं दी। जय बालाजी इंडस्ट्रीज लिमिटेड कंपनी प्रबंधन ने शिविर आयोजन में सहयोग दिया। शिविर में श्रमिकों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच के साथ उन्हें परामर्श भी दिया गया। शुगर, बीपी के जांच के बाद दवाइयां उपलब्ध कराई गई। श्रमिकों को ईएसआई द्वारा संचालित योजनाओं व उनसे मिलने वाले लाभ की जानकारी दी गई। ईएसआई रसमड़ा के अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के शिविर नियमित रूप से प्रतिमाह अलग-अलग कंपनियों में आयोजित कर श्रमिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे कंपनियों के श्रमिकों को लाभ मिलेगा।

विधायक चंद्राकर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

दुर्ग। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जन्मदिवस के अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने शनिवार को सीएम हाउस में मुख्यमंत्री से सौजन्य भेंट कर जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं दी। चंद्राकर ने मुख्यमंत्री साय के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ को और अधिक प्रगतिशील, समृद्ध और खुशहाल बनाने का संकल्प लेते हैं। उनकी दूरदर्शिता और नेतृत्व से हमें नई ऊर्जा व प्रेरणा मिलती है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भर्ती: आज काउंसलिंग

दुर्ग। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 5 पदों पर संविदा भर्ती के तहत लिखित व कौशल परीक्षा 19 फरवरी 2025 को आयोजित की गई थी। एमओ आयुष, रेडियोग्राफर, लैब सहायक, नेत्र सहायक व डेंटल सहायक पदों की अनंतिम मेरिट/चयन सूची जारी कर दी गई है। अभ्यर्थी परिणाम जिले की वेबसाइट दुर्ग जिला प्रशासन पर देख सकते हैं। काउंसलिंग 23 फरवरी को दोपहर 12 बजे कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी में होगी। चयनित अभ्यर्थी प्रातः 11 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

स्वास्थ्य जांच एवं जागरुकता शिविर संपन्न

दुर्ग। कर्मचारी राज्य बीमा योजना, (श्रम विभाग) अंतर्गत पंजीकृत बीमित (श्रमिकों) के प्रतिमाह स्वास्थ्य जांच और जागरूकता शिविर का आयोजन 19 फरवरी को मैत्री विद्या निकेतन, विद्यालय, रिसाली-भिलाई में किया गया। कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं रिसाली मरौदा केन्द्र द्वारा श्रमवीर स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित किया। शिविर में 90 बीमित व्यक्ति (श्रमिकों) के स्वास्थ्य की जांच कर औषधि वितरण किया गया। शिविर में बीमारी से बचने जागरूक रहने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं रिसाली मरौदा केन्द्र प्रभारी बीमा चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सूर्या वर्मा के नेतृत्व में स्टॉफ नर्स किरण, फॉर्मासिस्ट, अनुराधा बघेल, सहायक मो. तैयब अंसारी, धनजंय वर्मा, हुमन की टीम ने कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण वं जागरूगता संबंधी जानकारी सेवाएं दी।

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर एफआईआर पूर्व सीएम भूपेश ने योगी को बताया ढोंगी

■ देवबलौदा मेले में मुसलमानों को दुकान लगाने से रोकना गलत

भिलाई/नवप्रदेश। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर एफआईआर दर्ज होने के मामले में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कड़ी प्रतिक्रिया जताई है। भूपेश ने सीएम योगी आदित्यनाथ को ढोंगी बताते हुए कहा कि योगी अब निम्न स्तर पर उतर आए हैं। बघेल ने कहा कि महंत भी 24 घंटे के लिए पूर्णकालिक होते हैं और मुख्यमंत्री भी पूर्ण कालिक होते है। दोनों पद में कोई आदमी एक साथ कैसे रह सकता है। सीएम योगी पर तंज कसते हुए भूपेश ने कहा कि जो व्यक्ति एक पैर पर खड़ा नहीं हो सकता, वो किस बात का योगी है। वो तो ढोंगी है। ये निम्नस्तर पर उतर आए हैं। भूपेश बघेल ने एक सवाल के जवाब में कहा कि छत्तीसगढ़ में शिक्षक, अस्टिटेंट प्रोफेसरों की ड्यूटी कुत्तों की निगरानी में लगा दी गई है। एआई समिट में अचानक चाइनीज कुत्ता आ गया है, वो भी नकली। चाइनीज कुत्ता को अपना कुत्ता बता दिया। पूरा एआई समिट एक तरफ और चाइनीज कुत्ता एक तरफ। भूपेश ने कहा कि गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने पूरे एआई समिट का गला घोंट दिया। समिट का सत्यानाश कर दिया।

जिले के देवबलोदा में मेला विवाद के बाद मंदिरों के आसपास मुस्लिम समुदाय के लोगों को दुकान न लगाने के सवाल पर बघेल ने कहा कि यह सामाजिक सौहार्द के खिलाफ है। आज मुसलमानों को रोका जा रहा है, कल एससी-एसटी समाज को भी रोका जा सकता है।

बजट सत्र पर भी उठाए सवाल

दुर्ग में मीडिया से बातचीत के दौरान बघेल ने छत्तीसगढ़ के बजट सत्र पर भी सवाल उठाए। भूपेश बघेल ने कहा कि केवल 15 बैठकों के प्रस्तावित बजट सत्र में राज्य के इतने बड़े विषयों पर चर्चा कैसे हो सकती है। 23 फरवरी को राज्यपाल का अभिभाषण होगा। परंपरा के अनुसार अभिभाषण के बाद धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होती है, लेकिन जानकारी मिल रही है कि 24 तारीख को ही बजट पेश किया जाएगा। आखिर इतनी जल्दबाजी किस बात की है? क्या सरकार के पास कहने के लिए कुछ बचा नहीं है। क्या इसी वजह से सब कुछ एक साथ निपटाया जा रहा है?

संदिग्ध हालत में मिले 2 शव

भिलाई/नवप्रदेश। जिले में शनिवार को दो अलग-अलग थाना इलाके में दो शव मिले हैं। रानीतराई थाना क्षेत्र के ग्राम केसरा में किसान की लाश उसी के खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में मिली। किसान के सिर पर चोट के निशान मिले हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। इसी तरह चिखली स्थित शिवनाथ नदी पुल के नीचे एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। दोनों मामलों में पुलिस जांच में जुटी है। रानीतराई थाना क्षेत्र के ग्राम केसरा में शनिवार की शाम को किसान अमरसिंह साहू (50) पिता कार्तिक साहू की लाश ग्रामीणों ने देखने के बाद पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। शुरुआती जांच में मृतक के सिर पर कई जगह गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं। पुलिस को आशंका है कि किसी भारी वस्तु से सिर पर वार किया गया होगा। हत्या की आंशका को देखते हुए पुलिस जांच में जुट गई है। फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किया। रविवार को पुलिस के अधिकारी और जवान दोबारा घटना स्थल पर पहुंचे और घटना स्थल की बारीकी से जांच की। डॉग स्क्वॉड की टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए पाटन अस्पताल भेज दिया है। पुलिस अब पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। एक अन्य मामले में शहर के जेवरा-सिरसा चौकी क्षेत्र में लोगों ने चिखली स्थित शिवनाथ नदी पुल के नीचे एक व्यक्ति की लाश देखी। पुलिस को सूचना दी गई। मृतक की उम्र करीब 50 से 55 साल के बीच है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। मृतक के बाएं हाथ पर गोदना से 'गौतम चंद' लिखा है। पुलिस आसपास के थाना क्षेत्रों में गुमशुदगी की जानकारी खंगाल रही है।

बीएमडीसी में आईएसओ मानकों पर आधारित आईएमएस प्रशिक्षण

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-बीएसपी के व्यावसायिक उत्कृष्टता विभाग द्वारा संयंत्र के विभिन्न विभागों में नवीन आंतरिक लेखा परीक्षकों के विकास हेतु 17 से 20 फरवरी तक बीएमडीसी, सेक्टर 7, भिलाई में चार दिवसीय आईएमएस (इंटिग्रेटेड मैनेजमेंट सिस्टम) आंतरिक लेखा परीक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के कुल 25 अधिकारियों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण सत्र का संचालन मेसर्स टीयूवी इंडिया प्रा. लि. के मान्यता प्राप्त विशेषज्ञ शलभ कपूर ने किया। समापन के बाद प्रतिभागियों को मेसर्स टीयूवी इंडिया प्रा. लि. द्वारा प्रमाणित आईएमएस आंतरिक लेखा परीक्षक में प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के दौरान मुख्य अतिथि महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष व्यावसायिक उत्कृष्टता शिवराजन ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान का प्रभावी उपयोग करते हुए प्रबंधन प्रणालियों की गहन समझ, बेहतर अनुपालन, परिचालन दक्षता में वृद्धि और व्यावसायिक विकास जैसे लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु प्रेरित किया।

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा: 25 केंद्रों में 10307 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

■ कलेक्टर ने किया परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारम्भिक परीक्षा की परीक्षा दुर्ग, भिलाई के 25 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की गई। 10,307 परीक्षार्थियों के लिए दो पालियों में सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक और अपरान्ह 3 बजे से शाम 5 बजे तक परीक्षा आयोजित की गई। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने प्रथम पाली में उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज दुर्ग, शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या पीजी कालेज दुर्ग, सेजेस जेआरडी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग, आमदी नगर विद्या निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल हुडको भिलाई और भिलाई महिला महाविद्यालय सेक्टर 9 भिलाई का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने केन्द्राध्यक्ष को लोक सेवा आयोग के मार्गदर्शी निर्देशों का पालन करते हुए बेहतर ढंग से परीक्षा संचालित करने निर्देशित किया। परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा कक्ष व परीक्षार्थियों की संख्या, प्रकाश, इमरजेंसी लाईट, पेयजल, वाशरूम, परीक्षा कक्ष प्रवेश पूर्व परीक्षार्थियों की चेकिंग, परीक्षा कक्ष में प्रवेश पत्र के साथ वीडियोग्राफी की जानकारी ली।

परीक्षा में शामिल हुई नेत्रहीन नेहा

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा में नेत्रहीन नेहा भी शामिल हुई। परीक्षा केन्द्र क्रमांक 0505 सेजेस जेआरडी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग में नेहा पीएससी प्रारंभिक परीक्षा देने पहुंची थी। अपनी मेहनत से अधिकारी बनने की ख्वाहिश रखने वाली नेहा के लिए जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा केन्द्र में पृथक कक्ष व लेखन कार्य हेतु सहयोगी की व्यवस्था की गई है। इस कार्य में 11वीं की छात्रा काजल बंजारे ने नेहा को सहयोग दिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने नेहा को शुभकामनाएं दी।

विशेष साधना शिविर में जुटे क्रियायोगी

दुर्ग/नवप्रदेश। आदर्श नगर में प्रज्ञानालय क्रियायोग आश्रम पद्मनाभपुर दुर्ग द्वारा क्रियायोगियों के लिए आयोजित पांच दिवसीय विशेष साधना शिविर का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ क्रियायोग के गुरु परमहंस प्रज्ञानानंद महाराज व शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। विशेष अतिथि पार्षद लीलाधार पाल, संजय अग्रवाल, सविता पोषण साहू व आश्रम की संचालिका धरानंद गिरि मौजूद रहे। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि किसी भी काम को मन व एकाग्रता से करना ही साधना कहलाता है। क्रियायोग में सभी चक्रों का चक्र शोधन आवश्यक है।

न्यायालय तहसीलदार सरोना
जिला उ.ब. कांकेर छ.ग.
//आम ईश्तहार //

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाए जिला उ0ब0 कांकेर के पत्र क्रमांक /172/उपका/साख-भूमि आबंटन / 2026 दिनांक 02/2/2026 के अनुसार ग्राम ठेमा पटवारी हल्का नंबर 14 तहसील सरोना में स्थित शासकीय आबादी मद की भूमि 141/1 रकबा 12.02 हेक्टेयर में से रकबा 1.20 हेक्टेयर भूमि को कार्यालय सह गोदाम निर्माण हेतु भूमि आबंटित करने की मांग किया गया है।

उक्त संबंध में जिस व्यक्ति या संस्था को दावा / आपत्ति पेश करना हो तो सुनवाई दिनांक 5/3/2026 के पूर्व पेश करें। नियत समय में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेंगा ।

आज दिनांक 18/2/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया है ।

मुहर
तहसीलदार
सरोना

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छत्तीसगढ़)
1st Floor, RES Building, DC Bunglow road, beside Vinayaka Automobiles Surajpur
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना प्रथम बार

क्रमांक/I/111483/2026/एस.ए.सी./ग्रा.यां.से./2026 सूरजपुर दिनाँक 20.02.2026

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग छ.ग. में "डी" एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु **प्रथम बार** ऑन लाईन (**Online**) प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है -

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रूपए लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4
1	186073- Construction of Additional room Ground & First floor in Swami Aatmanand English Medium School at Premnagar	29.56 लाख	09.03.2015

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://cgeprocurement.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

SANJAY KUMAR GOND
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.)
जी-252606853/4

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, बस्तर मण्डल, जगदलपुर
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है -
निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि - 10/03/2026

स. क्र.	नि.आ.सु.क्र./ नि.आ.सु. दिनांक	सिस्टम निविदा क्रमांक निविदा का क्रम	कार्य का नाम	कार्य की अनुमाति लागत (रूपये लाख में)
01	02	03	04	05
1	232/2025-26 दिनांक 18/02/2026	**185887** (प्रथम आमंत्रण)	माँ दन्तेश्वरी एयरपोर्ट जगदलपुर में ए.एम.सी. कार्य का निर्माण कार्य। (औबस्टेकल पेटिंग, एन्टी हाईजेक कंट्रोल रूम, रनवे पेंटिंग, अन्य पेटिंग एवं ग्रास कटिंग कार्य)	**199.52**

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

अधीक्षण अभियता
लोक निर्माण विभाग
बस्तर मंडल जगदलपुर
जी- 252606833/5

कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड
"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन" सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर-492018
फोन-0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website-www.agriportal.cg.nic.in

क्र./बी-6/मंडी बेमेतरा/03-02/2025-26/8626 नवा रायपुर, दिनांक 20/02/2026

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना
Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in
Sub Portal: http:// samb. eproc.cgstate.gov.in

कृषि उपज मंडी समिति बेमेतरा जिला बेमेतरा अंतर्गत छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड द्वारा ऑनलाईन निविदाएं छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से प्रपत्र 'अ' प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है -

ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 18.03.2026
फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि - 24.03.2026

क्र.	कार्य का नाम/स्थल	अनुमानित लागत (लाख में)	एस.ओ.आर. विवरण
1	वि.ख. बेरला ग्राम पंचायत बचेड़ी (कुम्हीगुड़ा) एवं बारगांव में सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	83.80	लो.नि.वि. सड़क एवं ब्रिज कार्य हेतु दिनांक 01.01.2025, से प्रभावशील एस.ओ.आर पर।
2	वि.खं. बेरला अंतर्गत ग्राम पंचायत रेवे में रेवे से शिवनाथ नदी खेत रोड में पुलिया एवं खेत मार्ग रेवे से शिवनाथ नाला में पुलिया निर्माण कार्य।	122.84	
3	वि.ख. बेरला ग्राम पंचायत रेवे में किसान सामुदायिक भवन निर्माण कार्य।	25.76	भवन कार्य दिनांक 01.01.2025 एवं विद्युत कार्य हेतु दिनांक 01.07.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. दर अनुसूची पर।

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर निर्धारित तिथि तक देखे जा सकते है।

सही/- सचिव, कृषि उपज मंडी समिति बेमेतरा, जिला बेमेतरा
संवाद- 46987/1
सही/- भारसाधक अधिकारी, कृषि उपज मंडी समिति बेमेतरा, जिला बेमेतरा

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, रायगढ़ (छ.ग.)
(प्रथम आमंत्रण)
निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों के संपादन हेतु मुहरबन्द निविदाएँ फार्म-बी (आयटम रेट प्रपत्र) में, छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग के दिनांक **01/08/2025 से प्रभावशील एवं प्रचलित एस.ओ.आर. दर पर अथवा इससे कम दरों** पर एकीकृत पंजीयन प्रणाली द्वारा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों (एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत 'डी' श्रेणी से 'ए') तक से **दिनांक 13.03.2026 तक** मैन्यूअल पद्धति से कार्यालयीन समय में आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रस्तुत करने के संबंध में सभी आवश्यक शर्ते विक्रय हेतु उपलब्ध निविदा प्रपत्र में दी गई है।

स. क्र.	निविदा सूचना क्रमांक/ दिनांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	अमानत राशि	कार्य पूर्ण करने हेतु समयावधि
1	2	3	4	5	6
1	नि.सू.क्र. **37** दिनांक: **20.02.2026**	सरवानी जलाशय का वार्षिक मरम्मत कार्य	8.12 लाख	6100.00	15 दिवस वर्षाकाल सहित
2	नि.सू.क्र. **38** दिनांक: **20.02.2026**	तरकेला जलाशय का वार्षिक मरम्मत कार्य	8.33 लाख	6300.00	15 दिवस वर्षाकाल सहित
3	नि.सू.क्र. **39** दिनांक: **20.02.2026**	कलारमुण्डा जलाशय का वार्षिक मरम्मत कार्य	7.59 लाख	5800.00	15 दिवस वर्षाकाल सहित
4	नि.सू.क्र. **40** दिनांक: **20.02.2026**	सुटुपाली जलाशय का वार्षिक मरम्मत कार्य	9.25 लाख	7100.00	15 दिवस वर्षाकाल सहित

निविदा प्रपत्र का मूल्य प्रत्येक कार्यो के लिए 750.00 रु है, निविदा प्रपत्र एवं निविदा से संबंधित अन्य विवरण संबंधी जानकारी कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, रायगढ़ (छ.ग.) के कार्यालय में **दिनांक 27.02.2026 से दिनांक 13.03.2026** कार्यालयीन समय में (अवकाश के दिन को छोड़कर) प्राप्त कर सकते है तथा निविदाएँ **दिनांक 16.03.2026 तक** कार्यालीयन समय तक अर्थात् अपरान्ह 5:30 बजे तक **कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, रायगढ़ (छ.ग.)** में मात्र रजिस्टर्ड पोस्ट / स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा की जावेगी। इसके अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम, जैसे व्यक्तिगत डिलीवरी, कुरियर सेवा इत्यादि, से प्राप्त नहीं की जावेगी।

निविदाएँ **दिनांक 17.03.2026** को अपरान्ह 03:00 बजे **कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, रायगढ़ (छ.ग.)** में उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि, जो भी उपस्थित रहना चाहें, के समक्ष खोली जावेगी।

जी- 252606856/5
कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग रायगढ़ (छ.ग.)

दैनिक नवप्रदेश के 15वें स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
बेमिसाल पंद्रह साल
15th
Anniversary
नव प्रदेश
एक शुभचिंतक कांकेर छत्तीसगढ़

दैनिक नवप्रदेश के 15वें स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
बेमिसाल पंद्रह साल
15th
Anniversary
नव प्रदेश
कम्प्लीट ब्लड काउंट (CBC)
ब्लड शुगर टेस्ट (Blood Glucose)
लिपिड प्रोफाइल (Lipid Profile)
लिवर फंक्शन टेस्ट (LFT)
किडनी फंक्शन टेस्ट (KFT/RFT)
थायरॉयड प्रोफाइल (Thyroid Profile - Tx, Ty, TSH)
यूरिन रूटीन टेस्ट (rine Routine)
विटामिन टेस्ट (Vitamin D & Bvw)
एचबीएसी (HbAvc)
डॉ. निरंजन अग्रवाल
रायपुर, छत्तीसगढ़

दैनिक नवप्रदेश के 15वें स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मणि पैथॉलॉजी लैब
बेमिसाल पंद्रह साल
15th
Anniversary
नव प्रदेश
कम्प्लीट ब्लड काउंट (CBC)
ब्लड शुगर टेस्ट (Blood Glucose)
लिपिड प्रोफाइल (Lipid Profile)
लिवर फंक्शन टेस्ट (LFT)
किडनी फंक्शन टेस्ट (KFT/RFT)
थायरॉयड प्रोफाइल (Thyroid Profile - Tx, Ty, TSH)
यूरिन रूटीन टेस्ट (rine Routine)
विटामिन टेस्ट (Vitamin D & Bvw)
एचबीएसी (HbAvc)
प्रो. हरेन्द्र प्रयाग
कांकेर, छत्तीसगढ़
मणि पैथॉलॉजी लैब, सेन चौक कांकेर

दैनिक नवप्रदेश के 15वें स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
गायत्री पैथॉलॉजी लैब
खून की सामान्य जांच
सीबीसी (CBC)
ब्लड ग्रुप (Blood Group)
ईएसआर (ESR)
2. अंगों से संबंधित टेस्ट
एलएफटी (LFT)
केएफटी (KFT/RFT)
लिपिड प्रोफाइल (Lipid Profile)
थायरॉयड प्रोफाइल
(Thyroid Profile)
3. शुगर (मधुमेह) की जांच
फास्टिंग शुगर (FBS)
पीपी शुगर (PPBS)
एचबीएसी (HbAvc)
4. इन्फेक्शन और बुखार के टेस्ट
विडाल टेस्ट (Widal)
डेंगू टेस्ट (Dengue)
मलेरिया टेस्ट (MP)
सीआरपी (CRP)
5. अन्य महत्वपूर्ण टेस्ट
यूरिन रूटीन (Urine Routine)
विटामिन टेस्ट
(Vitamin D & Bvw)
यूरिक एसिड (Uric Acid)
कैल्शियम टेस्ट (Calcium)
बायोप्सी (Biopsy)
बेमिसाल पंद्रह साल
15th
Anniversary
नव प्रदेश
प्रो. ईश्वर साहू
कांकेर, छत्तीसगढ़
गायत्री पैथॉलॉजी लैब, होंडा शो रूम के पास कांकेर

दैनिक नवप्रदेश के 15वें स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सोनी पैथॉलॉजी लैब
बेमिसाल पंद्रह साल
15th
Anniversary
नव प्रदेश
1. ब्लड काउंट और इन्फेक्शन टेस्ट
CBC (Complete Blood Count)
ESR (Erythrocyte Sedimentation Rate)
Widal Test (टाइफाइड के लिए)
Dengue NSv/IgG/IgM
Malaria Antigen (MP)
2. अंगों की कार्यक्षमता के टेस्ट
(Organ Function)
LFT (Liver Function Test)
KFT / RFT (Kidney Function Test)
Lipid Profile (कोलेस्ट्रॉल जांच)
Thyroid Profile (T3, T4, TSH)
Amylase & Lipase (पैनक्रियाज के लिए)
3. शुगर और मेटाबॉलिक टेस्ट
FBS / PPBS (Fasting & Post Prandial Sugar)
HbAvc (3 महीने की औसत शुगर)
GTT (Glucose Tolerance Test)
Uric Acid
4. विटामिन और मिनरल टेस्ट
Vitamin Dx
Vitamin Bvw
Serum Iron / Ferritin
Serum Calcium
Electrolytes (Sodium, Potassium, Chloride)
अत्याधुनिक मशीनों से सभी प्रकार के जांच किए जाँच की जाती है।
प्रो. राकेश सोनी
कांकेर, छत्तीसगढ़
सोनी पैथॉलॉजी लैब, होंडा शो रूम के पास कांकेर

पद्मश्री आलोक मेहता की कॉफी-टेबल बुक रेवलूशनेरी राज का भव्य लोकार्पण

नई दिल्ली। वरिष्ठ संपादक (पद्मश्री) और जाने-माने लेखक आलोक मेहता की कॉफी-टेबल बुक 'Revolutionary Raj: Narendra Modis 25 Years' का लोकार्पण 21 फरवरी की शाम कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित एक गरिमामय समारोह में किया गया। कार्यक्रम में राजनीति, शासन और मीडिया जगत की कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं। बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी, अर्थशास्त्री और 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष और पूर्व सांसद एन. के. सिंह, प्रसिद्ध सोशल एक्टिविस्ट और लेखिका रामी छाबरा और पूर्व केंद्रीय मंत्री के. जे. अल्फोंस मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने समारोह की अध्यक्षता की 7 वक्ताओं ने पुस्तक को समकालीन राजनीतिक परिदृश्य को समझने की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया। बिजनेसवर्ल्ड के चेयरमैन व एडिटर-इन-चीफ और एक्सचेंज4मीडिया ग्रुप के फाउंडर डॉ. अनुराग बत्रा ने इस कार्यक्रम का संचालन किया। शुभी पब्लिकेशंस द्वारा प्रकाशित यह कॉफी-टेबल बुक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों पर केंद्रित है, जिसमें गुजरात के नेतृत्व से लेकर देश की बागडोर संभालने तक की उनकी राजनीतिक, प्रशासनिक और वैचारिक यात्रा का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। किताब की खास बात यह है कि इसकी भूमिका केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लिखी है। बिहार के राज्यपाल आरिफमोहम्मद खान ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2002 के गोधरा कांड के बाद वह गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के आलोचक थे, लेकिन गुजरात में समय बिताने और विभिन्न समुदायों के लोगों से संवाद करने के बाद उनका दृष्टिकोण पूरी तरह बदल गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को व्यापक परिप्रेक्ष्य में समझने की आवश्यकता है। उन्होंने तीन तलाक कानून को एक ऐतिहासिक सामाजिक सुधार बताया, जिसका प्रभाव आने वाले वर्षों तक देखा जाएगा। केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भारत की आर्थिक प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2014 में भारत लगभग दो ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था था, जो अब बढ़कर लगभग 4.3 ट्रिलियन डॉलर के स्तर पर पहुंच चुका है। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्तमान गति बरकरार रहने पर भारत निकट भविष्य में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। उन्होंने कहा कि देश इस समय उल्लेखनीय परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एन. के. सिंह ने कहा कि भारत आज एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है, जहाँ स्थिर मैक्रो-इकॉनॉमिक प्रबंधन, मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार, नियंत्रित महंगाई और निरंतर अवसंरचना निवेश उसे वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भी अपेक्षाकृत सुरक्षित बनाते हैं।

न्यूज गैलरी

'मराठी माणूस की ताकत दिखाएंगे', भड़के रोहित पवार?

मुंबई। शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के विधायक रोहित पवार ने सोमवार को कहा कि अगर दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार की मृत्यु की सतही जांच की गई तो 'मराठी माणूस' (महाराष्ट्र के लोग) अपनी ताकत दिखाएंगे। उन्होंने पिछले महीने जांच में हुई प्रगति पर सवाल उठाया और बताया कि सीबीआई पहले से ही मामलों के बोझ तले दबी हुई है। विधानसभा भवन परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए रोहित पवार ने कहा कि अमोल मितकरी, रूपाली थोम्ब्रे और कई जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं जैसे लोग लगातार अजित पवार की मौत पर सवाल उठा रहे हैं। संबंधित पायलट के बारे में उन्होंने बताया कि विस्तृत चर्चा हो चुकी है। रोहित पवार ने कहा, ÷मैं एक पारदर्शी जांच चाहता हूं। मामला सीबीआई को सौंप दिया गया है, लेकिन जांचकर्ताओं ने पिछले महीने में क्या-क्या जांच की है? क्या उन्होंने सीसीटीवी फुटेज जब्त किया है? क्या आवश्यक आपराधिक जांच की गई है? गहन जांच बेहद जरूरी है। अब तक सिर्फ दो सतही रिपोर्टें ही सौंपी गई हैं। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि उनके पास सत्ता में बैठे लोगों और वीएसआर (विमानन कंपनी) के बीच संबंधों के बारे में सबूत हैं, जिनमें मंत्रियों के साथ उनके संबंध भी शामिल हैं। उन्होंने सीबीआई जांच का स्वागत किया, लेकिन साथ ही संदेह भी व्यक्त किया और कहा कि वर्तमान में 7,075 मामले अनसुलझे हैं। उन्होंने इसकी तुलना ÷मामलों को ठंडे बस्ते में डालने÷ से की और इस बात पर जोर दिया कि सीबीआई को जांच पूरी करने के लिए एक निश्चित समय सीमा निर्धारित की जानी चाहिए। रोहित पवार ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री के लिए एक औपचारिक पत्र तैयार कर लिया है और सबूतों के साथ इसे सौंपने के लिए उनसे मिलने का समय मांगेंगे। उन्होंने कहा, ÷प्रति केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और डीजीसीए को भेजी जा चुकी है। 70 प्रतिशत जानकारी अभी भी उनके द्वारा रोकी गई है। हम राजनीति नहीं करना चाहते; हमारी केवल यही मांग है कि जांच ठीक से की जाए। रोहित पवार ने ब्लैक बॉक्स को हुए नुकसान की सीमा के संबंध में सबूत होने का दावा किया। उन्होंने दोहराया कि अगर जांच महज औपचारिकता साबित हुई तो मराठी जनता चुप नहीं बैठेगी। राज्यसभा चुनावों के बारे में रोहित पवार ने शरद पवार के 60 साल के राजनीतिक करियर पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका अनुभव राज्य और देश दोनों के लिए फायदेमंद है।

कोटद्वार के मोहम्मद दीपक की दिल्ली में राहुल गांधी से मुलाकात

देहरादून। कोटद्वार के मोहम्मद दीपक ने दिल्ली में राहुल गांधी से मुलाकात की। इस दौरान राहुल गांधी गर्मजोशी के साथ दीपक के गले लगे। कोटद्वार पटेल मार्ग पर एक कपड़े की दुकान के नाम को लेकर उभरे विवाद के बीच मोहम्मद दीपक चर्चा में आया था। मामले में तब और तूल पकड़ा जब राहुल गांधी ने इसे लेकर ट्वीट किया। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संचार विभाग के सचिव वैभव वालिया के नेतृत्व में कोटद्वार के दीपक ने नेता विपक्ष राहुल गांधी से आज नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। वालिया ने कहा कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कोटद्वार के हमारे भाई दीपक कुमार को अपने आवास पर आमंत्रित कर उनसे आत्मीय मुलाकात की। दीपक कुमार जो अपने मानवीय कार्यों और इंसानियत की मिसाल के रूप में देशभर में पहचान बना चुके हैं, से राहुल गांधी ने स्नेहपूर्ण संवाद किया और उनका उत्साहवर्धन किया। यह मुलाकात केवल एक व्यक्ति का सम्मान नहीं, बल्कि समाज में मानवता, करुणा और सेवा भाव की भावना का सम्मान है। राहुल गांधी द्वारा दीपक कुमार जैसे प्रेरणास्रोत व्यक्तित्व को अपने घर पर आमंत्रित कर सम्मानित करना यह दर्शाता है कि कांग्रेस पार्टी सदैव उन लोगों के साथ खड़ी है जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने सीएए का जिक्र, घुसपैठ पर लगाम, राज्य के विकास के साथ कानून-व्यवस्था पर रखी बात

बस कुछ ही महीने में बंगाल का भाग्य सुनिश्चित हो जाएगा: मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के नागरिकों के नाम हिंदी और बांग्ला भाषा में एक खुला पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने CAA का जिक्र करते हुए घुसपैठ पर लगाम, राज्य के विकास, कानून-व्यवस्था और कल्याणकारी योजनाओं के मुद्दों पर अपनी बात रखी है। पीएम मोदी ने पत्र की शुरुआत जय मां काली के जयकारे के साथ की। उन्होंने लिखा- अब बस कुछ ही महीने में पश्चिम बंगाल का भाग्य सुनिश्चित हो जाएगा। आने वाली पीढ़ी का भविष्य किस दिशा में आगे बढ़ेगा, यह आपके सोचे-समझे फैसले पर निर्भर करता है। उन्होंने लिखा कि मेरे सोनार बंगाल के सपने देखने वाला हर एक जवान, बूढ़ा और महिलाएं आज बहुत पीड़ा में हैं। उनकी पीड़ा से आज मेरा हृदय भी व्यथित है। इसलिए, मैंने मन की गहराइयों से एक संकल्प लिया है, पश्चिम बंगाल को विकसित और समृद्ध बनाने का संकल्प। उन्होंने आगे लिखा- पिछले 11 वर्षों में देशवासियों के आशीर्वाद को ताकत बनाकर मेरी सरकार ने जनकल्याण और समग्र विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। किसानों के कल्याण से लेकर युवाओं के सपनों को साकार करने तक, और मातृशक्ति के सशक्तिकरण से लेकर समाज के हर वर्ग तक, हमारी नीतियों और निरंतर प्रयासों के सकारात्मक परिणाम आज साफ दिखाई दे रहे हैं।राज्य सरकार के असहयोग और विरोध के बावजूद, आज पश्चिम बंगाल के करीब 5 करोड़ लोग 'जन-धन योजना' के माध्यम से बैंकिंग व्यवस्था से जुड़े हैं। 'स्वच्छ भारत अभियान' के तहत राज्य में 85 लाख शौचालयों का निर्माण किया गया है। जब राज्य की सत्ताधारी पार्टी गरीबों का निवाला छीन रही है, तब हमने छोटे व्यापारियों और उद्यमियों को 2.82 लाख करोड़ रुपये का लोन देकर मदद का हाथ बढ़ाया है। 'अटल पेंशन योजना' के तहत 56 लाख वरिष्ठ नागरिकों को बुढ़ापे में आत्मनिर्भर बनाने का सौभाग्य मुझे मिला है। 'उज्ज्वला योजना' के माध्यम से 1 करोड़ से अधिक परिवारों को रसोई गैस देकर माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति दिलाकर मैं धन्य हूं। जो किसान पूरे देश का पेट भरते हैं, आज पश्चिम बंगाल में वही अन्नदाता अपने परिवार का पेट पालने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे कठिन परिस्थिति में 'किसान सम्मान निधि' के जरिए 52 लाख से अधिक किसानों को सीधे आर्थिक सहायता देकर उनके चेहरे पर मुस्कान लाकर, मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं। स्वतंत्रता के बाद पश्चिम बंगाल देश की अर्थव्यवस्था की दिशा तय करता था और औद्योगिक विकास में अग्रणी था। लेकिन आज इस गौरवशाली राज्य की जर्जर हालत देखकर मेरा मन व्यथित हो उठता है। पिछले छह दशकों के कुशासन और तुष्टिकरण की राजनीति के कारण पश्चिम बंगाल को जो अपूरणीय क्षति हुई है, उसे बयान नहीं किया जा सकता।स्वामी विवेकानंद और ऋषि अरविंद ने जिस बंगाल का सपना देखा था, वह आज वोट-बैंक की संकीर्ण राजनीति, हिंसा और अराजकता में जकड़ा हुआ है और यह हम सबके लिए अत्यंत पीड़ादायक है। पश्चिम बंगाल की धरती के सपूत नेताजी सुभाष चंद्र बोस के ÷आजादी के ललकार÷ ने कभी पूरे देश को प्रेरित किया था।आज उनकी ही पवित्र भूमि अवैध घुसपैठ और महिलाओं के खिलाफहिंसा से कलंकित है।

डॉक्टरों की योग्यता तय नहीं करती नीट पीजी परीक्षा

नई दिल्ली। नीट-पीजी 2025 के लिए क्वालिफाइंग पर्सेंटाइल कम किए जाने के फैसले का बचाव करते हुए केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि नीट पीजी न्यूनतम क्लिनिकल क्षमता का प्रमाण नहीं करता, बल्कि सीमित स्नातकोत्तर सीटों के आवंटन के लिए मेरिट सूची तैयार करने का माध्यम है। न्यूनतम योग्यता एमबीबीएस डिग्री से ही स्थापित हो जाती है।

मरीज सुरक्षा को लेकर उठे सवालों पर क्या जवाब दिया?

रोगी सुरक्षा को लेकर उठाई गई चिंताओं को 'भ्रामक' बताते हुए हलफनामे में कहा गया कि: पोस्टग्रेजुएट प्रशिक्षण तीन वर्ष का संरचित कार्यक्रम है।

प्रशिक्षण के दौरान उम्मीदवार वरिष्ठ संकाय और विशेषज्ञों की निगरानी में कार्य करते हैं।

अंतिम क्षमता का आकलन एमडी/एमएस परीक्षा में होता है, जहां सिद्धांत और प्रैक्टिकल दोनों में अलग-अलग न्यूनतम 50% अंक अनिवार्य हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और नेशनल मेडिकल कमीशन ने अनुमानित रिक्त सीटों की बड़ी संख्या को देखते हुए कटऑफ घटाने का निर्णय लिया। हलफनामे के अनुसारः शैक्षणिक सत्र 2025-26 में लगभग 70,000 पीजी सीटें उपलब्ध थीं।

2,24,029 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। ऑल इंडिया कोटा की 31,742 सीटों में से दूसरे राउंड के बाद 9,621 सीटें खाली रहीं।

नीट पीजी क्षमता नहीं, मेरिट तय करता है

केंद्र द्वारा दायर हलफनामे में कहा गया है कि नीट पीजी स्कोर सापेक्ष प्रदर्शन और परीक्षा की संरचना पर आधारित होता है। इसे किसी उम्मीदवार की क्लिनिकल अक्षमता का प्रमाण नहीं माना जा सकता। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी अभ्यर्थी लाइसेंस प्राप्त एमबीबीएस डॉक्टर हैं और स्वतंत्र रूप से प्रैक्टिस करने के पात्र हैं।

6,650 करोड़ रुपए के तीन एमओयू साइन 20 हजार से ज्यादा युवाओं को मिलेगा रोजगार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ सिंगापुर दौरे पर हैं। सोमवार को दौरे के पहले ही यूनिवर्सल सक्सेस ग्रुप ने प्रदेश में कुल 6,650 करोड़ रुपये के निवेश के लिए तीन एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। ये निवेश ग्रुप हाउसिंग, लॉजिस्टिक्स और हाइपरस्केल डेटा सेंटर जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में होंगे। इन तीनों परियोजनाओं से 20 हजार से अधिक रोजगार भी सृजित होंगे।

सीएम ने निवेशकों को प्रदेश की नीतिगत स्थिरता, बेहतर कनेक्टिविटी और तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक ढांचे से अवगत कराया। समूह को डेटा सेंटर स्थापना के लिए लखनऊ आने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार निवेशकों को हर स्तर पर सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में जेवर एयरपोर्ट के करीब 100 एकड़ भूमि पर अंतरराष्ट्रीय थीम आधारित टाउनशिप विकसित की जाएगी। इसमें 3,500 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। इसके आने से लगभग 12 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। इस परियोजना के 2027 में शुरू होने की संभावना है। कानपुर-लखनऊ हाईवे पर 50 एकड़ भूमि में लॉजिस्टिक्स पार्क स्थापित होगा। इसमें 650 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है।

सहकारिता मंत्री अमित शाह ने की 'भारत टैक्सी' के ड्राइवरों से खास बातचीत

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में भारत टैक्सी के ड्राइवरों के साथ संवाद किया। इन ड्राइवरों को सम्मानपूर्वक 'सारथी' नाम दिया गया है। अमित शाह के साथ इस विशेष संवाद को मंत्री के ऑफिशियल यू-ट्यूब चैनल पर प्रसारित किया गया। इस कार्यक्रम में उन्होंने टैक्सी चालकों के अनुभव सुने, उनकी समस्याएं जानीं और सहकारिता आधारित इस नए मोबिलिटी मॉडल के भविष्य के विजन पर चर्चा की। अमित शाह ने संवाद के दौरान स्पष्ट किया कि भारत टैक्सी का मुख्य उद्देश्य ड्राइवरों को केवल कर्मचारी तक सीमित न रखकर उन्हें व्यवसाय का मालिक बनाना है। विदेशी फंडेड प्राइवेट कैब एग्रीगेटर्स के विपरीत, भारत टैक्सी 'जीरो-कमीशन' और 'सर्ज-फ्री प्राइसिंग' मॉडल पर काम करती है। मंत्री ने बताया कि कमाई का 80% हिस्सा सीधे ड्राइवरों के बैंक खाते में जाएगा जबकि 20% हिस्सा प्लेटफॉर्म के विस्तार के लिए रिजर्व रखा जाएगा। वर्तमान में इसके पायलट प्रोजेक्ट को दिल्ली-एनसीआर और गुजरात में सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है। अमित शाह ने घोषणा की है कि अगले 3 वर्षों के भीतर 'कश्मीर से कन्याकुमारी तक' भारत टैक्सी को पूरे देश में रोलआउट किया जाएगा।

तेजस क्रैश: ग्राउंड पर मामूली तकनीकी खामी, पायलट सुरक्षित

नई दिल्ली। भारत के स्वदेशी फाइटर जेट- एलसीए तेजस के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबरों पर आज हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने आधिकारिक बयान दिया। हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने विमान के क्रैश होने संबंधी मीडिया रिपोर्ट्स पर कहा, कुछ खबरों ने तथ्यों को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा हुई है। कंपनी ने साफ किया है कि एलसीए तेजस विमान के किसी भी प्रकार के दुर्घटनाग्रस्त होने की कोई घटना नहीं हुई है। गौरतलब है कि एलसीए तेजस विमान का निर्माण एचएएल द्वारा किया गया है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में एलसीए तेजस विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की बात कही थी।

सोमवार को जारी बयान में एचएएल ने कहा, जिस घटना का उल्लेख किया जा रहा है वह उड़ान के दौरान नहीं, बल्कि जमीन पर घटित एक मामूली तकनीकी घटना थी। इसे नियमित रखरखाव और मानक संचालन प्रक्रियाओं के तहत तुरंत संभाल लिया गया। इस घटना से किसी प्रकार की बड़ी क्षति या जनहानि की कोई सूचना नहीं है। कंपनी का कहना है कि एलसीए तेजस दुनिया के समकालीन लड़ाकू विमानों में सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा रिकॉर्ड रखने वाले विमानों में शामिल है। यह स्वदेशी लड़ाकू विमान अत्याधुनिक तकनीक, उन्नत एवियोनिक्स और सख्त सुरक्षा मानकों के लिए जाना जाता है। एचएएल ने यह भी बताया कि मानक प्रक्रिया के तहत तकनीकी पहलुओं का गहन विश्लेषण किया जा रहा है। कंपनी इस मामले में भारतीय वायु सेना के साथ मिलकर काम कर रही है, ताकि किसी भी संभावित तकनीकी समस्या का शीघ्र और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।' कंपनी ने अपील की है कि बिना आधिकारिक पुष्टि के किसी भी प्रकार की अटकलें न लगाई जाएं और केवल प्रमाणित जानकारी ही प्रसारित की जाए। एचएएल ने दोहराया कि तेजस कार्यक्रम पूरी तरह सुरक्षित, विश्वसनीय और देश की सामरिक क्षमता को मजबूत करने वाला है। इस स्पष्टीकरण के साथ एचएएल ने स्पष्ट करने का प्रयास किया है कि एलसीए तेजस पूरी तरह सुरक्षित है और संचालन में कोई व्यवधान नहीं है। इससे पहले राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली से सामने आई जानकारी के अनुसार, भारतीय वायुसेना का एक तेजस हल्का लड़ाकू विमान 7 फरवरी को एक फ्रंटलाइन एयरबेस पर लैंडिंग के दौरान रनवे से आगे निकल गया। प्रारंभिक आशंका ब्रेक फेल होने की जताई गई।

सोना-चांदी के भाव में आई तेजी

मुंबई। देश में आज शेयर बाजार की मजबूती के साथ कीमती धातुओं में भी जोरदार तेजी देखने को मिली। BSE Sense& करीब 500 अंकों की बढ़त के साथ कारोबार कर रहा है। इसी सकारात्मक माहौल का असर रिटेल बाजार में भी दिखा, जहां सोने और चांदी की कीमतों में बड़ा उछाल दर्ज किया गया। बढ़ती कीमतों ने जहां खरीदारों की चिंता बढ़ाई है, वहीं निवेशकों के लिए यह मजबूत संकेत माना जा रहा है। रिटेल बाजार में 24 कैरेट सोना 10 ग्राम के लिए 1,60,270 रुपये तक पहुंच गया है। अगर ग्राम के हिसाब से देखें तो 1 ग्राम सोना 16,027 रुपये में मिल रहा है, जबकि 100 ग्राम का रेट 16,02,700 रुपये तक पहुंच चुका है। 22 कैरेट सोना 10 ग्राम के लिए 1,46,914 रुपये पर कारोबार कर रहा है। खास बात यह है कि एक साल पहले 24 कैरेट सोने की कीमत 86,240 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। इस तरह सिर्फ एक साल में करीब 86 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिसका सीधा असर आम लोगों के बजट पर पड़ रहा है। चांदी में भी जबरदस्त तेजी देखने को मिली है। 999 फाइन चांदी का रेट 2,68,970 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है, जबकि एक दिन पहले यह 2,53,270 रुपये पर थी। यानी एक ही दिन में 6 प्रतिशत से ज्यादा की छलांग लगी है। पिछले साल इसी समय चांदी 96,630 रुपये प्रति किलो थी। इस हिसाब से सालभर में करीब 178 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया है। वायदा बाजार में भी मजबूती का रुख बना हुआ है। Multi Commodity E&change of India (MCX) पर सोना 1,59,851 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 2,67,669 रुपये प्रति किलो के आसपास ट्रेड कर रही है। दिनभर के उतार-चढ़ाव से साफ है कि बाजार में खरीदारी का दबाव बना हुआ है अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी कीमती धातुओं में तेजी बनी हुई है। कॉमेक्स पर सोना करीब 5,183 डॉलर प्रति औंस और चांदी 87 डॉलर प्रति औंस के आसपास कारोबार कर रही है। वैश्विक बाजार में आई तेजी का सीधा असर भारतीय बाजार पर पड़ रहा है।

चीन ने अमेरिका से टैरिफ हटाने को कहा

मुंबई। वैश्विक व्यापार के लिए एक बड़े घटनाक्रम में, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रमुख टैरिफ नीति को बड़ा झटका देते हुए उनके व्यापक आयात शुल्क को अवैध करार दिया है। रूप से मान्य नए 15 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी है, जिससे दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापारिक तनाव फिर से गहराने की आशंका है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाया कि राष्ट्रपति ट्रंप ने पास 1977 के 'इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पॉवर्स एक्ट' के तहत लगभग सभी अमेरिकी व्यापारिक भागीदारों से आने वाले सामानों पर व्यापक आयात शुल्क लगाने का अधिकार नहीं है।

जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में खेलो इंडिया शीतकालीन खेल का उद्घाटन

जम्मू। उत्तरी-कश्मीर के बर्फीले इलाके में स्थित गुलमर्ग स्की रिसॉर्ट में सोमवार से खेलो इंडिया विंटर गेम्स का छठा संस्करण शुरू हो गया। इसके लिए देश भर से सैकड़ों एथलीट, अधिकारी और पर्यटक डेरा डाले हैं। उद्घाटन के मौके पर जम्मू-कश्मीर के खेल मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि क्षेत्र आतंकवाद का कड़ा मुकाबला करेगा और साथ ही पर्यटन और खेलों को विकास के प्रमुख चालकों के रूप में बढ़ावा देना जारी रखेगा। यह आयोजन चुनौतियों के बीच जम्मू और कश्मीर के लचीलेपन और आत्मविश्वास को दर्शाता है। गुलमर्ग में खेलो इंडिया शीतकालीन खेल के उद्घाटन समारोह में शर्मा ने कहा कि यह आयोजन चुनौतियों के बीच जम्मू और कश्मीर के लचीलेपन और आत्मविश्वास को दर्शाता है। हाल ही में हुई पहलगाम घटना का जिक्र करते हुए मंत्री ने कहा कि ऐसे कृत्य शांति, पर्यटन और खेलों के माध्यम से युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के प्रयासों को पटरी से नहीं उतारेंगे। हम चुनौतियों का सामना करने के लिए काफी मजबूत हैं। पर्यटन फलेगा-फूलेगा और खेल पर्यटन लगातार बदलाव लाएंगे। खेलों के छठे संस्करण की मेजबानी को सम्मान बताते हुए शर्मा ने कहा कि गुलमर्ग एक प्रमुख शीतकालीन खेल केंद्र के रूप में उभरा है जो देश भर से खिलाड़ियों और आगंतुकों को आकर्षित करता है।

उदयपुर में रश्मिका-विजय की शाही शादी, 26 को लेंगे सात फेरे

उदयपुर। फिल्म एक्टर विजय देवराकोंडा और एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना 26 फरवरी को उदयपुर में शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। शादी से तीन दिन पहले सोमवार को दोनों उदयपुर एयरपोर्ट पहुंचे, जहां से वे सीधे होटल के लिए रवाना हो गए। आयोजन को निजी रखा गया है और इसमें सीमित मेहमानों को ही आमंत्रित किया गया है। शादी का आयोजन उदयपुर-नाथद्वारा हाईवे स्थित कैलाशपुरी के आईटीसी मोमेंटोज उदयपुर में किया जाएगा। होटल में 24, 25 और 26 फरवरी के लिए बुकिंग की गई है। जानकारी के अनुसार, कुल 230 मेहमान समारोह में शामिल होंगे और उनके लिए होटल के सभी 117 कमरे आरक्षित किए गए हैं। सभी मेहमान 24 फरवरी को होटल में चेक-इन करेंगे। समारोह को पूरी तरह प्राइवेट सेरेमनी के रूप में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें केवल परिवार और करीबी मित्र शामिल होंगे। इसके लिए एक विशेष सिक्योरिटी एजेंसी को भी नियुक्त किया गया है। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वेडिंग कार्ड वायरल हुआ, जिसमें उल्लेख था कि परिवार के आशीर्वाद से रश्मिका और विजय 26.02.26 को छोटे और निजी समारोह में विवाह करेंगे।

दुर्ग-बिलासपुर और गोंदिया स्टेशन से होली पर चलेंगी स्पेशल ट्रेनें, यात्रियों को मिलेगी कंफर्म बर्थ

रायपुर/नवप्रदेश। प्रमुख होली पर्व पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे ने विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा दुर्ग, बिलासपुर और गोंदिया जैसे प्रमुख स्टेशनों से 14 फेरों में होली स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। दुर्ग-हजरत निजामुद्दीन-दुर्ग होली स्पेशल 1 व 2 मार्च को दुर्ग से और 2 व 3 मार्च को वापसी में चलेगी। गोंदिया-छपरा-गोंदिया स्पेशल 1-3 मार्च और 2-4 मार्च को संचालित होंगी। दुर्ग-मधुबनी-दुर्ग स्पेशल 1 व 2 मार्च को चलेगी।

गोंदिया-पटना-गोंदिया स्पेशल 2 व 3 मार्च को और बिलासपुर-चर्लपल्ली-बिलासपुर स्पेशल 27 व 28 फरवरी को चलाई जाएगी। गोंदिया-बरौनी और दुर्ग-नौतनवा रूट बदलकर चलेंगी 25 फरवरी को दो ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। ट्रेन संख्या 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस चुनार प्रयागराज फाफामऊ जंघई-जौनपुर होकर बरौनी जाएगी। वहीं ट्रेन संख्या 18201 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस मानिकपुर-प्रयागराज-मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-सुल्तानपुर-अयोध्या धाम-गोरखपुर मार्ग से नौतनवा पहुंचेगी।

शालीमार-एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 की सुविधा

ट्रेन संख्या 18030/18029 शालीमार-एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा अस्थाई रूप से की गई है। यह सुविधा 21 से 27 फरवरी तक शालीमार से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस में उपलब्ध रहेगी। इसी प्रकार 23 से 28 फरवरी और 1 मार्च को एलटीटी से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में उपलब्ध रहेगी।

न्यूज गैलरी

शेयर बाजार में मुनाफे का झांसा देकर, युवक से 12.25 लाख ठगे

रायपुर/नवप्रदेश। शेयर बाजार में अधिक मुनाफे का लालच देकर 12.25 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। टिकरापारा थाना पुलिस ने शिकायत पर अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक विजय कुमार तिवारी को 12 से 23 जनवरी 2026 के बीच मोबाइल नंबर 9453364116 से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को शेयर मार्केट एक्सपर्ट बताया और कम समय में ज्यादा रिटर्न का दावा किया। आरोपी ने एक लिंक भेजकर रजिस्ट्रेशन कराया और अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए 12.25 लाख रुपए निवेश करा लिए। शुरुआत में फर्जी स्टेटमेंट और स्क्रीनशॉट भेजकर मुनाफा दिखाया गया। रकम निकालने पर आरोपी टालमटोल करता रहा और बाद में फोन बंद कर दिया। ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई।

5 से 15 साल के बच्चों का आधार अपडेट अनिवार्य, सेंटरों में बढ़ी भीड़

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्र सरकार के निर्देश के बाद छत्तीसगढ़ में 5 से 15 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों का आधार कार्ड अपडेट कराना अनिवार्य कर दिया गया है। इस संबंध में शासकीय और निजी स्कूलों द्वारा लगातार अभिभावकों को सूचित किया जा रहा है कि वे अपने बच्चों का आधार अपग्रेड अवश्य करवा लें। आधार अपडेट नहीं होने की स्थिति में बच्चों को शासकीय योजनाओं का लाभ मिलने में परेशानी हो सकती है। साथ ही उनका अपार आईडी नंबर भी जनरेट नहीं हो पाएगा। निर्देश जारी होने के बाद शहर के विभिन्न आधार केंद्रों में बच्चों और उनके अभिभावकों की भीड़ बढ़ गई है। बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन ने लोगों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। शहर के कई वार्डों में आधार कार्ड अपग्रेडेशन शिविर लगाए गए हैं, ताकि अभिभावकों को दूर नहीं जाना पड़े। इसके अलावा कलेक्टोरेट परिसर और नगर निगम के सभी जोन कार्यालयों में संचालित लोक सेवा केंद्रों को भी आधार अपग्रेडेशन का कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। इस कार्य के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जिससे प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके। वहीं मुख्य डाकघर सहित प्रमुख बैंकों की चयनित शाखाओं में भी आधार अपडेट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इनमें स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बरोड़ा, बैंक ऑफ इंडिया और पंजाब नेशनल बैंक शामिल हैं।

नाबालिग जोड़े को भागने में मदद करने वाले पति-पत्नी गिरफ्तार

डोंगरगांव/नवप्रदेश। नगर के नाबालिक बच्ची को उकसाकर एक विधि से संघर्षरत बालक के साथ भगाने और दो दिनों तक उन्हें शरण देने के लिए पुलिस ने सख्त कार्यवाही करते हुए पाक्सो की धाराओं के तहत पति-पत्नी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कराया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 31 जनवरी को 14 वर्षीय युवती की गुमशुदगी का रिपोर्ट उनके परिजनों व्दारा दर्ज कराया गया था। जिसके बाद डोंगरगाँव पुलिस ने गहन पड़ताल कर पता लगाया कि उक्त युवती को शहर के ही एक 17 वर्षीय युवक व्दारा ले जाया गया था, जिसका पूर्ण सहयोग पीयुष यादव ने किया जो कि अपने मोटर साईकिल क्रमांक सीजी08 एनसी 4564 से अपने वर्तमान निवास अंबागढ़ चौकी ले गया और दो दिनों तक अपने घर में दोनों युवक-युवती को शरण दिया। बता दें कि पीयुष यादव पूर्व में उक्त नाबालिक युवती का पूर्व पड़ौसी था और पुलिस उसे काफी अच्छे से जानता था बावजूद इसके उसने पुलिस को सूचना देना उचित नहीं समझा। इधर डोंगरगाँव खोजबीन पश्चात दोनों युवक-युवती को पीयुष यादव के निवास से पकड़ा और आरोपी युवक के साथ पीयुष यादव 21 वर्ष और उसकी पत्नि खिलेश्वरी के विरूद्ध पाक्सो अधिनियम 2012 की धारा 17 व 21 एवं बीएनएस 3 (5) की धारा के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है।

हत्या का प्रयास, नाबालिग गिरफ्तार

भिलाईनगर/नवप्रदेश। ग्रामीण एएसपी मणिशंकर चन्द्रा ने बताया कि 22 फरवरी को प्रार्थी रितिक चौधरी (18 वर्ष) निवासी संतोषी पारा यादव मोहल्ला कैम्प-02 ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि जनता स्कूल के पीछे मार्ग में एक नाबालिग ने उसे रोककर नशा सेवन के लिए पैसे की मांग की। पैसे नहीं देने पर गाली-गलौज करते हुए उसके सीने पर धारदार हथियार से वार किया। रिपोर्ट पर थाना छावनी में धारा 119 (1), 109 बी। एन। एस। के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पेट्रोलिंग एवं त्वरित कार्रवाई के दौरान नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया है।

सेल में नए श्रम कानूनों को लागू करने की तैयारी शुरू

भिलाईनगर/नवप्रदेश। भारत सरकार द्वारा नए श्रम कानून का अध्यादेश जारी करने के बाद देश के सभी निजी तथा सार्वजनिक क्षेत्र के नियोक्ताओं द्वारा अपने अपने संस्थानों में श्रम कानून को लागू करने की तैयारी शुरु कर दिया गया है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय उपरोक्त कानूनो को 01 अप्रैल 2026 से पूरे देश में लागू करने जा रहा है । इसके तहत सेल प्रबंधन द्वारा अपने सभी यूनिटों में भी लागू करने की प्रारंभिक तैयारी शुरु कर दिया गया है। सेबी को लिखे पत्र में सेल प्रबंधन ने सूचित किया है कि केंद्र सरकार तथा विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा लागू किए गए विशेष उपबंधो का अध्ययन करने के बाद लागू किया जायेगा। उपरोक्त कानूनों के लागू होने के उपरांत पड़ने वाले वित्तीय प्रभावों का आकलन सेल प्रबंधन द्वारा बाद में किया जायेगा। नए श्रम कानूनों का ठेका श्रमिकों पर यह होगा असर- सभी ठेका श्रमिकों को नियुक्ति पत्र देना अनिवार्य किया गया है। सभी ठेका श्रमिकों को अनिवार्य रुप से वेतन पर्ची देना है। सभी ठेका श्रमिकों को दैनिक उपस्थिति के हिसाब से वेतन भुगतान अनिवार्य करना है।

प्लेटफॉर्म ऊंचाई और ट्रैक पैकिंग में कमी, फिलहाल 40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार की अनुमति

सीआरएस सर्वे में टीम को मिली खामियां रायपुर-कुरूद रेल सेवा शुरू होने में देरी

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर से कुरूद तक प्रस्तावित रेल सेवा शुरू होने के लिए यात्रियों को अभी और इंतजार करना पड़ेगा। कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी (सीआरएस) की टीम ने अभनपुर-कुरूद रेल लाइन और स्टेशनों के निरीक्षण के दौरान कई तकनीकी खामियां पाई हैं, जिनके सुधार के बाद ही नियमित संचालन को मंजूरी मिल सकेगी।

सीआरएस टीम की जांच में सामने आया कि कुरूद स्टेशन के प्लेटफॉर्म की ऊंचाई 86 सेमी पाई गई, जबकि मानक 84 सेमी निर्धारित है। प्लेटफॉर्म की अधिक ऊंचाई के कारण यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने और उतरने में दिक्कत हो सकती है। इसके अलावा ट्रैक पर कई स्थानों पर गिट्टी की पैकिंग समान नहीं मिली, जिससे पटरियों की स्थिरता प्रभावित होने की आशंका है। टीम ने स्टेशन और ट्रैक से जुड़ी कमियों को प्राथमिकता से दूर करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों के अनुसार, सुधार कार्य पूरा कर रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को भेजी जाएगी। बोर्ड से हरी झंडी मिलने के बाद इस रूट पर 100 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से ट्रेन संचालन संभव होगा। फिलहाल सीआरएस ने स्पष्ट किया है कि सुधार पूर्ण होने तक इस मार्ग पर अधिकतम 40 किमी प्रतिघंटा की गति से ही ट्रेन चलाई जा सकती है।

20 लाख लोगों को होगा लाभ

धमतरी से नवा रायपुर, केंद्री और अभनपुर तक ट्रेन सेवा शुरू होने से करीब 20 लाख लोगों को सीधा फायदा मिलने की उम्मीद है। वर्तमान में धमतरी से रायपुर आने-जाने के लिए यात्रियों को बस से सफर करना पड़ता है, जिसका एकतरफा किराया लगभग 120 रुपये तक है और सड़क मार्ग से ढाई घंटे तक का समय लग जाता है। ट्रेन सेवा शुरू होने पर किराया कम होने के साथ यात्रा समय में भी उल्लेखनीय कमी आएगी।

धमतरी तक कार्य प्रगति पर

कुरूद से धमतरी तक 22 किमी लंबे खंड में निर्माण कार्य जारी है। जमीन संबंधी कार्य पूरा हो चुका है और आगे पटरी बिछाने का काम चल रहा है। धमतरी में स्टेशन निर्माण भी प्रगति पर है। रेलवे ने इस परियोजना को मार्च 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा था, हालांकि वर्तमान में कार्य लगभग दो महीने पीछे चल रहा है। सीनियर डीसीएम रायपुर अवधेश कुमार त्रिवेदी ने बताया कि सीआरएस टीम द्वारा बताए गए सभी बिंदुओं पर चर्चा कर आवश्यक सुधार तेजी से किए जा रहे हैं और सुरक्षा मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

अन्य स्टेशनों पर भी कमियां

सीआरएस टीम को चटौद और सिरी स्टेशनों पर भी यात्री सुविधाओं से जुड़ी खामियां मिलीं। इन स्टेशनों पर टिकट काउंटर, पेयजल, शेड और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि संचालन शुरू होने के बाद यात्रियों को असुविधा न हो।

मार्च से संचालन की थी योजना

रायपुर से धमतरी तक छोटी लाइन हटाकर ब्रॉडगेज लाइन बिछाने की योजना के तहत पहले रायपुर-नवा रायपुर और रायपुर-अभनपुर खंड पर ट्रेन सेवाएं शुरू की गईं। अब इस सेवा को कुरूद तक विस्तार देने की तैयारी थी। सीआरएस सर्वे के बाद मार्च से संचालन की योजना बनाई गई थी, लेकिन तकनीकी सुधारों के कारण इसमें लगभग दो महीने की देरी संभावित है।

एनएच-53 पर लाभांडी-सरोना सर्विस रोड होगी 10 मीटर चौड़ी

■ नई नालियों का निर्माण भी होगा, ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में ट्रैफिक जाम से राहत दिलाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-53 पर लाभांडी से सरोना तक सर्विस रोड का चौड़ीकरण किया जाएगा। एनएचएआई ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना को मंजूरी दे दी है। लगभग 100 करोड़ रुपए की लागत से 14.25 से 15 किलोमीटर लंबी सर्विस लेन को 10 मीटर चौड़ा किया जाएगा।

परियोजना के तहत सर्विस रोड के दोनों किनारों पर नई नालियों का निर्माण भी किया जाएगा, जिससे जल निकासी की समस्या दूर होगी। खास बात यह है कि इस चौड़ीकरण के लिए किसी भी प्रकार के भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, क्योंकि सड़क के दोनों ओर एनएचएआई के पास पहले से पर्याप्त जमीन उपलब्ध है।

बिजली खंभों की शिफ्टिंग के बाद शुरू होगा काम: निर्माण कार्य शुरू करने से पहले सर्विस लेन में लगे बिजली खंभों को हटाया और शिफ्ट किया जा रहा है। यह कार्य छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। खंभों की शिफ्टिंग पूरी होते ही एनएचएआई सिविल वर्क शुरू कर देगा।

इन इलाकों को होगा सीधा फायदा: इस सड़क चौड़ीकरण से लाभांडी, तेलीबांधा, पचपेड़ी नाका, संतोषी नगर, बस स्टैंड और सरोना जैसे हाईवे से सटे क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। वर्तमान में इस मार्ग पर 24 घंटे भारी वाहनों का दबाव रहता है, जिससे अक्सर जाम की स्थिति बनती है।

सर्विस लेन की चौड़ाई दोगुनी होने से स्थानीय व्यापारियों को लोडिंग-अनलोडिंग और पार्किंग में सुविधा मिलेगी, वहीं रोजाना आने-जाने वाले हजारों वाहन चालकों का समय भी बचेगा।

सर्विस रोड पर बेजा कब्जे की समस्या

एनएच-53 पर लाभांडी से सरोना तक सर्विस रोड पर अवैध पार्किंग और बेजा कब्जे की समस्या भी बनी हुई है। सड़क की हालत खराब होने के कारण इसका समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है। चौड़ीकरण और नाली निर्माण के बाद इस समस्या में भी सुधार की उम्मीद है। एनएचएआई छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय अधिकारी प्रदीप कुमार लाल ने बताया कि एनएच-53 पर लाभांडी से सरोना चौक तक सर्विस रोड चौड़ीकरण को मंजूरी मिल चुकी है और बिजली खंभों की शिफ्टिंग के बाद निर्माण कार्य जल्द शुरू कर दिया जाएगा।

अरहर, चना, मसूर और सरसों की फसल बेचने किसान करा सकते हैं पंजीयन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम- आशा) योजना अंतर्गत प्राइस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस) में किसानों का पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल एवं ई-समृद्धि पोर्टल पर किया जा रहा है। योजना अंतर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली एवं सोयाबीन तथा रबी विपणन वर्ष 2026-27 में चना, मसूर एवं सरसों फसल की बुवाई करने वाले कृषकों का पंजीयन का कार्य किया जा रहा है।

जिले में प्राथमिक कृषि सहकारी समिति के 15 उपार्जन केन्द्रों तथा एक एफपीओ स्वर्ण उपज महिला किसान उत्पादक प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड सुकुलदैहान को अधिसूचित किया गया है। जिनमें घुमका, पदुमतरा, सोमनी, छुरिया, डोंगरगांव, कुमरदा, गैंदाटोला, गहिराभेड़ी, तुमड़ीबोड,

कोकपुर, खुर्सीपार, डोंगरगढ़ अछोली, मुसरा, मोहारा एवं लाल बहादुर नगर शामिल हैं। राज्य सरकार द्वारा नाफेड के माध्यम से दलहन एवं तिलहन फसलों की खरीदी की जा रही है। जिसके लिए समर्थन मूल्य सोयाबीन 5328 रूपए प्रति क्विंटल, अरहर 8000 रूपए प्रति क्विंटल तथा चना 5875 रूपए प्रति क्विंटल, मसूर 7000 रूपए प्रति क्विंटल एवं सरसों 6200 रूपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। कृषक अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के माध्यम से संबंधित सेवा सहकारी समिति में आवेदन पत्र के साथ ऋण पुस्तिका, बी-1, पी-2, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति जमा कर पंजीयन करा सकते हैं।

बीएसपी प्रबंधन के विरोध में 22 मार्च को विधायक करेंगे पैदल मार्च

भिलाईनगर/नवप्रदेश। भिलाई इस्पात संयंत्र में हाउस लीज और रिटायर्ड कर्मियों के परमानेंट सेटलमेंट को लेकर भिलाई नहीं बिकने देंगे के संकल्प को लेकर लगातार आंदोलन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को सेक्टर 2 स्थित शक्ति सदन में जन संवाद हुआ।

कार्यक्रम में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन दो माह बाद भी हाउस लीज और रिटेंशन स्कीम की दरों में वृद्धि से संबंधित आदेश को वापस नहीं लिया है। प्रबंधन द्वारा रिटेंशन के तहत आवंटित आवास को लटकाया जा रहा है। जबकि दिसंबर में प्रबंधन ने 15 दिनों के अंदर हाउस लीज एवं रिटेंशन स्कीम की बढ़ी हुई किराये की दर पर उचित निर्णय लेने की बात कही थी, परंतु अब तक प्रबंधन कोई निर्णय नहीं लिया है।

मनरेगा रैली की रणनीति पर मंथन करेंगे प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, दिग्गज नेताओं के साथ होगी बैठक

पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी और जिला अध्यक्षों को सौंपे जाएंगे टॉस्क

रायपुर/नवप्रदेश। मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित कांग्रेस की राष्ट्रीय रैली को लेकर संगठन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी के प्रभारी महासचिव सचिन पायलट 24 फरवरी के बाद राजधानी रायपुर पहुंचकर रैली की रणनीति पर मंथन करेंगे। सूत्रों के मुताबिक पायलट राजीव भवन में पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की अहम बैठक लेंगे, जिसमें वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के साथ रैली की रूपरेखा और जिम्मेदारियों पर चर्चा होगी। इसके अलावा वे प्रदेश के सभी जिला अध्यक्षों के साथ अलग से बैठक कर उन्हें आवश्यक टॉस्क सौंपेंगे, ताकि रैली को सफल और व्यापक बनाया जा सके।

कुरूद में करेंगे स्थल निरीक्षण: बैठकों के बाद प्रभारी महासचिव धमतरी जिले के कुरूद विधानसभा क्षेत्र का दौरा भी करेंगे। यहां रैली और आमसभा के लिए चिन्हित दो से तीन संभावित स्थलों का निरीक्षण किया जाएगा। अंतिम स्थल चयन पर मुहर खुद पायलट लगाएंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आयोजन के लिए कुरूद को उपयुक्त माना है।

बड़े नेताओं की मौजूदगी, 50 हजार की तैयारी: पार्टी सूत्रों के अनुसार, प्रस्तावित राष्ट्रीय रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के शामिल होने की संभावना है। इसे देखते हुए आयोजन को भव्य स्वरूप देने की तैयारी की जा रही है। रैली में प्रदेश भर से करीब 50 हजार लोगों की भीड़ जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। धमतरी से लगे सात-आठ जिलों की संगठनात्मक इकाइयों पर अधिक जिम्मेदारी होगी। पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में अंतिम लक्ष्य और रणनीति को लेकर निर्णय लिया जा सकता है।

सड़क संरचना: भारतमाला परियोजना से जुड़ेगा बिलासपुर, डीपीआर तैयार करने का काम शुरू

आरंग-दर्री के बीच बनेगी नई 6 लेन सड़क

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य में सड़क अवसंरचना को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए आरंग (रायपुर) से दर्री (बिलासपुर) के बीच 95 किलोमीटर लंबी नई 6 लेन सड़क बनाई जाएगी। यह सड़क भारतमाला परियोजना का हिस्सा होगी और बिलासपुर को सीधे राष्ट्रीय आर्थिक कॉरिडोर से जोड़ेगी। परियोजना को केंद्र सरकार की मंजूरी मिल चुकी है और फिजिबिलिटी रिपोर्ट व डीपीआर तैयार करने का काम शुरू कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कुछ माह पहले केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी से मुलाकात कर इस

प्रस्ताव पर चर्चा की थी। इसके बाद अधिकारियों को आरंग-दर्री के बीच 6 लेन सड़क के लिए डीपीआर शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए गए।

रायपुर-बिलासपुर मार्ग होगा 8 लेन: वर्तमान में रायपुर से सिमगा तक 6 लेन और सिमगा से बिलासपुर तक 4 लेन सड़क का निर्माण हो चुका है। अब रायपुर से सिमगा तक 6 लेन सड़क को 8 लेन तथा सिमगा से आगे बिलासपुर तक 4 लेन को 6 लेन में अपग्रेड करने का प्रस्ताव है। इस संबंध में एनएचएआई ने प्रस्ताव दिल्ली मुख्यालय भेज दिया है। डीपीआर स्वीकृत होने के बाद टेंडर जारी कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

भारतमाला से सीधा कनेक्शन

प्रस्तावित 6 लेन ग्रीन फील्ड सड़क भारतमाला परियोजना के रायपुर-बिलासपुर-पत्थलगांव-कुनकुरी-धनबाद कॉरिडोर का हिस्सा होगी। इसके निर्माण के बाद बिलासपुर सीधे रायपुर-विशाखापट्नम इकॉनामिक कॉरिडोर और दुर्ग-रायपुर बायपास से जुड़ जाएगा। इससे औद्योगिक, कृषि और शैक्षिक क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी तथा भविष्य में बढ़ते यातायात दबाव के लिए वैकल्पिक मार्ग भी उपलब्ध होगा। एनएचएआई छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय अधिकारी प्रदीप कुमार लाल ने बताया कि आरंग-दर्री 6 लेन सड़क के लिए कंसल्टेंसी नियुक्त कर दी गई है और डीपीआर तैयार किया जा रहा है। रायपुर-बिलासपुर मार्ग के उन्नयन का कार्य भी समानांतर रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है।

पांच फ्लाईओवरों का प्रस्ताव

राजधानी रायपुर में ट्रैफिक जाम कम करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर टाटीबंध से तेलीबांधा के बीच चार ग्रेड सेपरेटर फ्लाईओवर-सरोना चौक, उद्योग भवन चौक, अग्रसेनधाम चौक और तेलीबांधा चौक बनाने की योजना है।

संडे बाजार में अवैध कब्जाधारियों का सामान जब्त

भिलाईनगर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम भिलाई ने रविवार को शहर के व्यस्ततम क्षेत्र सुपेला चौक से संडे बाजार, गदा चौक तक अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी बेदखली कार्रवाई की। मुख्य मार्ग और फुटपाथ को बाधित करने वाले दुकानदारों और ठेला संचालकों का भारी मात्रा में सामानों को जब्त किया। इस बड़ी कारवाई को अंजाम देने के लिए राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग और तोड़फोड़ दस्ते की संयुक्त टीम गठित की गई थी। सुपेला थाने के पुलिस बल की मौजूदगी में सुबह से ही टीम ने गदा चौक क्षेत्र की घेराबंदी कर दी थी। संडे बाजार के कारण सुपेला चौक से गदा चौक तक सड़कों पर अत्यधिक दबाव रहता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com